
हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार
28.02.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 28
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# प्रयागराज महाकुंभ समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा भावपूर्ण ब्लॉग

## ये एकता का महाकुंभ था, अगर हमसे कमी रह गई है तो मां गंगा व जनता हमें माफ करे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रयागराज में बुधवार को अंतिम स्नान के बाद महाकुंभ का समापन हो गया। महाकुंभ समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ब्लॉग लिखा और उसे अपनी वेबसाइट पर साझा किया है। इस विशाल आयोजन को लेकर पीएम मोदी ने लिखा कि ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में आकर जुड़ गई थी। पीएम मोदी ने सीएम योगी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया है। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं। महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हो गया है जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वह प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन रोज, मैंने देखा कैसे देश के कोने-कोने से लाखों लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी के तट पर त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पहले से सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। मैं वह तस्वीरें भूल नहीं सकता...स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित और समर्पित भी है। इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वह भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। महाकुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ में स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं ज्यादा संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए अंदाजा लगाया था लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया और डुबकी लगाई। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। साथियों, महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों और मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे। इसके बाद हर 6 साल में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था। 144 सालों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 सालों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है- विकसित भारत का। जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। हमें अब इसी आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है। भारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में हमारे संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई थी। विवेकानंद हों या श्री ऑरोबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था। इसकी अनुभूति गांधी जी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता, और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती, लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है। वेद से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर चलें। हम एकता के महामंत्र को जीवन मंत्र बनाएं, देश सेवा में ही देव सेवा, जीव सेवा में ही शिव सेवा के भाव से स्वयं को समर्पित करें। जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है। गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी हैं। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार नदी उत्सव जरूर मनाएं. ये एकता का महाकुंभ हमें इस बात की प्रेरणा देकर गया है कि हम अपनी नदियों को निरंतर स्वच्छ रखें, इस अभियान को निरंतर मजबूत करते रहें। मैं जानता हूं, इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा...जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का ही स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं। श्रद्धा से भरे जो करोड़ों लोग प्रयाग पहुंचकर इस एकता के महाकुंभ का हिस्सा बने, उनकी सेवा का दायित्व भी श्रद्धा के सामर्थ्य से ही पूरा हुआ है। यूपी का सांसद होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया है। केंद्र हो या राज्य हो, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। हमारे सफाईकर्मी, हमारे पुलिसकर्मी, नाविक साथी, वाहन चालक, भोजन बनाने वाले, सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम करके इस महाकुंभ को सफल बनाया है। विशेषकर, प्रयागराज के निवासियों ने इन 45 दिनों में तमाम परेशानियों को उठाकर भी जिस तरह श्रद्धालुओं की सेवा की है, वह अतुलनीय है। मैं प्रयागराज के सभी निवासियों का, यूपी की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार


### पहले उत्तर भारत अब पूर्वोत्तर में डोली धरती, असम में 5 की तीव्रता वाला आया भूकंप



**गोवाहाटी।** उत्तर भारत में आए भूकंप का डर लोगों के मन से निकला नहीं था, और पूर्वोत्तर में धरती हिल गई। असम के असम के मोरीगांव इलाके में गुरुवार की सुबह 2.25 बजे तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। तेज झटकों से धरती कांप उठी। कंपन इतना तेज था कि लोग मारे डर के घरों में बाहर निकलकर भागे। भूकंप के इन झटकों के कुछ घंटे बीतने के बाद भी स्थानीय लोग दहशत में हैं।रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5 मापी गई है। गुरूवार तड़के असम में आए भूकंप में राहत की बात यह है कि अभी तक किसी भी तरह के जान और माल के नुकसान की खबर नहीं आई है। बता दें कि 5 तीव्रता वाले भूकंप को मॉडरेट ही माना जाता है। इतनी तीव्रता वाले भूकंप में घर के अंदर की चीजें हिलने लगती हैं, खड़खड़ाहट की आवाज होती है और मामूली नुकसान होने की संभावना होती है, लेकिन यह ज्यादा खतरनाक नहीं होता है। इस साल के पहले माह से ही राजधानी दिल्ली से लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में भूकंप के झटके लगे हैं। राजधानी दिल्ली में बीते 17 फरवरी को भयानक भूकंप ने दस्तक दी।राजधानी में तब लोग सुबह के अलार्म से नहीं बल्कि डर और दहशत से जागे थे क्योंकि तब उनका बेड तेजी से हिलने लगा, खिड़कियां और दरवाजे आवाज करने लगे। राजधानी दिल्ली में बीते 17 फरवरी को सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर यह झटके महसूस किए गए थे।रिक्टर स्केल पर उस भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी।

### अमित शाह ने चंद्रशेखर आजाद को बलिदान दिवस पर किया नमन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। शाह ने आज सुबह एक्स हैंडल पोस्ट पर मां भारती के अजेय सपूत आजाद को याद करते हुए नमन किया। गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, '' मां भारती के अजेय सपूत चंद्रशेखर आजाद जी ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि मातृभूमि के प्रति कर्तव्यों की कोई सीमा नहीं होती। युवाओं को आजादी के आंदोलन में सक्रियता से जोड़कर ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड़ाने वाले आजाद जी के बलिदान ने आजादी की चिंगारी को महाज्वाला बना दिया। अमर बलिदानी और महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटिशः नमन।''




# नोएडा में बनेगा एक करोड़ वर्ग फिट का ॐ, इसे अंतरिक्ष से भी दिख सकेंगे



नोएड। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी प्रस्तावित है। पहला चरण 230 एकड़ और दूसरा चरण 670 एकड़ में बनना है। फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली कंपनी भूटानी इंफ्रा के सीईओ आशीष भूटानी ने हिन्दुस्तान को बताया कि फिल्म सिटी के दूसरे चरण में 250 एकड़ में ॐ बनाया जाएगा। यह ॐ का प्रतीक इतना बड़ा होगा कि इसे अंतरिक्ष से भी देखा जा सकेगा। अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के लिए निर्माणकर्ता कंपनी गुरुवार को जमीन का कब्जा ले रही है। बोनी कपूर अपनी बेटी व बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और सीईओ आशीष भूटानी के साथ जेवर पहुंचकर कब्जा लेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने पहले चरण के लिए जमीन की घेराबंदी के साथ ही किसानों की फसल को हटवा दिया है। बुधवार को दिनभर बुलडोजर और हैवी रोलर के जरिए भूमि की सफाई और उसे समतल करने का कार्य हुआ। मार्च में इसकी नींव रखने की तैयारियां चल रही हैं। प्रस्तावित फिल्म सिटी के बोर्ड लगा दिए गए हैं। यह फिल्म सिटी का मुख्य आकर्षण होगा और इसी धार्मिक मॉडल पर फिल्म सिटी का निर्माण होगा। अंतरिक्ष से दिखाई देने वाला यह दुनिया का तीसरा स्थान होगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जलाशयों और कृत्रिम नहरों का भी निर्माण किया जाएगा। इनमें स्टीमर, याट और आकर्षक नाव चलेंगी।भूटानी इंफ्रा के सीईओ आशीष भूटानी ने बताया कि यह फिल्म सिटी दुनिया की सबसे आधुनिक, सबसे बड़ी और तकनीकि रूप से सबसे आगे रहने वाली होगी। इसका नक्शा 21 देशों का भ्रमण करने के बाद तैयार किया गया। इसका पूरा डिजाइन कनाडियन कंपनी फोरेक ने बनाया है। यह वही कंपनी है, जिसने यूनिवर्सल स्टूडियो और डिजनीलैंड को डिजाइन किया है।

# नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री मैसिमिनो ने की पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों से बातचीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



नासा के के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने गुरुवार को दिल्ली कैंट स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान मैसिमिनो ने विद्यालय की सुविधाओं का भी जायजा लिया, जिसमें एआर-वीआर लैब, अटल टिंकरिंग लैब, भाषा प्रयोगशाला आदि शामिल हैं। छात्रों से बातचीत के दौरान मैसिमिनो ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की प्रशंसा की। उन्होंने न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय के लिए इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैसे यह उपलब्धि वहां बसने के लिए आवश्यक जल स्रोतों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया। मैसिमिनो ने बताया कि कैसे 7 अंतरिक्ष यात्रियों पर आधारित एक फिल्म ने उन्हें अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए प्रेरित किया। छात्रों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण, अंतरिक्ष यात्राओं में भोजन आदि के बारे में उनके सवालों के जवाब दिए। अपने व्यक्तिगत अनुभवों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अंतरिक्ष में जीरो ग्रेविटी के साथ तालमेल बिठाया और उनके सोने की व्यवस्था, काम करने के लिए कंसोल आदि के बारे में विस्तार से बताया। छात्र अंतरिक्ष अन्वेषण में एआई की भूमिका के बारे में उन्होंने बताया कि एआई प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करेगा, जिससे वे अधिक कुशल, किफायती और सुरक्षित बनेंगे। उन्होंने छात्रों को उन विषयों और कौशलों के बारे में सलाह दी जिन्हें उन्हें अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अंतरिक्ष यात्री के रूप में करियर बनाने की चुनौतियों और उनकी तैयारी के लिए आवश्यक प्रमुख विषयों के बारे में कई सवाल पूछे। मैसिमिनो ने मृदा विज्ञान और समुद्री जीव विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों की खोज के महत्व पर जोर दिया। उनके व्यावहारिक और अंतर्दृष्टि से परिपूर्ण उत्तरों ने छात्रों को उत्साहित करते हुए गहराई से प्रेरित किया। उन्होंने उनसे नासा में उनके द्वारा किए गए काम जुड़े सबसे चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट के बारे में भी पूछा और क्या निकट भविष्य में मंगल ग्रह पर मानव का बसना संभव होगा। उन्होंने बताया कि चंद्रमा पर रहना जल्द ही एक वास्तविकता बन सकता है, लेकिन मंगल ग्रह पर बसने में अभी भी तकनीकी चुनौतियों के कारण अधिक समय लगेगा, जिन्हें अभी भी दूर करने की आवश्यकता है।

## भारत में मेरी कोई जमीन नहीं, बिना वेतन के किया कामः सैम पित्रोदा

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भाजपा के 150 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन हड़पने के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में उनके पास कोई जमीन, घर या शेयर नहीं हैं और उन्होंने राजीव गांधी व मनमोहन सिंह के साथ बिना वेतन के काम किया। भाजपा नेता एनआर रमेश ने आरोप लगाया है कि सैम पित्रोदा ने बेंगलुरु में 12.35 एकड़ सरकारी जमीन अवैध रूप से कब्जा कर ली। इस संबंध में उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और कर्नाटक लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में में कहा है की 1996 में कर्नाटक वन विभाग ने औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए जराकबांडे कवल क्षेत्र में 12.35 एकड़ जमीन 5 साल के लिए पट्टे पर दी थी। 2001 में इस पट्टे को 10 साल के लिए बढ़ा दिया गया और 2011 में समाप्त हो गया। आरोप है कि 2011 के बाद भी इस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा बना रहा और वन विभाग ने इसे वापस लेने की कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा नेता रमेश ने ईडी से मामले में हस्तक्षेप करने और कथित जमीन हड़पने में शामिल लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। पित्रोदा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत में उनके नाम कोई संपत्ति नहीं है।

## संभल जामा मस्जिद मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, 3 सदस्यीय कमेटी होगी गठित



**इलाहाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि मस्जिद की रंगाई-पुताई तीन सदस्यीय कमेटी की देखरेख में कराई जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्देश दिया, जो मस्जिद की रंगाई-पुताई से जुड़े सभी कार्यों की निगरानी करेगी। कोर्ट का यह आदेश सुनिश्चित करेगा कि कोई विवाद या असहमति न हो और कार्य निष्पक्ष रूप से पूरा किया जाए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन जल्द ही तीन सदस्यीय कमेटी के सदस्यों के नाम घोषित करेगा। यह कमेटी सुनिश्चित करेगी कि सभी कार्य सही तरीके से और नियमों के अनुरूप पूरे किए जाएं।

**क्या है मामला?** : संभल की जामा मस्जिद को लेकर हाल ही में विवाद सामने आया था, जिसके बाद यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा। याचिकाकर्ताओं ने मस्जिद की रंगाई-पुताई और अन्य मरम्मत कार्यों को लेकर उचित प्रक्रिया अपनाने की मांग की थी। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने संतुलित फैसला सुनाया और कमेटी गठित करने का आदेश दिया।

# गंगाजल में पाए जाते है बैक्टीरियोफेज और निंजा वायरसः अध्ययन



**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों का कहना है कि गंगाजल में बैक्टीरियोफेज और निंजा वायरस पाए जाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करने का काम करते हैं। यही कारण है कि गंगाजल लंबे समय तक शुद्ध बना रहता है। गंगाजल, जिसे भारत में अत्यधिक पवित्र माना जाता है, वर्षों तक खराब नहीं होता और इसमें कभी बदबू नहीं आती। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण छिपे हैं, जो इसे अन्य नदियों के पानी से अलग बनाते हैं। भारत में गंगा नदी को केवल एक जल स्रोत नहीं, बल्कि 'माता' का दर्जा प्राप्त है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गंगाजल को अमृत तुल्य माना जाता है और इसका सेवन करने से शरीर निरोगी रहता है। यह विभिन्न धार्मिक कार्यों जैसे हवन, पूजा-पाठ और संस्कारों में प्रयुक्त होता है। मान्यता है कि गंगाजल से स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगाजल की विशिष्टता को लेकर वैज्ञानिक वर्षों से शोध कर रहे हैं। 1890 में जब भारत में अकाल और हैजा जैसी महामारी फैली थी, तब कई शव गंगा नदी में प्रवाहित किए गए थे। ब्रिटिश वैज्ञानिक अर्नेस्ट हैन्किन ने इस पर शोध किया और पाया कि गंगाजल में बैक्टीरियल प्रदूषण बहुत कम था। जबकि इस दौरान कई अन्य जल स्रोतों में बीमारी तेजी से फैल रही थी। अर्नेस्ट हैन्किन ने अपने अध्ययन में पाया कि गंगाजल में ऐसे तत्व मौजूद हैं, जो हैजा के बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इसके बाद फ्रेंच वैज्ञानिकों ने इस पर और शोध किया और पाया कि गंगाजल में निंजा वायरस मौजूद होते हैं, जो बैक्टीरिया को खत्म कर देते हैं। इसके अतिरिक्त, गंगाजल में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है, जो इसे सड़ने से बचाती है। गंगा का जल हिमालय से निकलकर विभिन्न जड़ी-बूटियों और खनिजों से होकर गुजरता है, जिससे इसमें प्राकृतिक रूप से शुद्धिकरण की क्षमता होती है। इसमें सल्फर की मात्रा अधिक होती है, जो इसे लंबे समय तक सुरक्षित बनाए रखता है।

# पीएम मोदी के कहने पर डोभाल ने रची साजिश : पन्नू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- अपनी याचिका की प्रति भारतीय शीर्ष खुफिया अधिकारी को सौंपी



सिख कार्यकर्ता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश से जुड़े मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। अमेरिकी संघीय अदालत में दायर दस्तावेजों के अनुसार, पन्नू ने अपनी याचिका की प्रति भारतीय शीर्ष खुफिया अधिकारी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को सौंप दी है। पन्नू की याचिका में आरोप लगाया गया है कि भारत सरकार, डोभाल और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या के लिए हायर किया था। यह साजिश तब विफल हो गई जब गुप्ता द्वारा हायर किया गया शूटर असल में एक अंडरकवर अमेरिकी एजेंट निकला। याचिका में बताया गया हैं कि यह मर्डर फॉर हायर साजिश भारत सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा थी, जिसमें सिख कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया। इनमें वे लोग शामिल हैं जो पंजाब में सिखों के आत्मनिर्णय के अधिकार की मांग कर रहे हैं, अदालत में पेश किए नए दस्तावेजों के मुताबिक, पन्नू ने दो कानूनी एजेंसियों और एक निजी जांचकर्ता की मदद से अमेरिका में डोभाल के दौरे के दौरान उन्हें समन सौंपने की व्यवस्था की। अमेरिकी अदालत में दायर घोषणाओं के अनुसार, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने समन स्वीकार करने से इंका किया था, हालांकि इस उस स्थान पर भी भिजवाया गया जहां डोभाल ठहरे हुए थे। इसके बावजूद, अमेरिकी अदालत के 12 फरवरी 2025 के आदेश के तहत, डोभाल को वैकल्पिक माध्यमों से समन जारी किया गया। अगर समन देने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, तब डोभाल को 21 दिनों के भीतर अमेरिकी अदालत में पन्नू के मुकदमे का जवाब देना होगा। पन्नू ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर, डोभाल और उनके सहयोगियों ने अमेरिकी संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रची, सिर्फ इसलिए कि उसने अपने राजनीतिक विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, मुझे अमेरिकी न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और मुझे यकीन है कि सीमा-पार दमन (ट्रांसनेशनल रेप्रेशन) में शामिल अपराधियों को आपराधिक और दीवानी अदालत में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

## वक्फ पर जेपीसी के सुझाए बदलावों को कैबिनेट ने दी मंजूरी




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वक्फ संशोधन विधेयक में हाल ही में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा सुझाए गए बदलावों को मंजूरी प्रदान कर दी है। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद यह विधेयक संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग में चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया जाएगा। इसमें अधिकांश बदलावों को शामिल किया है, जिसकी सिफारिश भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी ने 19 फरवरी को की थी। बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च से शुरू होगा। जेपीसी पर रिपोर्ट 13 फरवरी को संसद के दोनों सदनों में पेश की गई। समिति की कार्यवाही के दौरान पेश किए गए 44 संशोधनों में से पैनल ने एनडीए सदस्यों द्वारा सुझाए गए 14 बदलावों को मत विभाजन के जरिए स्वीकार किया था।

## कांग्रेस ने नहीं लिया विधानसभा कार्यवाही में भाग, बाहर देते रहे धरना

**जयपुर।** कांग्रेस विधायक ने गुरुवार भी विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस विधायक विधानसभा परिसर के बाहर सड़क पर धरने पर बैठे हैं। इनकी गैर मौजूदगी में ही विधानसभा में प्रश्न काल की कार्यवाही चली। विधानसभा के बाहर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि जो गतिरोध सत्ता पक्ष बनाना चाहता है। वह बन रहा है। हमारी तरफ से पूरा प्रयास करने के बाद भी सत्ता पक्ष बातचीत को तैयार नहीं है। उन्होंने कल इस मामले पर सीएम से बात की थी। इससे एक दिन पहले वह संसदीय मंत्री से बात कर चुके हैं। आज तक सरकार की तरफ से गतिरोध तोड़ने को लेकर कोई प्रयास नहीं किए गए। सत्ता पक्ष घमंड में चूर है, वह नहीं चाहते थे कि विपक्ष विधानसभा में आकर अपनी बात रखे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा के मुद्दे बीजेपी की प्राथमिकता में नहीं है। इसलिए ये चर्चा करना नहीं चाहती है। मुझे पांच साल के लिए टर्मिनेट कर दो, लेकिन सदन चलने दो। उन्होंने कहा कि मैंने तो खेद भी प्रकट कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिमी विक्षोभ के चलते झारखंड में फिर बदलेगा मौसम

**राष्ट्रीय मुख्यधारा : रांची ।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य में शुक्रवार से फिर से मौसम में बदलाव होगा। रांची मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव उत्तर भारत में बर्फबारी के कारण होगा। इसका असर राज्य के कई जिलों में दिखाई देगा, जिसमें उत्तर-पश्चिम जिले पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा शामिल है। इन जिलों में शुक्रवार को हल्की बारिश होने की संभावना है। इन इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की सम्भावना है। इस दौरान वज्रपात भी होने की आशंका है। मौसम में यह बदलाव एक मार्च को भी देखने को मिलेगा। वहीं गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.1, जमशेदपुर में 31.1, डालटेनगंज में 30.6 और बोकारो में अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात



**राष्ट्रीय मुख्यधारा : रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान वार्ता के क्रम में राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर्व के दिन हजारीबाग में घटित हिंसा की घटनाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। इसके अलावा, राज्यपाल महोदय ने राज्य में पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शीघ्र नियमावली गठित करने के लिए भी कहा।

### झारखंड विधानसभा : सदन की कार्यवाही शुरू

**एजेंसी : रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 10 मिनट पर शुरू हो गई है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने हजारीबाग की घटना को उठाया। इस मुद्दे को लेकर विधायक अमित यादव वेल में आ गये। इसके बाद स्पीकर ने उनसे अपील की कि प्रश्नकाल चलने दीजिए।

### झारखंड विधानसभा में 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पेश

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। इससे पहले, उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट और वित्त लेखे भी सदन में प्रस्तुत किए। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि) को 176.48 लाख रुपये, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) को 241.34 लाख रुपये, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख रुपये, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को 180.75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त विभाग को 10471.61 लाख रुपये, पेंशन मद में 50,000 लाख रुपये, वाणिज्य कर विभाग को 50 लाख रुपये, खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले को 74 लाख रुपये, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 16137.95 लाख रुपये, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 14289.39 लाख रुपये, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को 150 लाख रुपये उद्योग विभाग के लिए 274.54 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी शिक्षा विभाग को 18850.43 लाख रुपये एवं प्राथमिक एवं बजट शिक्षा प्रभार को 39293.50 लाख रुपये , महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 26668.69 लाख रुपये और ग्रामीण कार्य विभाग को 87329 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

### पतरातू में 1.76 करोड़ की लागत से बनेगा 50 सोलर स्वचालित जल मीनार



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में 1.76 करोड रुपए की लागत से 50 सोलर स्वचालित जल मीनार बनाया जाएगा।यह घोषणा रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को की है। पीवीयूएनल की ओर से सीएसआर के तहत जिला प्रशासन को 1.76 करोड रुपए की राशि दी गई। इस राशि से आने वाली गर्मियों के मौसम में जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का काम होगा। पीवीयूएनएल के अधिकारियों की ओर से गुरुवार को डीसी चंदन कुमार को चेक सौंपा गया। डीसी ने पीवीवीएनएल के जरिये की गई इस पहल की सराहना की। पीवीयूएनएल की ओर से उपलब्ध कराई गई राशि से रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 सोलर स्वचालित जल मीनारों का अधिष्ठापन कराया जाएगा। वहीं सोलर स्वचालित जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ की ओर से कराया जाएगा।

### विधानसभा बजट सत्र : सदन में मॉब लिंचिंग बिल और ऊर्दू, अरबी, फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना की मांग उठी

**राष्ट्रीय मुख्यधारा : रांची** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को सदन में विधायक प्रदीप यादव ने मॉब लिंचिंग बिल को सदन में फिर से रखने और ऊर्दू, अरबी व फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना करने की मांग उठाई। इस पर मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि सरकार शेख भिखारी के नाम से अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना पर विचार कर रही है। जल्द ही मदरसा बोर्ड का भी गठन किया जाएगा। अल्पसंख्यों के एमएसडीपी योजना के तहत पांच साल तक एक भी योजना नहीं लेने के सवाल पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि कोरोना और राजनीतिक अस्थिरता के दौर के कारण इसकी बैठक नहीं हो पाई। 3 मार्च को इसकी बैठक होगी। आमिल-फाजिल को रांची यूनिवर्सिटी से जोड़ने का काम किया जा रहा है। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में 20 हजार से भी अधिक बुनकर हैं, इन्हें भी आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। गरीब मुस्लिम को भी पट्टा मिलना चाहिए। इस पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि अल्पसंख्यक का मतलब सिर्फ मुस्लिम ही नहीं होता। भूमिहीन, दिव्यांग, शहीद पुलिसकर्मियों के आश्रितों को भी पट्टा मिलता है। प्रदीप यादव ने कहा कि मदरसा के 4400 पदों में 3712 पद खाली हैं। टेट पास ऊर्दू शिक्षकों की बहाली होनी चाहिए।


### पूर्व मंत्री सरयू राय को कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**एजेंसी : रांची ।** गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में आरोपित पूर्व मंत्री व जदयू विधायक सरयू राय को कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के पश्चात पिछले सप्ताह अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला गुरुवार को सुनाया। विधायक सरयू राय ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 13 फरवरी को अर्जी दाखिल की है। मामले में एमपी/एमएलए की विशेष कोर्ट ने पिछले दिनों दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए उन्हें समन जारी किया था। अब कोर्ट ने संबंधित कोर्ट में उपस्थित होकर सरेंडर कर जमानत लेने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है क पूर्व मंत्री ने कोरोना काल में गोपनीय दस्तावेजों के आधार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किए गए राशि के उपयोग की जानकारी दी थी। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धाराएं एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# गर्मी आने से पहले दुरुस्त कर लें पानी की व्यवस्था, नहीं तो होगी कार्रवाई : डीसी

» शिथिलता बरतनेवाले मुखिया की वित्तीय क्षमता होगी जब्त

## विभिन्न पेयजलापूर्ति योजनाओं की हुई समीक्षा, खराब प्रदर्शन वालों को नोटिस



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त विजया जाधव ने जिले में संचालित विभिन्न पेयजलापूर्ति योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीएसओ शालिनी खलखो, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता चास, तेनुघाट राम प्रवेश राम, सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस दौरान पूर्ण योजनाओं को पंचायतों को हैंड ओवर करने की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पेयजल एवं पंचायती राज विभाग को समन्वय स्थापित कर टीम गठित कर सभी पूर्ण योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आगामी 07 मार्च तक हैंडओवर करने को कहा। जिस मुखिया या जल सहिया के द्वारा हैंड ओवर लेने में दिलचस्पी नहीं ली जाएगी, उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर मुखिया का वित्तीय क्षमता जब्त कर ली जाएगी। इस दौरान योजनाओं के धीमी रफ्तार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी/संवेदक को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब प्रदर्शन और धीमी रफ्तार पर संबंधित एजेंसी/संवेदक को नोटिस निर्गत करते हुए कार्रवाई के लिए अनुशंसा करने को कहा। समीक्षा क्रम में पंचायत के मुखिया द्वारा योजनाओं के संचालन में दिलचस्पी नहीं लेने की बात सामने आई। इस पर उपायुक्त ने सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने में अगर कोई बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके विरूद्ध भी कार्रवाई होगी। उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को यह संदेश नीचे तक ले जाने की बात कहीं।

**खराब जलमीनार, चापाकलों को करें दुरुस्त-** समीक्षा के क्रम में 14 वें वित्त आयोग के तहत सोलर या लघु जलमीनार के खराब पड़े जलापूर्ति योजना को दुरूस्त करने को कहा। उन्होंने संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव को वैसे जलमीनार जहां सोलर प्लेट डैमेज, मोटर खराब, हैंड पंप (पेयजल विभाग के अलावा अन्य मद से निर्मित) खराब आदि हुआ है, उसे दुरुस्त करने का कार्य करें। उपायुक्त ने संबंधित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को लंबे समय से पेजयलापूर्ति बाधित होने की किसी तरह की शिकायत प्राप्त नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने की बात कहीं, खराब चापाकलों की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करें। इस दौरान कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता) ने जल सहियाओं द्वारा झारजल डॉ. जीओवी डॉट इन पर खराब चापाकलों एवं मरम्मत के बाद दुरुस्त चापाकलों की फोटो अपलोड नहीं हो पाने की बात कही, जिसे लेकर डीसी ने प्रखंडवार जलसहियाओं के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में पेयजलापूर्ति पाइप अधिष्ठापन को लेकर विभिन्न विभागों से लंबित एनओसी की भी उपायुक्त ने समीक्षा की। समीक्षा में राष्ट्रीय राजमार्ग, वन विभाग एवं पथ प्रमंडल विभाग से संबंधित एनओसी को अविलंब विभाग को समर्पित करने को कहा। उन्होंने मिशन मोड में खराब पेयजलापूर्ति व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा।

उपायुक्त ने आमजनों से पेयजल की समस्या अथवा शिकायत टोल फ्री नंबर 18003456502 पर दर्ज करने की अपील की। मौके पर कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया।

## मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि पर विधानसभा में हंगामा, सरकार ने 15 मार्च तक भुगतान का दिया आश्वासन

राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान रांची विधायक सीपी सिंह ने मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अभिभाषण में गलत दावा किया कि योजना की राशि लाभुकों को मिल रही है, जबकि जनवरी और फरवरी की किस्त अब तक नहीं मिली है। सीपी सिंह ने सदन में विधवा महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 18 से 50 साल की आयु की विधवा महिलाओं को केवल एक हजार रुपये मिलते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी महिलाओं का क्या दोष है कि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने यही सवाल विकलांग महिलाओं के लिए भी उठाया और सरकार से अपील की कि 18 से 50 साल की विधवा और विकलांग महिलाओं को भी मंईयां योजना का लाभ दिया जाये। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सीपी सिंह को नियमावली को पढ़ने की सलाह दी। वहीं, विधायक सीपी सिंह के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि 15 मार्च तक मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि महिलाओं के खाते में डाल दी जाएगी। मंत्री ने सदन में सीपी सिंह के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि महिलाओं के खाते में जानी शुरू हो गई है। 15 मार्च तक बाकी बचे जितने किस्त हैं उसे महिलाओं के खाते में डाल दिया जाएंगे। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मार्च के महीना का पैसा महिलाओं के खाते में जाना शुरू हो गया है। वहीं जनवरी-फरवरी के बचे किस्त 15 मार्च तक खाते में डाल दिए जाएंगे।

## क्षतिग्रस्त सड़क मरम्मत करवाने को ले विधायक को लिखा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल :** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत के ऊपरघाट स्थित कंजकिरो एवं काछो पंचायत को कंजकिरो मेन रोड से गोवारडीह होकर जोड़ने वाली क्षतिग्रस्त सड़क के मरम्मत करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन डुमरी के विधायक जयराम कुमार महतो, नावाडीह के बीडीओ को दिया है। किसी प्रकार की कार्रवाई निर्माण या मरम्मत को लेकर नहीं होने से उनमें नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों में से मेहीलाल प्रजापति, अघनु रजक, गुलाब चंद्र प्रजापति, बबलू कुमार प्रजापति, निर्मल रजक, रोहित यादव आदि ने विधायक एवं बीडीओ को लिखे पत्र में वर्णित किया है कि कंजकिरो मोड़ से गोवारडीह के रास्ते काछो जानेवाली सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त एवं टूटी हुई है, जिससे वाहनों एवं लोगों को आवाजाही में कठिनाई का सामना करना पड़ता है.बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाया करती है। उक्त सड़क मार्ग से ही लोग एवं वाहना काछो, गोनियाटो, पेंक थाना आना जाना करते हैं। उक्त सड़क मार्ग पर बने गड्ढों में पानी जमा हो जाने के कारण दुघर्टना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने यथाशीघ्र उक्त सड़क मार्ग की मरम्मत एवं निर्माण करने की बात की है।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन महाधिवेशन शुरू, 28 फरवरी को होगा चुनाव

राष्ट्रीय मुख्यधारा : रांची



झारखंड पुलिस एसोसिएशन का दो दिवसीय महाधिवेशन गुरुवार से प्रारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आईजी अनूप बिरथरे, डीआईजी नौशाद आलम सहित एसोसिएशन के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। डीजीपी ने पुलिस अफसरों को यह भरोसा दिलाया और वादा किया कि झारखंड पुलिस में जो भी प्रमोशन के काम बाकी हैं उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। डीजीपी ने कहा कि राज्य में सैकड़ों की संख्या में पुलिस अफसर और कर्मी मौजूद हैं, जिनकी समस्याओं को एक-एक कर के सुनना बड़ा ही कठिन काम है। ऐसे में झारखंड पुलिस एसोसिएशन और मेंस एसोसिएशन दो ऐसे संगठन हैं जिनके जरिए हम पुलिस अफसरों और कर्मियों की समस्याओं से अवगत होते हैं और फिर उन्हें दूर करने का प्रयास करते हैं। डीजीपी ने नए चुनाव के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि जो लोग भी चुनकर आएं अपने साथियों के हित के लिए आगे काम करें। महाअधिवेशन के दौरान वर्तमान अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सहित तमाम संगठन के पुलिस पदाधिकारियों ने डीजीपी के सामने अपनी कई मांगें रखी और पुलिस कल्याण के लिए उनके सहयोग की आकांक्षा जताई। महाधिवेशन के दूसरे दिन एसोसिएशन के नये पदाधिकारियों का चुनाव होगा। एसोसिएशन के सात पदों के लिए इस बार 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें एक अध्यक्ष पद पर तीन, दो उपाध्यक्ष पद पर पांच, महामंत्री पद पर तीन, दो संयुक्त सचिव पद पर चार और संगठन सचिव के पद पर दो प्रत्याशी शामिल हैं।

**ये है प्रत्याशी**

**अध्यक्ष-** पद के लिए राहुल कुमार मुर्मू, रवींद्र कुमार और कमलेश सिंह।

**उपाध्यक्ष-** पद के लिए निरंजन तिवारी, रोहित कुमार रजक, रामाकांत उपाध्याय, महताब आलम और अशोक तिवारी

**महामंत्री-** पद के लिए संजीव कुमार, अरविंद कुमार यादव और नीलमणी राम।

**संयुक्त-** सचिव पद के लिए संतोष कुमार महतो, राकेश कुमार पांडेय, श्रीकांत शर्मा और मनोज पासवान।

**संगठन-** सचिव पद के लिए मंटू कुमार और निर्मल कुमार यादव। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनाव का प्रचार समाप्त हो चुका है। अब चुनाव की बारी है। 28 फरवरी को होने वाले चुनाव में राज्यभर के सभी जिलों और पुलिस इकाइयों के एसोसिएशन से जुड़े 1,056 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं 28 फरवरी को ही मतों की गिनती होगी, जिसका परिणाम देर रात तक आएगा। चयनित नये पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एक मार्च को निर्धारित है।

## पूर्व मुख्य सचिव एल. खियांग्ते बने जेपीएससी के अध्यक्ष



राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची

पूर्व मुख्य सचिव एल. खियांग्ते को जेपीएससी का नया अध्यक्ष बनाया गया है। राज्य सरकार ने एल. खियांग्ते के नाम का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर तत्काल निर्णय लेते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को इस पर मुहर लगा दी है। राज्यपाल ने इस नियुक्ति के साथ आशा व्यक्त की कि इससे राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी और आयोग द्वारा सभी परीक्षाओं का संचालन निर्धारित कैलेंडर के अनुसार समयबद्ध और सुचारू रूप से होगा। इसके अलावा, उन्होंने उम्मीद जताई कि आयोग की कार्यप्रणाली में गति और पारदर्शिता आयेगी। उल्लेखनीय है कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद छह माह से खाली था। 22 अगस्त 2024 को डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा के रिटायर होने के बाद जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई थी।

# उपायुक्त ने जिला के महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**साहिबगंज** जिला के उपायुक्त हेमंत सती ने गुरुवार को उन्होंने श्रम विभाग, खाद्य निरीक्षक कार्यालय एवं सिविल सर्जन कार्यालय का गहन निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिसपर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया।

**श्रम विभाग में योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा-** उपायुक्त ने सबसे पहले श्रम विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने श्रमिकों के पंजीकरण, योजनाओं के क्रियान्वयन और पंजी संधारण से संबंधित दस्तावेजों का बारीकी से निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्देशित किया कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ योग्य श्रमिकों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बरतने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने विशेष रूप से निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के तहत श्रमिकों के पंजीकरण और आवेदनों के निष्पादन की गति को तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र श्रमिकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए, ताकि उनका आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके।

**खाद्य निरीक्षक कार्यालय में मिली अनियमितता-** इसके बाद उपायुक्त खाद्य निरीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य सैंपल पंजी संधारण में अनियमितता पाई गई। कई सैंपल का रिकॉर्ड सही ढंग से संधारित नहीं किया गया था, जिसपर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने खाद्य निरीक्षक को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि खाद्य सैंपल की जांच में पारदर्शिता और तत्परता बरती जाए। उपायुक्त ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने खाद्य निरीक्षक को नियमित रूप से बाजारों का निरीक्षण करने और मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य सैंपल की समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने को कहा गया।

**सिविल सर्जन कार्यालय में मिली गंभीर अनियमितता-** निरीक्षण के अंतिम चरण में उपायुक्त सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक द्वारा संचिकाओं के संधारण में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

संचिकाओं के रखरखाव में लापरवाही को देखते हुए उपायुक्त ने प्रधान लिपिक को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल प्रभाव से उसका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। साथ ही स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा कार्यालय होने के कारण यहां की कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि कार्यालय में सभी दस्तावेजों का सही ढंग से संधारण किया जाए और कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

**योजनाओं के लाभुकों को समय पर लाभ देने का निर्देश-** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों को ससमय दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यालयों में कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए और सभी योजनाओं का लाभ आम जनता को समय पर मिले।

**उपायुक्त ने दी चेतावनी-** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि कार्यालयों में कार्यप्रणाली को सुधारना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अनियमितता बरतने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुकंपा के आधार पर चार लोगों को मिलेगी नियुक्ति, समिति में हुई सुनवाई

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में कुल 06 मामलों पर सुनवाई की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी बोकारो प्रांजल ढ़ांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, स्थापना उप समाहर्ता प्रेमचंद सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा शालिनी खलखो समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। डीसी श्रीमती जाधव व समिति के अन्य सदस्यों ने क्रमवार सभी मामलों की गहनता से समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा किए गए आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति/आय/आवासीय/चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की जानकारी ली। उपायुक्त ने विभागों से अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए कुल 10 मामलों पर सुनवाई की और स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। जिला अनुकंपा समिति के समक्ष जिला शिक्षा विभाग का 03, जिला सामान्य शाखा का 01, बोकारो वन प्रमंडल का 01, जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय का 01 मामला प्रस्तुत किया गया था। इसी क्रम में सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल 04 मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए समिति ने अनुशंसा की। उपायुक्त ने इस बाबत स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 04 मामलों में जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो से संबंधित ब्युटी भट्टाचार्य, चांदमनी सोरेन एवं श्रीमती मीना कुमारी का तीन मामला और प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा से संबंधित राजेश कुमार मुर्मू एक मामला शामिल था।

### आर्थिक तंगी से परेशान व्यवसायी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर बस्ती निवासी तथा स्थानीय डीवीसी मार्केट में ज्योति हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले 50 वर्षीय व्यवसायी नरेश प्रसाद महतो का शव गुरुवार को सीसीएल गोविंदपुर कोलियरी के एक नंबर बंद क्वायरी के समीप जंगल में पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे पुलिस ने बरामद किया। इसके पूर्व सीसीएल कॉलोनी के लोगों ने जंगल में पेड़ के सहारे रस्सी से लटके व्यक्ति का शव देखने पर गोविंदपुर ई पंचायत के मुखिया विश्वनाथ महतो सहित स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह को मामले की सूचना दी। सूचना पाकर इंस्पेक्टर अनि मनोज सिंह, सअनि बैजून मरांडी सहित सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली और मृतक का पंचनामा तैयार कर शव को अन्य लोगों की मदद से पेड़ की डाली से उतारा। मृतक के परिजनों के आने तक इंस्पेक्टर ने मृतक का शव डीवीसी हॉस्पिटल के मर्चरी में रखवा दिया है। गोविंदपुर बस्ती निवासी मृतक नरेश का भगीना आशुतोष महतो ने बताया कि 25 फरवरी को घर से खाना खाकर निकले थे और उसके बाद से वापस घर नहीं लौटे। परिजनों द्वारा लगातार मोबाइल पर कॉल करने पर मोबाइल की घंटी बज रही थी, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। मृतक की पत्नी नीलू देवी के अलावा 13 वर्षीय पुत्री अंबिका और 12 वर्षीय पुत्र रूद्र प्रसाद महतो के अलावा वृद्धा मां है। मृतक माइनिंग पास आउट था,और नौकरी नहीं लगने से काफी डिप्रेशन में था। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी मार्केट में ज्योति हार्डवेयर की दुकान के नहीं चलने पर व्यवसाय में काफी नुकसान उठाना पड़ा और वह आर्थिक तंगी से विगत समय से जूझ रहा था। मृतक के मंझले भाई नारायण महतो ने भी छह वर्ष पूर्व आत्महत्या कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। गुरुवार को घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पूर्व पंसस नागेश्वर महतो, डॉ दशरथ महतो, जानकी महतो, नारायण महतो, कामेश्वर महतो, पंसस प्रतिनिधि सुनील महतो सहित सैकड़ों लोग पहुंचे। मृतक का बड़ा भाई बोकारो थर्मल से बाहर है, जिसके कारण शुक्रवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना के संबंध में पूछे जाने पर स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर ने कहा कि प्रथम द्रष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत होता है।

### महाशिवरात्रि छऊ नृत्य महोत्सव आयोजित



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** कला संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार अधीनस्थ संगीत नाटक अकादमी छऊ केंद्र, चंदनकियारी द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि छऊ नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन छऊ सलाहकार समिति के सदस्य हराधन महतो सहित दिलीप जेना, विजय कुमार, आशुतोष कुमार, छऊ गुरु राखो बाउरी ने किया। कार्यक्रम में शिव के अनेक रूपों को दर्शाते हुए शिव-पार्वती विवाह पर आधारित मालाओं को सरायकेला, पुरुलिया एवं चंदनकियारी के दलों ने अपने-अपने मुख्य भूमिकाओं द्वारा संपन्न किया।केंद्र के संयोजक डॉ संजय के मार्गदर्शन अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के सभी कर्मीगण सहित अन्य का योगदान रहा।

### केबी कॉलेज बेरमो को मिली जिला राष्ट्रीय युवा संसद की मेजबानी



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** केबी कॉलेज बेरमो को जिला राष्ट्रीय युवा संसद, 2025 बोकारो एवं धनबाद जिले की मेजबानी मिली है। राष्ट्रीय सेवा योजना की एडवाइजरी कमेटी की बैठक गुरुवार को प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में हुई। माय भारत पोर्टल युवा में 18 से 25 वर्ष के युवा अपना पंजीयन कराते हुए आपके लिए विकसित भारत का क्या अर्थ विषय पर एक मिनट का वीडियो अपलोड करेंगे। इसके लिए नौ मार्च तक का समय दिया गया है। बोकारो एवं धनबाद जिले के सभी सरकारी एवं स्थाई मान्यता प्राप्त महाविद्यालय, स्नातकोत्तर विभाग, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के युवा पंजीकरण करवाएंगे। नौ मार्च को अपराह्न 12 बजे के बाद अपलोड किए गए वीडियो की स्क्रीनिंग करके केबी कॉलेज बेरमो दो दिवसीय चयन प्रक्रिया अपनाएगा। 150 लोगों का चयन करके दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर 10 प्रतिभागियों की सूची राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नामित कर भेजी जाएगी। इसके बाद राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। 28 से 30 मार्च तक देश स्तर की प्रतियोगिता नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। एडवाइजरी कमेटी के बैठक में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण सहित कार्यक्रम पदाधिकारी सह सदस्य सचिव डॉ प्रभाकर कुमार, सदस्य प्रो गोपाल प्रजापति, जिले के युवा खेल पदाधिकारी गौरव कुमार, रविंद्र कुमार दास, सदन राम आदि उपस्थित रहे।

## 28 फरवरी - राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष

# विज्ञान-जगत में इन विद्यार्थियों ने किया है बोकारो का सिर गर्व से ऊंचा

डीके वत्स

**बोकारोः** इस्पातनगरी बोकारो जितना इस्पात उत्पादन के लिए देश-दुनिया में विख्यात है, उतनी ही इसकी ख्याति शिक्षा के क्षेत्र में भी है। यही कारण है कि इसे झारखंड की शैक्षणिक राजधानी के रूप में भी माना गया है। 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। इस दिन आज हम बोकारो के कुछ ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों की चर्चा करेंगे, जिन्होंने अपनी काबिलियत के बूते इस शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। ये वो बच्चे हैं, जिन्होंने वैज्ञानिक नवाचार की मिसाल पेश करते हुए छोटी उम्र में बड़े कारनामे कर बोकारो का सिर गर्व से ऊंचा किया है। आइए मिलते हैं-

### रोड सेफ्टी के लिए बनाया खास डिवाइस, राष्ट्रीय स्तर व जापान टूर के लिए चयनित

रूपेश कुमार



डीपीएस बोकारो का होनहार छात्र रहे रूपेश कुमार ने नवोन्मेषता संबंधी भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतिम चरण में चयनित होकर अपने विद्यालय, शहर और राज्य का नाम गौरवान्वित किया। उसे जापान टूर का सुनहरा मौका भी मिला है। वह आगामी जून महीने में जापान जाएगा। रूपेश ने एक खास डिवाइस और मोबाइल एप्लीकेशन 'रक्षक' तैयार किया है। इसकी मदद से दुर्घटना होने के साथ ही संबंधित घटनास्थल के एक किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी अस्पतालों को कॉल और एसएमएस के जरिए वाहन के लोकेशन के साथ सूचना मिल जाएगी। इससे सही समय पर घायल व्यक्ति तक एंबुलेंस पहुंचाई जा सकेगी। इतना ही नहीं, अस्पतालों के साथ-साथ वाहन में सवार लोगों के परिजनों और पुलिस को भी तत्काल सूचना मिल सकेगी। बीएसएलकर्मी रविशंकर कुमार एवं बिहार में राजस्व पदाधिकारी सुनीता कुमारी के पुत्र रूपेश को अपने पिता के एक मित्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत के बाद यह आइडिया सूझा। अगर सही समय पर एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई होती, तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। रूपेश ने नागपुर यूनिवर्सिटी में आयोजित 108वीं इंडियन साइंस कांग्रेस में भी झारखंड का प्रतिनिधित्व किया था।

### स्टेट टॉपर, सीबीएसई साइंस चैलेंज एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन

आरुष रंजन



विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, जागरुकता एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से आयोजित सीबीएसई साइंस चैलेंज 2024-25 में डीपीएस बोकारो की दसवीं कक्षा के छात्र आरुष रंजन ने पूरे झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। 10वीं कक्षा की कैटेगरी में आरुष पूरे झारखंड से इस चैलेंज को क्वालीफाई करने वाला एकमात्र विद्यार्थी है। विज्ञान, पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी विषयवस्तु पर आधारित इस चैलेंज में देश के अलग-अलग प्रांतों से सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें आरुष ने उच्चस्तरीय प्रदर्शन के साथ सफलता पाकर अपने विद्यालय व शहर के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। आरुष ने हाल ही में विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) में भी पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। एक निजी बीमा कंपनी में अधिकारी निरंजन कुमार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) की कर्मी आरती रंजन के होनहार पुत्र आरुष को खगोलीय भौतिकी में काफी रुचि है। वह आगे चलकर इसी क्षेत्र में शोध कर एक खगोलीय वैज्ञानिक बनना चाहता है।

### नेशनल टॉपर, राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा



अक्षत प्रियदर्शी

नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म (केएएमपी) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा (एनएएसटीए) - 2024 में डीपीएस बोकारो में पांचवी कक्षा का छात्र अक्षत प्रियदर्शी नेशनल टॉपरों की फेहरिस्त में शुमार हुआ। उसे नेशनल टॉपर-रैंक-2 के साथ सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस प्रदान किया गया है। बोकारो स्टील प्लांट में उप महाप्रबंधक आमोद प्रियदर्शी एवं दंत चिकित्सक डॉ. तोशिबा प्रियदर्शी के होनहार पुत्र अक्षत को ओवरऑल ग्रेड 'ए प्लस' मिला तथा नेशनल अवॉर्ड कैटेगरी के लिए चयनित किया गया। केएएमपी-एनएएसटीए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सीएसआईआर (काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) तथा एनआईएसपीआर (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन पॉलिसी रिसर्च) की एक महत्वपूर्ण पहल है।

### लाचार बुजुर्गों के लिए बनाई खास चम्मच, राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना

अभिनीत शरण



समाज और मानवहित का ध्येय जब विज्ञान से जुड़ जाता है, तो सही अर्थों में विज्ञान की सार्थकता होती है। यह सिद्ध कर दिखाया डीपीएस बोकारो के होनहार विद्यार्थी अभिनीत शरण ने। 12वीं कक्षा के छात्र अभिनीत ने अपनी नवोन्मेषी सोच और तकनीक के जरिए बुजुर्गों की मदद का जो प्रयास किया, वह खूब रंग लाया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत उसका प्रोजेक्ट ईट-वेल- एंटी शेकिंग स्पून फॉर ओल्ड पीपल राष्ट्र स्तरीय पर चयनित हुआ। देश के देश के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की मौजूदगी में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर उसके नवाचार को भरपूर वाहवाही मिली। वृद्धावस्था में हाथ कांपना बुजुर्गों में आमतौर पर एक बड़ी समस्या है। इसे पार्किंसन रोग कहते हैं। इससे ग्रसित बुजुर्गों के हाथ खाना खाते समय न कांपे और भोजन का निवाला सीधे उनके मुंह तक जा सके, इसके लिए अभिनीत ने एंटी शेकिंग स्पून का इजाद किया। शिक्षिका निमिषा रानी एवं बीएसएल अधिकारी नवनीत शरण के पुत्र अभिनीत को अपने दादा अखिलेश शरण की शारीरिक परेशानी देखकर यह आइडिया सूझा था। उसने बॉल गिंबल तकनीक पर आधारित एंटीशेकिंग स्पून चम्मच, मोटर, सेंसर, माइक्रो कंट्रोलर, बॉल बियरिंग आदि पुर्जों की मदद से बनाया।

### वैज्ञानिक प्रतिभाओं के मामले में समृद्ध है बोकारो



''बोकारो में वैज्ञानिक प्रतिभा के मामले में कोई कमी नहीं है। यह शहर काफी समृद्ध है। हर साल यहां के कई विद्यार्थी वैज्ञानिक नवाचार की मिसाल पेश करते हैं। न सिर्फ मिसाल बनाते, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर का लोहा भी मनवाते हैं। डीपीएस बोकारो इस दिशा में दशकों से अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विद्यालय अपने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, उनकी सृजनशीलता तथा नवोन्मेषता को प्रोत्साहित और संवर्द्धित करने का हर अवसर प्रदान करता रहा है। विद्यालय में स्थापित नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म (केएएमपी) का झारखंड का पहला एक्सीलेंस सेंटर (एआई एंड रोबोटिक्स लैब), एरो इनोवेशन हेतु कंपोजिट स्किल लैब, वर्चुअल लैब आदि इस दिशा में काफी सहायक साबित हो रहे हैं। मेरी ओर से सभी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- डॉ. ए. एस. गंगवार**
**प्राचार्य, डीपीएस बोकारो।**

### खगोलिकी, जीव-विज्ञान और जूनियर साइंस में इन विद्यार्थियों ने लहराया परचम



होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र के सहयोग से आयोजित आईएपीटी 2024-25 की जूनियर साइंस, खगोलिकी एवं जीव-विज्ञान की परीक्षाओं में डीपीएस बोकारो की कक्षा 9 का छात्र शिवम ओझा जहां जूनियर साइंस की राष्ट्रीय मानक परीक्षा (एनएसईजेएस) में सफल रहा, वहीं 12वीं के विद्यार्थी आर्यन कुमार ने जीव-विज्ञान की राष्ट्रीय मानक परीक्षा (एनएसईबी) में कामयाबी पाई। जबकि, कक्षा 10 के आरुष रंजन, 11वीं के कुमार अनमोल और 12वीं के आरुष बनर्जी ने खगोलिकी (एस्ट्रोनॉमी) की राष्ट्रीय मानक परीक्षा (एनएसईए) में सफलता पाकर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया।

## ठेका मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं, होगा संघर्ष : राजेन्द्र

### क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ की बैठक में बनाई गई आंदोलन की रणनीति



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** सेल/बोकारो इस्पात संयंत्र में क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ सम्बद्ध हिन्द मजदूर सभा के कोक-ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग के ठेका मजदूर प्रकोष्ठ की मीटिंग सुदर्शन कैंटीन में हुई। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने प्रबंधन पर ठेका श्रमिकों के शोषण का आरोप लगाया। कहा कि इस बारे में उन्होंने कई बार विभागीय स्तर से लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया, परंतु सुधार नहीं हुआ। मजदूर आंदोलन को कमजोर करने के लिये कुछ दलाल यूनियन भी कन्धे से कन्धा मिलाकर प्रबंधन का साथ दे रहीं हैं। उन्होंने कहा- ग्रेच्युटी, नाइट शिफ्ट एलाउंस, कुशल मजदूरों का ईएसआईसी, ग्रेड प्रमोशन,सुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिये मेडिकल चेकअप की आड़ में जो खेल खेला जा रहा है, मजदूर सब देख और समझ रहे हैं। मजदूर अब 'करो या मरो' का मन बना चुके हैं। 28 फरवरी को धमन भट्ठी में मीटिंग के पश्चात एक मार्च को को मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय कोक ओवन एवं कोक केमिकल्स पर मजदूर विराट आक्रोश प्रदर्शन कर मजदूर विरोधी नीतियों को खुली चुनौती देते हुए अगली रणनीति घोषित होगी। मीटिंग को श्री सिंह के अलावा शशिभूषण, जुम्मन खान, हरेराम, नागेंद्र कुमार, टुनटुन सिंह, अमित यादव सिराज अहमद आदि ने भी संबोधित किया।

## बीएसएल में ईएपी कार्यक्रम की शुरुआत, इस्पातकर्मियों को मिलेगी व्यक्तिगत व पेशेवर सहायता

### कर्मचारीहित में महत्वपूर्ण कदम, योजना का उठाएं अधिकतम लाभ : निदेशक प्रभारी

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) अपने कर्मचारियों के मानसिक, भावनात्मक और पेशेवर सशक्तिकरण के प्रति सतत प्रयासरत है। इसी दिशा में, ईएपी- इंडिया के साथ किए गए एक समझौते (एमओयू) के तहत कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) की शुरुआत की गई है, जिसे सेल की सभी इकाइयों में लागू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और उनके आश्रितों को व्यक्तिगत एवं पेशेवर चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक काउंसलिंग सहायता प्रदान करना है। यह पहल तनाव प्रबंधन, संघर्ष समाधान, व्यक्तिगत संबंधों में सामंजस्य, चिंता एवं अवसाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, शोक एवं शोक-संतप्ति, दुर्व्यवहार एवं आघात, वित्तीय असुरक्षा जैसी जटिल परिस्थितियों से उबरने में सहायता प्रदान करेगी।

बोकारो स्टील प्लांट में इस पहल का औपचारिक शुभारंभ गुरुवार को ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में कर्मचारी तथा ईएपी-इंडिया की फाउंडर डायरेक्टर भारती महिमकर और उनकी टीम उपस्थित रही। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी ने इस पहल को कर्मचारियों और उनके आश्रितों के मानसिक, भावनात्मक और पेशेवर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान ईएपी-इंडिया की टीम ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना की प्रमुख विशेषताओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह काउंसलिंग सेवा पूरी तरह से निःशुल्क, गोपनीय और सुरक्षित है। न केवल कर्मचारी, बल्कि उनके आश्रित भी बिना किसी झिझक के ईएपी-इंडिया से सीधा संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल के तहत कर्मचारियों के लिए चौबीसों घंटे, सातों दिन टेलीफोनिक परामर्श, वेब एवं मोबाइल-आधारित ई-काउंसलिंग, वीडियो काउंसलिंग और व्यक्तिगत परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त, यह योजना मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल की चुनौतियां, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं, वित्तीय एवं कानूनी परामर्श जैसी आवश्यकताओं के लिए विशेषज्ञ सहायता भी प्रदान करती है।

**क्षेत्रीय भाषा में भी मिलेगी सहायता-** आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईएपी सेवा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध है, जिससे इसे अधिक समावेशी और सुलभ बनाया गया है। सेल के कर्मचारी ईएपी-इंडिया के हेल्पलाइन नंबर 1800-890-9810, वाट्सएप नंबर 8693822226 या डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ईएपी डैश इंडिया डॉट कॉम पर रजिस्टर कर कभी भी संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, किसी भी अप्रत्याशित घटना या आपात स्थिति में 48 घंटे के भीतर त्वरित परामर्श सेवा प्रदान करने की व्यवस्था भी की गई है, जिससे संकट के समय तत्काल सहायता उपलब्ध हो सके। सेल की ओर से की गई यह पहल कार्यस्थल पर एक स्वस्थ, सशक्त और सहयोगी वातावरण विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना न केवल कर्मचारियों के मानसिक और भावनात्मक कल्याण को सुदृढ़ करेगी, बल्कि उनके पेशेवर विकास को भी नई ऊंचाइयां प्रदान करने में सहायक होगी।

# हिंदू और महिलाओं पर अत्याचार को लेकर मुखर हुए सांसद

- गोला में बच्चियों पर पथराव की घटना के अल्टीमेटम का 15 दिन पूरा होते ही बैठे धरने पर
- हिंदुओं पर अत्याचार, नहीं सहेगा हिंदुस्तान : मनीष जायसवाल
- प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगा तो जनता करेगी सीधी कारवाई : चंद्रप्रकाश चौधरी










**गोला (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिलांतर्गत गोला प्रखंड स्थित ग्राम सोसोकलां में बीते 04 फ़रवरी को सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान बच्चियों और महिलाओं के जुलूस पर हुए पत्थराव की घटना को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के बीजेपी सांसद मनीष जायसवाल मुखर हो गए हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया था, जो बुधवार को पूरा हो गया। आरोपियों के बचाव पक्ष में पुलिस प्रशासन की भूमिका को देखते हुए उन्होंने गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरना पर बैठे सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जहां एक ओर देश महिला और बच्चियों के सम्मान और उनके सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है वहीं झारखंड सरकार बच्चियों पर पत्थराव जैसे शर्मनाक घटना पर भी चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसा झारखंड के वर्तमान सरकार से ही संभव है। उन्होंने कहा कि देश महिला, बच्ची और हिंदुओं पर अत्याचार कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। इस आंदोलन में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और आजसू पार्टी का भी सहयोग सांसद मनीष जायसवाल को समर्थन और साथ मिला है। धरने की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, मंच संचालन जिला महामंत्री विजय जायसवाल ने और धन्यवाद ज्ञापन गोला भाजपा मंडल अध्यक्ष भाजपा बबलू साव ने किया। जिला प्रशासन पहुंचा धरना स्थल, सांसद से की वार्ता, एक महीने में कार्रवाई पूर्ण करने के आश्वासन पर बनी सहमतहजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के धरने में बैठने के करीब चार घंटे के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन की एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पर पहुंचा जहां करीब आधे घंटे से अधिक समय तक धरने में बैठे सांसद मनीष जायसवाल से वार्ता हुआ। वार्ता के दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सरकार के इशारे पर एक पक्ष को सहयोग करने का आरोप गंभीर लगाते हुए पुरजोर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चियों के साथ मारपीट हुआ वो नाबालिक है तो आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट क्यों नहीं लगा, एक महीने बीतने के बाद भी चार्जशीट क्यों नहीं फाइल हुआ, पुलिस के सामने घटना घटी और पुलिस के साथ भी मारपीट एवं धक्कामुक्की होने के बावजूद पुलिस के तरफ एफआईआर क्यों नहीं किया गया और उल्टा सफ़रर पक्ष पर ही झूठे एफआईआर क्यों दर्ज कर दिया गया। प्रशासन की ओर से वार्ता करने पहुंचे अधिकारियों की सांसद मनीष जायसवाल के सवालों की झड़ी पर पसीने छूट गए और उनकी बोलती बंद हो गई। लगातार वार्ता के बाद प्रशासन की ओर से सांसद मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया गया कि विधिसम्मत अगर पॉक्सो एक्ट लगेगा तो ज़रूर लगाया जाएगा साथ ही एक महीने के अंदर इस घटना की चार्टशीट की कार्रवाई पूरी कर दोषियों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा और सफ़रर पक्ष पर हुए एफआईआर की जांच कर जो दोषी नहीं होंगे उनका नाम केस से हटाया जाएगा। प्रशासन की ओर से वार्ता करने पहुंचे रामगढ़ एसडीओ अनुराग तिवारी, डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स, गोला सीओ समरेश भंडारी, बीडीओ सुधा वर्मा, रजरप्पा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पाण्डेय और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में सांसद मनीष जायसवाल ने धरने में शामिल लोगों से सहमति लेने के बाद इस अनिश्चितकालीन धरने को तत्काल समाप्त कर एक महीने के अंदर इस मामले पर कार्रवाई पूर्ण नहीं होने पर पुनः इस मामले को लेकर उग्र आंदोलन करने की बात कही । **हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं : मनीष जायसवाल** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सनातन धर्म के लोग सभी धर्म का सम्मान करते हैं। हम किसी को छेड़ते नहीं लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा तो हम कदापि छोड़ेंगे नहीं। वर्तमान झारखंड की गठबंधन सरकार की शह में जिस प्रकार एक समुदाय विशेष के लोगों ने हिंदू धर्म के हरेक आयोजन में विघ्न डालकर सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया है और उनके नापाक इरादे में स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग मिल रहा है उससे उनका मनोबल बढ़ता जा रहा है। ऐसे कार्यों के प्रति हमारी प्रतिक्रिया भी जरूरी है। गोला के सोसोकलां में सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन में पथराव की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन का ज़मीर जगाने के लिए बाध्य होकर जनांदोलन के तरह रुख अख्तियार किया गया। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज जातियों में नहीं बंटकर एक रहें और ऐसे ही क्रिया की प्रतिक्रिया दें तो निश्चित रूप से हमपर कोई अत्याचार नहीं कर सकेगा । प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगा, तो जनता करेगी सीधी कारवाई : चंद्रप्रकाश चौधरी गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन तुष्टिकरण की नीति पर कार्य कर रही है लेकिन हम इस धरने के माध्यम से सरकार और प्रशासन को चेता देना चाहते हैं कि न्यायपूर्ण कारवाई करें अन्यथा जनता सड़क पर उतरकर सीधी कारवाई करेगी । धरने में हाथों पर तख्ती लेकर बैठे सांसद मनीष सहित अन्य लोग, खूब लगे जय श्री राम के नारे हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने धरने के दौरान खुद अपने हाथों पर एक तख्ती लेकर बैठे जिसमें लिखा था हिन्दुओं पर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान..। वहीं बीजेपी और आजसू के अन्य नेताओं और स्थानीय लोगों के हाथों में तख्तियों के माध्यम से झारखंड सरकार होश में आओ, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, पुलिस प्रशासन हाय हाय, सोसोकलां के पीड़ितों को न्याय दो, तुष्टिकरण की राजनीति बंद करो, हिंदुओ पर अत्याचार बंद करो, हिन्दुओं पर किए गए झूठे मुकदमे को वापस लो, सोसोकलां के दोषियों को अविलंब गिरफ़्तार करो जैसे नारे से एक संदेश देना का प्रयास किया कि तुष्टिकरण की राजनीति नहीं चलेगी और लोगों ने जय श्री राम का नारा गुंजायमान कर और सरकार एवं जिला के पुलिस प्रशासन विरोधी नारे लगाकर अपना पुरजोर विरोध जताया। धरना






प्रदर्शन में उपस्थित हजारों लोगों ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के इस पहल की खूब सराहना की और हिंदू हितों की रक्षा के लिए उनके इस पहल के लिए उनका आभार जताते हुए धन्यवाद दिया । सांसद मनीष जायसवाल घटना के बाद दिल्ली से सीधे पहुंचे थे सोसो कला, ली थी घटना की सुध स्थानीय पुलिस-प्रशासन को चेताते हुए दिया था 15 दिनों का अल्टीमेटम, कारवाई नहीं होने पर ज़ोरदार आंदोलन करने का किया था ऐलान रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित ग्राम सोसोकलां में बीते 04 फरवरी 2025 को सरस्वती पूजा के प्रतिमा विसर्जन जुलूस में हुए पत्थरबाजी मामले को लेकर 09 फ़रवरी 2025 को ही सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ के गोला प्रखंड स्थित ग्राम सोसोकलां के सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस में घायल पीड़ितों की सुध लेने सीधे बजट सत्र के दौरान दिल्ली से यहां पहुंचे थे। उन्होंने यहां घटना की पूरी जानकारी ली और यहां उपस्थित प्रखंड स्तर के पदाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को 15 दिन के अंदर दोषियों पर कार्रवाई करने का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि अगर 15 दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र जनांदोलन को बाध्य होंगे। यहां से सीधे दिल्ली पहुंचे और लोकसभा के बजट सत्र के दौरान उन्होंने इस मामले को लोकसभा के सदन के माध्यम से राष्ट्रीय पटल पर रखते हुए केंद्र सरकार का इस ओर ध्यान भी आकृष्ट कराया। **लोकसभा के बजट सत्र में सांसद मनीष जायसवाल उठा चुके हैं यह मामला** देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा के बजट सत्र- 2025 के बीते 11 फ़रवरी 2025 को लोकसभा के माध्यम से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने समस्त देश के समक्ष हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र समेत पूरे झारखंड राज्य में लगातार हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाओं को विस्तार से सदन पटल पर पुरजोर तरीके से रखा और इस और केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन पटल पर अपनी बात रखते हुए कहा था कि झारखंड राज्य में हो रहे हिंदुओं के अत्याचार के प्रति केंद्र सरकार का ध्यान दर्शाने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। अभी हाल ही में बीते सरस्वती पूजा के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले के सोसो कला गांव में महिलाएं और बच्चे जुलूस लेकर विसर्जन करने के लिए जा रहे थे तभी बच्चों पर पथराव किया गया जिससे एक बेटी बहुत गंभीर रूप और अन्य बेटी और कई महिलाएं घायल हुई। इस मामले में केस तो हुआ लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई बल्कि उल्टा काउंटर केस पुलिस के तरफ से हिंदू समाज पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार साल 2022 में सरस्वती पूजा के दौरान हजारीबाग जिले के बरही के रूपेश पांडेय की हत्या कर दी है और हजारीबाग जिले के ही बड़कागांव के महुदी गाँव में आजादी के बाद से एक सड़क विशेष पर रामनवमी का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा रही है एक समुदाय विशेष द्वारा रोका जाता रहा है। यह भारत गणराज्य का सड़क है और हर सड़क पर हर व्यक्ति को आने-जाने की अनुमति है। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल से लोकसभा अध्यक्ष ने पूछा कि आपका डिमांड क्या है तो उन्होंने स्पष्टता के साथ कहा कि मैं आपसे आग्रह करूंगा कि केंद्र सरकार ऐसे मामले पर हस्तक्षेप करें और हिंदुओं पर झारखंड में हो रहे अत्याचार पर कारवाई कराएं साथ ही महुदी में रामनवमी जुलूस को संपादित कराएं। **भाजपा- आजसू के इन नेताओं ने भी धरने को किया संबोधित** रामगढ़ बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, बीजेपी नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर चौधरी, प्रो. संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, राजीव जायसवाल, रंजीत पांडेय, रंजन फ़ौजी, राजू चतुर्वेदी, रमेश वर्मा, पुरुषोत्तम पांडेय, पंचम चौधरी, विजय कुमार ओझा, मनोज कुमार महतो, बबलू साव, अशोक कुमार, रवि हाजरा मनसू वेदिया, गौतम महतो, अजय ओझा, राजेंद्र कुशवाहा, दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर,शीतल सिंह, स्नेहलता चौधरी, सूर्यवंश श्रीवास्तव, आजसू नेता जलेश्वर महतो, गोविंद मुंडा, युगेश महतो, महेंद्र महतो, अंगद महतो, पंकज कुमार महतो, शरद त्रिपाठी, गोविंद मुंडा, ममता सोनी, दिनेश महतो, जलेश्वर महतो, जया देवी, लालचंद महतो, सोसोकलां ग्रामवासी राही चौधरी, धनेश्वर ठाकुर, राजेश महतो, बबलू ठाकुर, डॉ. अनिल कुमार, अशोक राम वेदिया, दीपक मुंडा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया।

# कौंडिण्निया पब्लिक स्कूल में नवनिर्मित राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन






राष्ट्रीय मुख्यधारा

**कोडरमा।** आश्रम रोड स्थित कौंडिण्निया पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया के प्रांगण में नवनिर्मित राष्ट्रीय स्तर का बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन इस समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक हजारीबाग सह झारखंड पुलिस अकादमी के डायरेक्टर शैलेंद्र सिन्हा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर जमशेदपुर से आए झारखंड बास्केटबॉल तकनीकी कमेटी के अध्यक्ष आरिफ आफताब, स्कूल के चेयरमैन सह रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर राजीव रंजन सिंह तथा तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रिबन काटने के पश्चात बास्केटबॉल उछालकर बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने अपने ओजस्वी प्रेरणादायक भाषण से बच्चों में जोश भर दिया और उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना की। झारखंड बास्केटबॉल कमेटी के अध्यक्ष आरिफ आफताब ने कहा कि कौणिडनिया पब्लिक स्कूल के छात्रों में जो प्रतिभा उन्होंने देखा है निश्चित रूप से आने वाले समय में कौणिडनिया पब्लिक स्कूल का नाम झारखंड के मानचित्र पर नजर आएगा, ऐसा उन्होंने भरोसा दिलाया। उन्होंने कौंडिण्निया पब्लिक स्कूल के छात्र सुमित कुमार सिंह के बारे में कहा कि इस छात्र में नेशनल लेवल पर बास्केटबॉल खेलने की प्रतिभा है और वे इसे निखारने में हर संभव प्रयास करेंगे। वाकई यह पल हम सभी कौणिडनिया परिवार के लिए बड़े ही गौरव का क्षण है और क्यों न हो। बिना कोई प्रशिक्षण प्राप्त कि अगर कौणिडनिया के छात्रों में इतनी प्रतिभा है तो उन्होंने कहा कि अगर इन्हें सही दिशा में सही प्रशिक्षण दिया जाए तो निश्चित रूप से स्कूल के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबॉल में अपना नाम रौशन कर सकते हैं। स्कूल के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि झारखंड बास्केटबॉल संगठन से अभी तक कोडरमा जिला जुड़ा नहीं है। कौणिडनिया पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष ने कहा कि कोडरमा जिले में बास्केटबॉल संगठन का शीघ्र ही गठन किया जाएगा एवं इसे झारखंड बास्केटबॉल संगठन से मान्यता प्रदान करवाया जायेगा। इन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में झारखंड बास्केटबॉल के सचिव तथा इंटरनेशनल कोच जेपी सिंह से भी इनकी बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिला में अगर बास्केटबॉल संगठन का गठन होता है तो निश्चित रूप से इस जिले के मेधावी छात्र इससे लाभान्वित होंगे । राजीव रंजन सर ने आगे कहा कि इस दिशा में उनका सतत प्रयास जारी रहेगा।

# बड़कागांव चौक में अपराधियों ने दो युवकों को चाकू से किया घायल

## घायल युवकों किया गया रेफर





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव मुख्य चौक में काला स्कॉर्पियो से उतारकर अपराधियों ने दो युवकों को चाकू मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। यह घटना गुरुवार की शाम 7:30 बजे की है. घायल युवकों को बड़कागांव के ग्रामीणों ने बड़कागांव सामुदायिक अस्पताल में लाकर प्राथमिक इलाज कराया। घायल युवकों की पहचान बड़कागांव थाना क्षेत्र ग्राम पिपराडीह निवासी उमेश गोप का 23 वर्षीय पुत्र चंदन गोप , एवं अर्जुन गोप का 18 वर्षीय पुत्र ललन गोप के रूप में गई है। घटना की सूचना पाकर बड़कागांव थाना प्रभारी नमेधारी रजक, ए एस आई आशीष भगत, अमित कुमार, अभिषेक कुमार पुलिस दल बल के साथ पहुंचे. पुलिस ने घायल युवकों एवं प्रत्यक्षदर्शियों से घटना की जानकारी ली। घायल युवकों का इलाज बड़कागांव अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शंभू कुमार ने प्राथमिक इलाज किया। गंभीर अवस्था को देखते हुए दोनों घायलों को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बड़कागांव मुख्य चौक के प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया काला स्कॉर्पियो से हजारीबाग की ओर से चार-पांच की संख्या में अपराधी आए। स्कॉर्पियो से उतरकर अपराधियों ने चौक में दोनों युवकों को चाकू मार दिया . ललन गोप को बायां पसली के पास चाकू लगा है, जबकि चंदन गोप को पीठ में चाकू लगा है। घायल युवक चंदन गोप ने बड़कागांव पुलिस के समक्ष बयान देते हुए बताया कि कटकमदाग थाना क्षेत्र के रेवाली गांव के राजा, शिवम ,रोहित, गोल्डेन द्वारा घटना का अंजाम दिए जाने की बात कही। घटना का कारण बकाया 16,000 राशि मांग को लेकर की गई है। इस संबंध में बड़का गांव पुलिस गहन छानबीन करने में जुट गई है। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक के परिजनों द्वारा आवेदन दिए जाने की बात की जा रही थी। बड़कागांव अस्पताल में आप व्यवस्था को लेकर एवं ग्रामीणों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई . बड़कागांव चौक के ग्रामीणों ने कहा कि आए दिन मुख्य चौक या बाजार में घटना घटती रहती है। इसलिए बड़कागांव चौक एवं बाजार में रक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस की पहरेदारी मांग की है।

# हजारीबाग हिंसा एक दिन नहीं, पांच साल की सोच का नतीजा: भाजपा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**रांची।** भाजपा ने हजारीबाग जिले के इचाक में महाशिवरात्रि के दिन हुई हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस घटना के लिए राज्य सरकार को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह हिंसा सिर्फ एक दिन की घटना नहीं है, बल्कि यह पिछले पांच वर्षों की नीतियों और सोच का परिणाम है, जो धीरे-धीरे झारखंड को भीतर से कमजोर कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह तुष्टिकरण की वही राजनीति है, जिसकी नींव कांग्रेस ने स्वतंत्रता से पहले ही रख दी थी और अब झारखंड इस "नीति का प्रयोगशाला" बन चुका है। अजय साह ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और जेएमएम की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति विभिन्न रूपों में राज्य में दिख रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जबरन स्कूलों को शुक्रवार को बंद करवाना, अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देना, स्लीपर सेल को राजनीतिक संरक्षण देना, आदिवासी लड़कियों को 'लव जिहाद' का शिकार बनाना, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ( पीएफआई) जैसे संगठनों का विस्तार और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण को बढ़ावा देना इसी नीति का हिस्सा हैं। साह ने 2022 में रांची में हुए दंगे का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी में दिनदहाड़े उपद्रव हुआ था, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि उसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था। उन्होंने कहा कि 10 जून की उस घटना ने पूरे झारखंड में उपद्रवियों को यह संकेत दिया कि वे चाहे शहर को जला भी दें, सरकार उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगी। अजय साह ने आगे आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों ने झारखंड में अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों को पैर पसारने का अवसर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक सरकार के किसी भी मंत्री ने डॉ. इश्तियाक अहमद के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया, जो राज्य में अल-क़ायदा को बढ़ावा देने की वजह से गिरफ़्तार किया गया है।

# रात में दरवाजा नहीं खोलने पर फंदे पर लटकर कर ली खुदकुशी

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**पलामू।** पत्नी के दरवाजा नहीं खोलने पर एक युवक ने फंदे पर लटकर जान दे दी। उसी दिन युवक हैदराबाद से मजदूरी करके पत्नी मालो देवी के साथ घर लौटा था। घटना के समय युवक नशे में था। गुरूवार सुबह घर के बरामदे में युवक का शव फंदे से लटका देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया। खुदकुशी के कारणों का पुलिस पता लगा रही है। **घटना जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के धावा गांव में हुई।** हुटार गांव का युवक अनिल भुइयां (30) बुधवार को हैदराबाद से मजदूरी करके लौटा था। पत्नी और दो बच्चे भी उसके साथ गए हुए थे। धावा गांव में युवक का ससुराल है। ससुराल आते ही पत्नी और बच्चों को छोड़कर वह घर से निकला और देर रात तक नहीं लौटा। हालांकि चर्चा है कि रात में नशा करने के बाद अनिल ससुराल आया था और दरवाजा खुलवा रहा था। दरवाजा नहीं खुलने पर उसने गुस्से में आकर घर के बरामदे में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। अनिल तीन महीने पहले पत्नी और दो बच्चों को लेकर हैदराबाद विकास प्रसाद की साइड पर मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं। दो लड़का एक लड़की। बड़े लड़के को ससुराल में छोड़ गया था। बुधवार शाम ससुराल लौटने पर घर में केवल दो भाभी थी। परिवार के पुरूष सदस्य नहीं थे। आने के बाद पत्नी और ससुराल के अन्य लोगों से क्या बातचीत हुई और उसने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश साह ने घटना की पुष्टि करे हुए बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद डेडबॉडी परिजनों को सौंप दी गयी है।

# विभावि के छात्र शोध अध्ययन के लिए सीखेंगेआंकड़ा एकत्रित करने के तरीके

- भोजन की आदतें, एंथ्रोपोमेट्रिक मेजरमेंट्स एवं फेनोटाइप आंकड़ा से समझाई जाएगी स्वास्थ्य की स्थिति
- मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च प्लेटफार्म, विभावि स्वास्थ्य की स्थिति समझने के लिए विद्यार्थियों को सिखाएगा आंकड़ा संकलन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**हजारीबाग।** भोजन की आदतें,सांस्कृतिक पहचान और व्यक्तित्व निर्माण जैसे विषयों के ऊपर शोध के लिए आंकड़ा संकलन करने एवं आंकड़ों के विश्लेषण से संबंधित जानकारी दी जाएगी। भोजन की आदतें और पोषण, किस तरह से स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, इसकी जानकारी शोध आंकड़ों के माध्यम से दी जाएगी। आंकड़ों का संकलन, संबंधित शोधार्थियों द्वारा किया जाएगा। बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), भोजन के रूप में सेवन किये जाने वाले भोज्य पदार्थों सहित रक्तचाप, सामाजिक आर्थिक और फेनोटाइप डेटा एकत्रित कर स्वास्थ्य से जुड़े मापदंड और स्थिति की जानकारी दी जाएगी। किस उम्र में कितना बीएमआई होना चाहिए और वर्तमान में कितना है, इन चीजों की जानकारी से स्वास्थ्य का क्या संबंध है, इसे भी बताया जाएगा। इस शोध अध्ययन में मानव विज्ञान विभाग के डॉ गंगानाथ झा, जंतुविज्ञान के डॉ मनोज कुमार, फिजियोथेरेपी विभाग के शिक्षक डॉ मिराज, सीएनडी की डॉ जया सिन्हा और अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी पुष्कर कुमार पुष्प शोध कार्य में विद्यार्थियों के साथ अपना योगदान देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे को लेकर सतर्कता जरूरी : डीजी

**धनबाद, एजेंसी।** डीजीएमएस मुख्यालय धनबाद में बुधवार को 'ट्रॉय दिशानिर्देश और संगठनात्मक और व्यक्तिगत साइबर सुरक्षा' पर विकास भवन के वर्कशॉप हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन डीजीएमएस के डीजी उज्ज्वल ताह, डीडीडी अजय सिंह, डीडीजी (स्टेट) जेपी आर्य, बीएसएनएल के डीजीएम (एनडब्ल्यू) अन्विता नाथ व बीएसएनएल के एजीएम (ईबी) कमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। जबकि समन्वय डीजीएमएस के निदेशक (सोमा) एन बाला सुब्रमण्यम ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को ट्रॉय दिशा-निर्देशों, संगठनात्मक और व्यक्तिगत साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी देनी थी। इस दौरान डीजीएमएस के डीजी श्री ताह ने बताया कि बढ़ते साइबर क्राइम के खतरों को देखते सतर्कता जरूरी है। सभी कर्मचारी अपने कार्य वातावरण की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रहें। यह कार्यशाला संगठन के सभी कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल व ट्रॉय दिशा-निर्देशों पर अपने ज्ञान को अद्यतन करने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यशाला के प्रथम सत्र में बीएसएनएल के एजीएम (ईबी) कमलेश कुमार ने ट्राई का परिचय व दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। जबकि दूसरे सत्र में डीएमएमएस के सदाशिव ने सरकारी कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा दिशानिर्देश से संबंधित पावर प्रजेंटेशन दिया। मौके पर बड़ी संख्या में डीजीएमएस व बीएसएनएल के अधिकारी उपस्थित थे।

### हादसे में मृत वेटनरी कॉलेज के छात्र का शव पहुंचा

**धनबाद, एजेंसी।** विवि से मिले एंबुलेंस से परिजन रात आठ बजे शव के साथ धनबाद गये। अन्य विद्यार्थियों ने शैक्षणिक यात्रा बीच में रोकी, लौट रहे वापस। दक्षिण भारत की शैक्षणिक यात्रा पर गये बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत वेटनरी कॉलेज के फाइनल इयर के विद्यार्थी शशांक कुमार शिवम का शव चेन्नई से हवाई जहाज से शाम सात बजे रांची पहुंचा। पिता प्रह्लाद महतो व परिवार के अन्य सदस्य उन्हें अपने घर बांसजोरा कनकनी बस्ती (नियर मनसा मंदिर) धनबाद ले गये। रांची एयरपोर्ट से धनबाद शव ले जाने के लिए विवि की तरफ से एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी।विवि की तरफ से वेटनरी डीन डॉ सुशील प्रसाद ने एयरपोर्ट पर शशांक को श्रद्धांजलि दी। इधर बाकी विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक यात्रा बीच में ही स्थगित कर वापस रांची लौट रहे हैं। मालूम हो कि वेटनरी कॉलेज के 90 विद्यार्थी व दो शिक्षक 18 फरवरी 2025 को रांची से दक्षिण भारत की शैक्षणिक यात्रा पर गये थे। कोयंबटूर के पास रात में सड़क पार करने के दौरान छात्र शशांक कुमार शिवम को एक वाहन ने धक्का मार दिया। यात्रा में शामिल विद्यार्थियों ने स्थानीय लोगों की मदद से नजदीक के एक सरकारी अस्पताल में ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### धनबाद होकर चलेगी कोलकाता-श्रीगंगानगर स्पेशल ट्रेन

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद होकर कोलकाता-श्रीगंगानगर स्पेशल ट्रेन चलेगी। रेलवे ने इसकी घोषणा कर दी है। यह ट्रेन श्रीगंगानगर से पांच व कोलकाता से नौ मार्च को चलेगी। इसके लिए सीटों की बुकिंग शुरू हो गयी है। अब गिनती की ही सीटें खाली हैं। ट्रेन नंबर 04731 श्रीगंगानगर-कोलकाता स्पेशल पांच मार्च को श्रीगंगानगर से रात 11:00 बजे रवाना होगी। सात मार्च की रात 8:40 बजे धनबाद तथा आठ मार्च की सुबह 8:50 बजे कोलकाता पहुंचेगी। 04732 कोलकाता-श्रीगंगानगर स्पेशल नौ मार्च को कोलकाता से सुबह 9:05 बजे रवाना होगी। दोपहर 3:05 बजे धनबाद तथा 11 मार्च को दिन 11:45 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। ट्रेन प्रयागराज, आगरा व मथुरा होकर चलेगी। खाटू श्याम दरबार तक पहुंचने का भी विकल्प होगा। ट्रेन का बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद, पारसनाथ, गया, डीडीयू, मीरजापुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, इटावा, टुंडला, आगरा फोर्ट, मथुरा, डींग, गोविंदगढ़, अलवर, राजगढ़, बांदीकुई, दौसा, खतिपुरा, जयपुर, चौमू सामीद, रिंगस, सीकर, रशीदपुर खोरी, लक्ष्मणगढ़ सीकर, फतेहपुर शेखावटी, चुरू, रतनगढ़, राजलदेसर, श्रीडुंगरगढ़, नापसार, बीकानेर, लालगढ़, लुनकरनसर, सूरतगढ़, जैतसर आदि में ठहराव होगा।

# बजट सत्र: सदन में झारखंड की पद्मावती की हुई चर्चा



**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज तीसरा दिन है। महाशिवरात्रि के चलते 26 फरवरी को सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। आज की कार्यवाही की शुरुआत प्रश्न काल से हुई। राज्यपाल संतोष गंगवार के अभिभाषण पर वाद-विवाद होगा और फिर सरकार का उत्तर होगा। 28 फरवरी को तृतीय अनुपूरक पर वाद-विवाद, मतदान के बाद विनियोग विधेयक को टेबल किया जाएगा। इसके बाद 2 मार्च तक के लिए सत्र की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी, क्योंकि शनिवार और रविवार पड़ रहा है। 3 मार्च को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सदन में बजट पेश करेंगे।

बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में झारखंड की पद्मावती की चर्चा हुई। विधायक अमित महतो ने झारखंड की पद्मावती टुसू मनी देवी की चर्चा की और अपनी मांग रखी। सदन में विधायक जयराम महतो के द्वारा ऊर्जा विभाग के कार्यशैली पर उठाए गए सवाल पर गरमा गरम बहस हुई।

विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के ऊर्जा मित्र के बकाया राशि और बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत सदन से की। मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने का मामला विधायक सीपी सिंह ने उठाया। मंत्री चमरा लिंडा ने सदन को आश्वस्त किया कि 15 मार्च तक जनवरी-फरवरी का भुगतान हो जाएगा। सीपी सिंह ने सदन से 18-50 साल की सभी महिलाओं चाहे वो विकलांग हो या विधवा हो उसे एक समान सम्मान राशि मिलने की बात कही। विधायक प्रदीप यादव ने धान खरीद में हो रही किसानों की परेशानी और सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया। मंत्री इरफान अंसारी ने सदन को आश्वस्त किया कि जो सवाल खड़ा किया गया है, उसकी जानकारी लेकर चालू सत्र में जवाब दिया जायेगा।

धान खरीद की धीमी रफ्तार और बिचौलिए के कारण किसानों को हो रही परेशानी मामले को हेमलाल मुर्मू ने सदन में उठाया। विभागीय मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि 15 अप्रैल तक किसानों का बकाया भुगतान हो जायेगा। विधायक मथुरा महतो ने भी सदन में धान खरीद में सुखती काटे जाने पर सवाल खड़ा किया।

विधायक अमित यादव ने इचाक की घटना और मंत्री इरफान अंसारी के विवादास्पद बयान का मामला उठाया। अमित यादव ने सूचना के माध्यम से इरफान अंसारी से माफी मांगने की मांग की। भाजपा विधायक स्कूल में रसोईया के मानदेय तीन हजार के बजाय दो हजार दिए जाने पर सवाल उठाया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन को भरोसा दिलाया कि जल्द ही तीन हजार मानदेय दिया जायेगा।

झारखंड विधानसभा बजट सत्र का तीसरा दिन प्रश्नकाल से शुरू हुआ। रांची विधायक सीपी सिंह ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि मंईयां योजना की राशि दिसंबर तक ही मिली है। जनवरी का पैसा अभी तक लाभुकों को नहीं मिला है। फरवरी भी खत्म होने को है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभिभाषण में गलत कहा गया कि मंईयां योजना की राशि लाभुओं को दी जा रही है। लेकिन हकीकत इससे परे है। उन्होंने कहा कि दिया जा रहा है के बदले दिया जायेगा लिखना चाहिए था।

सीपी सिंह ने सदन में विधवा महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 18 से 50 साल की आयु की विधवा महिलाओं को केवल एक हजार रुपये मिलते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी महिलाओं का क्या दोष है कि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा।

## इमका अवॉर्ड्स का ऐलान, पब्लिक सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किए गए पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल



**जमशेदपुर, एजेंसी।** आईआईएमसी एलुमनी एसोसिएशन के वार्षिक कनेक्शन्स मीट में नौवें इमका अवॉर्ड्स के विजेताओं के नाम का ऐलान नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में किया गया। इसमें झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी किशोर कौशल को पब्लिक सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा गूंज के संस्थापक अंशु गुप्ता और लेखक-पत्रकार नीलेश मिश्रा को एलुमनी ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सर्वप्रिया सांगवान को जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। समारोह में आईआईएमसी से 25 साल पहले पास हुए लगभग 80 पूर्व छात्र-छात्राओं को सिल्वर जुबली सम्मान भी दिया गया।

पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इमका अवॉर्ड्स का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है।

इसके तहत मूल रूप से पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर काम करने वालों को सम्मानित किया जाता है। इसके साथ ही कुछ श्रेणी वैसे भी बनाये गये हैं, जो सीधे तौर पर पत्रकारिता से नहीं जुड़ कर समाज और जनता के लिए बेहतर काम करते हैं। जिसमें सोशल सर्विसेज और पब्लिक सर्विसेज समेत और भी कुछ श्रेणी को शामिल किया गया है।

पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस वर्ष आईआईएमसी एलुमनी एसोसिएशन के वार्षिक कनेक्शन्स मीट में पब्लिक सर्विस अवॉर्ड के लिए उन्हें चयनित किया गया। इस मौके पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के कई पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## जमशेदपुर में फिर बदलेगा मौसम, हफ्तेभर में चिलचिलाती धूप बढ़ाएगी परेशानी, पारा बढ़कर होगा 36 डिग्री सेल्सियस



**जमशेदपुर, एजेंसी।** शहर के मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने वाला है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जमशेदपुर के लोगों को अगले एक सप्ताह के भीतर अचानक अत्यधिक गर्मी से जूझना होगा। एक सप्ताह में दिन और रात का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ सकता है। रात का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ कर 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा।

एक मार्च को दिन का तापमान बढ़ कर 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा, जो करीब एक सप्ताह तक बरकरार रहेगा। रात के तापमान में भी इजाफा होगा। रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा।ठंड धीरे-धीरे अब विदा होगी। तापमान में बढ़ोत्तरी से गर्मी का अहसास होने लगेगा। 27 फरवरी से ही धूप काफी तेज रहेगी।मंगलवार को जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 32।0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1।5 डिग्री सेल्सियस कम था। अधिकतम तापमान 16।0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0।2 डिग्री सेल्सियस कम था। हवा में आद्रर्ता की अधिकतम मात्रा 61 प्रतिशत जबकि न्यूनतम मात्रा 33 प्रतिशत थी।

## प्रदेश पुलिस एसोसिएशन का महाधिवेशन शुरू चुने जाएंगे नए पदाधिकारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का दो दिवसीय महाधिवेशन गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। महाधिवेशन के दूसरे दिन एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का चुनाव होगा।

एसोसिएशन के सात पदों के लिए इस बार 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें एक अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी, दो उपाध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशी, एक महामंत्री पद पर तीन प्रत्याशी, दो संयुक्त सचिव पद पर चार प्रत्याशी व एक संगठन सचिव के पद पर दो प्रत्याशी शामिल हैं। इसमें राज्यभर के सभी जिलों व पुलिस इकाइयों के एसोसिएशन से जुड़े 1056 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

झारखंड पुलिस के एएसआइ से पुलिस निरीक्षक स्तर के पदाधिकारियों के इस केंद्रीय एसोसिएशन का चुनाव अपने नियत कार्यकाल से दो साल विलंब से हो रहा है। चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है। अब चुनाव की बारी है। 28 फरवरी को ही मतों की गिनती होगी, जिसका देर रात तक परिणाम आ जाएगा। चयनित नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एक मार्च को निर्धारित है।



झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर पुलिस मुख्यालय से भी कई बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है। यह एसोसिएशन झारखंड पुलिस के कनीय पुलिस पदाधिकारियों का एसोसिएशन है, जो अपने सदस्यों की समस्याओं के समाधान को लेकर पुलिस मुख्यालय, सरकार के बीच सेतु का काम करता है।अध्यक्ष पद पर राहुल कुमार मुर्मू, रवींद्र कुमार व कमलेश सिंह, उपाध्यक्ष पद पर निरंजन तिवारी, रोहित कुमार रजक, रामाकांत उपाध्याय, महताब आलम व अशोक तिवारी, महामंत्री पद पर संजीव कुमार, अरविंद कुमार यादव, नीलमणी राम, संयुक्त सचिव पद पर संतोष कुमार महतो, राकेश कुमार पांडेय, श्रीकांत शर्मा व मनोज पासवान तथा संगठन सचिव के पद पर मंटू कुमार व निर्मल कुमार यादव। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यालय के समीप बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में राहुल कुमार मुर्मू गुट ने बताया कि एसोसिएशन के सभी सदस्य बदलाव चाहते हैं।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेंद्र सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। कनीय पुलिस पदाधिकारी विभिन्न समस्याओं पर पूर्व के पदाधिकारियों से उदासीनता व पूर्वाग्रह का शिकार हुए हैं।उनकी टीम विजयी होकर आने पर सभी पुलिस पदाधिकारियों का सम्मान करेगी। विभिन्न समस्या, स्थानांतरण में एकरूपता, ससमय प्रोन्नति, आर्थिक लाभ, आधारभूत संरचना, वर्षों से लंबित एसीपी, एमएसीपी का लाभ दिलाएगी। सभी सदस्यों के इलाज के लिए जल्द से जल्द बेहतर सुविधा प्रदान कराया जाना इस टीम की प्राथमिकता होगी।

## रामगढ़ के चुट्टूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर ने पांच वाहनों को मारी टक्कर, एक की मौत, चार गंभीर रूप से घायल



**रामगढ़, एजेंसी।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुट्टूपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इसमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई है तथा अलग-अलग वाहनों में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब एक अनियंत्रित ट्रेलर ने आगे चल रहे पांच वाहनों को टक्कर मार दी। सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व बचाव दल मौके पर पहुंचा और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। साथ ही क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे से हटाया गया।

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि घाटी क्षेत्र में एक अनियंत्रित ट्रेलर ने दो ट्रक, चार पहिया व दो पहिया वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे सभी वाहन चकनाचूर हो गए और वाहनों में सवार लोग घायल हो गए। वहीं ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में बुरी तरह फंसे चालक को बाहर निकाला गया। उससे पहले अन्य वाहनों में सवार घायलों को रामगढ़ पुलिस ने इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

घटना के बाद फोरलेन पर अफरातफरी मच गई। घटना के कारण एकतरफा सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। किसी तरह दूसरे लेन से वाहनों की आवाजाही शुरू की गई और क्रेन व हाइड्रा के जरिए सभी वाहनों को हटाने का प्रयास शुरू किया गया। इस पूरे हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें रांची रेफर किया गया है।थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि घाटी इलाके में दुर्घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार को तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से पुलिस बल के साथ वहां भेजा गया। घटनास्थल पर कई लोग घायल हैं और ट्रेलर चालक केबिन में बुरी तरह फंसा हुआ था। सबसे पहले घायल फोरव्हीलर, ट्रक और बाइक सवार को अस्पताल भेजा गया। वहीं डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे ट्रक चालक को गंभीर हालत में बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## गढ़वा के चिनिया इलाके में एक बार फिर जंगली हाथी ने दी दस्तक, ग्रामीणों में दहशत

**गढ़वा, एजेंसी।**जिले के चिनिया थाना क्षेत्र के चिनिया-बेता मुख्य मार्ग पर एक जंगली हाथी को विचरण करते हुए देखा गया है। जिसकी पुष्टि चिनिया के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने की है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जंगली हाथी को जंगल की तरफ भगाया। इस वर्ष अब तक हाथियों ने जिले में दो लोगों की जान ले ली है। इस कारण फिर से इलाके में हाथी की मौजूदगी से लोग दहशत में हैं। रात में लोग रतजगा करने को विवश हैं, वहीं दिन में भी खास सतर्कता बरत रहे हैं।

**वन विभाग ने किया अलर्ट जारी :** वहीं हाथी की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वन विभाग सजग दिख रहा है। विभाग ने चिनिया, चिरका और बेता गांव में रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। लोगों से सड़क की तरफ और जंगल की तरफ बेवजह नहीं जाने की अपील की है।

हाथी एक की ले चुका है जान



वहीं जंगली हाथी अब दिन में भी गांव के नजदीक भ्रमण कर रहा है। इस कारण लोगों में दहशत व्याप्त है। बताया जाता है कि इस जंगली हाथी ने एक सप्ताह पूर्व चिरका गांव के रहने वाले एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला था।

**लोगों को सता रहा है अनहोनी का डर :** दिन के उजाले में हाथी के विचरण करने का वीडियो सोशल मीडिया ग्रुप में तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि हाथी के विचरण का वीडियो वायरल होने के बाद लोग सतर्क तो जरूर हैं, लेकिन साथ-साथ डर भी बना हुआ है। लोगों ने वन विभाग से जान-माल की रक्षा करने की गुहार लगाई है।

# राज्यपाल ने नमो ई-लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर का किया उदघाटन

**रांची, एजेंसी।** बढ़ते साइबर अपराध और इससे लोगों को सचेत करने के उद्देश्य से रांची में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने संसदीय कार्यालय परिसर में नमो ई-लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर की शुरुआत की है। साइबर क्राइम एक्सपर्ट मेजर विनीत के सहयोग से संचालित इस साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन बुधवार 26 फरवरी को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया।

इस मौके पर सांसद कार्यालय से संचालित होने वाले नमो ई-लाइब्रेरी की भी शुरुआत राज्यपाल ने बटन दबाकर की। सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से शुरू हुए इस नमो ई-लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर की राज्यपाल ने सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को लाभ मिलेगा।



हालांकि सीमित जगह होने के कारण इसके संचालन में आने वाली परेशानी से भी राज्यपाल ने सचेत किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि नमो ई-लाइब्रेरी के जरिए यहां आने वाले विद्यार्थियों और शोधार्थियों को न केवल कम्प्यूटर के जरिए ऑनलाइन पढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि जरूरत के हिसाब से प्रिंट भी ले सकते हैं। उन्होंने साइबर अपराध के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए मेजर विनीत के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से समय-समय पर साइबर विशेषज्ञों की मुफ्त राय, कार्यशाला आदि आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणा हमें प्रधानमंत्री मोदी के पेरिस में एआई पर दिए गए संबोधन से मिली है। उन्होंने कहा कि अब तो एआई का समय है और जब हम 2047 में विकसित भारत की सोच रख रहे हैं तो यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

**शुरुआत छोटे स्तर से होती है: विनीत**

साइबर शिक्षा को लेकर शुरू की गई इस पहल को अनोखा बताते हुए मेजर विनीत कहते हैं कि कोई भी शुरुआत छोटे स्तर से होती है जो आगे चलकर रोल मॉडल बन जाता है। उन्होंने कहा कि यह सेंटर देश का पहला सेंटर है जो किसी सांसद के द्वारा खोला गया है। झारखंड में साइबर अपराध खासकर जामताड़ा देश दुनिया में जाना जाता है।

ऐसे में समय के साथ बढ़ रहे अपराध और इससे सचेत रहने की जरूरत है। इसके माध्यम से लोगों को साइबर शिक्षा की जानकारी दी जायेगी।

# 5 नाबालिगों से सामूहिक दुष्कर्म का मामला, पुलिस विभाग ने ले लिया एक और बड़ा फैसला

**रांची, एजेंसी।** खूंटी के रनिया थाना क्षेत्र में पांच नाबालिगों से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस स्पीडी ट्रायल कराएगी। इस मामले में गिरफ्तार सभी 18 आरोपितों के उम्र का सत्यापन जारी है। इस मामले में बच्चों को यौन शोषण के अपराधों से बचाने का प्रविधान संबंधित कानून पाक्सो के तहत प्राथमिकी दर्ज है। आरोपितों पर इससे संबंधित धाराओं के तहत ही मुकदमा चलना है। इस मामले में जो आरोपित पकड़े गए हैं, उन्हें भी नाबालिग बताया गया है। अब पुलिस उपलब्ध दस्तावेजों आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र आदि के आधार पर उनके उम्र का सत्यापन कर रही है।

अगर वे 16 साल से कम के निकले तो उनके विरुद्ध ट्रायल जूवेनाइल जस्टिस बोर्ड में चलेगा। उम्र 16 वर्ष से ऊपर का हुआ तो व्यस्कों के जैसी सजा होगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता स्वयं पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने इस पूरे प्रकरण पर एसपी खूंटी से जानकारी ली है और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। महिलाओं-बच्चियों से अपराध के मामले में यह प्रविधान है कि 60 दिनों के भीतर अनुसंधान पूरा कर पुलिस कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट दाखिल करेगी।

इस अवधि में पर्याप्त साक्ष्य व जांच के सभी बिंदुओं को समाहित करते हुए कोर्ट में रिपोर्ट देनी है। इसके बाद जल्द ट्रायल कराकर आरोपितों को सजा दिलाने की जिम्मेदारी भी पुलिस की है।

इसके लिए सभी जिलों में विशेष कोर्ट भी बना है। खूंटी के रनिया थाना क्षेत्र के इस मामले में भी पुलिस घटना की तिथि से 60 दिनों में अपना अनुसंधान पूरा कर कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर देगी। खलारी थानाक्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना मंगलवार 11 बजे दिन की है।

सूचना मिलते ही खलारी थाना पुलिस ने आरोपी महावीरनगर निवासी अर्जुन लोहरा (20 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना को लेकर किशोरी द्वारा खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। किशोरी द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार मंगलवार को वह एक ज्वेलरी दुकान गई थी।

दुकान बंद मिलने पर वापस अपने घर लौट रही थी। इसी क्रम में अपने घर के बाहर खड़ा अर्जुन लोहरा ने वहां से गुजर रही किशोरी को जबरन अपने घर के अंदर ले गया और जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया।

इसके बाद अपने घर में ही किशोरी को बेहोश छोड़कर भाग गया। किशोरी की मां अर्जुन लोहरा के घर से बेहोशी हालत में अपनी बेटी को अस्पताल ले गई, जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया।

## रेसीप्रोकल टैरिफ से भारत भी प्रभावित

एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। इन देशों में भारत भी एक है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने आगाह किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (रेसीप्रोकल टैरिफ) से जो देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, उनमें भारत भी है। एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। वियतनाम, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका से अधिक जुड़ी हुई हैं। भारत और जापान की घरेलू अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं, इससे ये दोनों एक हद तक ट्रंप के टैरिफ की मार को झेल जाएंगे। मगर दोनों देशों के लिए अमेरिका वह स्थल है, जहां उनके निर्यात की बड़ी मात्रा जाती है। जिन चंद बड़े देशों के साथ कारोबार में भारत व्यापार लाभ की स्थिति में है, उनमें अमेरिका प्रमुख है। वरना, चीन और रूस जैसे देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ता चला गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस वित्त वर्ष में फरवरी तक चीन से भारत 101 बिलियन डॉलर का आयात कर चुका होगा, जबकि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक भारत से चीन को हुआ कल निर्यात 14.85 बिलियन डॉलर का ही था। साल भर पहले से तुलना करें, तो इसमें डेढ़ बिलियन डॉलर से भी कम की बढ़ोतरी हुई। ऐसे में अमेरिकी बाजार से होने वाले व्यापार लाभ का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान है। अब ट्रंप ने समान मात्रा में आयात शुल्क लगाने का फैसला कर इस लाभ को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाया है। आशंका है कि इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तु एवं सेवाएं महंगी हो जाएंगी, नतीजतन इनका उपभोग वहां घट सकता है। इससे निर्यात में गिरावट आएगी। डब्लूटीओ नियमों के तहत विकासशील देश होने के नाते भारतीय निर्यात को विशेष सुविधा मिली रही है।

## विश्व भर में जमने लगी है भारतीय फूलों की धाक

**मुकेश तिवारी**

देश में हर साल 2.85 हेक्टेयर में फूल उगाए जा रहे हैं ,जिनमें से तीन चौथाई से ज्यादा हिस्सा निर्यात कर दिया जाता है, देश में भी फूलों की खपत में अच्छा खासा इजाफा हुआ है ,खास बात यह है कि तकरीबन 50 अरब डॉलर के अंतरराष्ट्रीय फूल बाजार में भारत के फूलों के निर्यात के लिए आज भी सीमित संभावनाएं बनी हुई है ,वैसे भी भारत नीदरलैंड के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फूल उत्पादक देश होने के साथ साथ निर्यात भी है एक दशक पहले एक दौर ऐसा भी था जब फूलों की खेती को बढ़ावा देने के बात इसलिए भी नहीं की जाती थी क्योंकि कोई भी इसे संभावित क्षेत्र मानने के लिए तैयार नहीं था ,ऐसे अनिश्चित क्षेत्र के लिए सरकार से मदद की उम्मीद भी स्वाभाविक तौर पर नहीं की जा सकती थी ,तब इस क्षेत्र की किसी योजना के लिए बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाए भी मदद देने से पहले अनगिनत प्रश्न करती थी ,तब फूलों की खेती सिर्फ छोटे किसानों का धंधा माना जाता था ,लेकिन अब पूरा परिदृश्य बदल चुका है, पिछले महीने के आखिर में फूलों की खेती 717.83 करोड़ के सालाना कारोबार वाला निर्यातआधारित उद्योग बन चुकी है , भारत में हर साल 2.85 हेक्टेयर में फूल उगाए जा रहे हैं, जिनमें से तीन चौथाई से ज्यादा हिस्सा निर्यात कर दिया जाता है ,देश में भी फूलों की खपत में अच्छा खासा इजाफा हुआ है , लेकिन खास बात यह है कि 50 अरब डॉलर के अंतरराष्ट्रीय फूल बाजार में भारत के फूलों के निर्यात के लिए असीमित संभावनाएं भी बनी हुई है बीते एक दशक में विश्व में फूलों की खपत में सालाना 40 फ़ीसदी की लगातार बढ़ोतरी हो रही है और आने वाले कुछ सालों तक तो यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है, मांग में वृद्धि की इस रफ्तार को देखते हुए फूल उगाकर निर्यात करने वाले परंपरागत देश मसलन हॉलैंड, कोलंबिया , इस्राइल ,दक्षिण अफ्रीका,नीदरलैंड ,जिंबॉब्वे आदि अपनी पूरी क्षमता के अनुसार फूलों का उत्पादन करके मांग वाले देशों में निर्यात करने के बाद भी अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, इससे भारतीय फूलों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी मांग बढ़ी है ,सरकार की मदद से निजी क्षेत्र ने भी पूरी सक्रियता दिखाई और धीरे धीरे भारतीय फूलों की धाक विश्व भर में जमने लगी, इस क्षेत्र में संभावित विकास दर को भली-भांति समझ लेने की वजह से ही आज फूलों की खेती से निजी क्षेत्र के जो बड़े नाम जुड़े हैं उनमें टाटा, बिरला, आरपीजी,एम आर एफ, और गोयनका तक के नाम शामिल हैं, गौरतलब बात है कि इस क्षेत्र में लगी अधिकांश निजी कंपनी सिर्फ निर्यात के मकसद से ही फूल उगा रही हैं, बेंगलुरु में फूल की खेती के लिए इतने विशाल आकार के फॉर्म विकसित किए गए हैं कि कभी इस बगीचे के शहर को फूलों का शहर का जाने लगे तो अचंमेंभा नहीं होना चाहिए, बेंगलुरु के अलावा पुणे, कर्नाटक , आंध्र प्रदेश, और हरियाणा भी फूलों की खेती का केंद्र बनकर उभरा है ,हैदराबाद त्रिवेंद्रम और उत्तर पूर्व के भी कुछ ऐसे स्थानों की पहचान की गई है यहां का तापमान और मौसम आदि फूलों की खेती के लिए उपयुक्त हो सकता है ,वैसे फूलों की खेती के लिए बेंगलुरु का मौसम और तापमान सबसे ज्यादा मुफीद है ,यहां 10 से 12हजार हेक्टेयर में फूलों की खेती की जा रही है, देश भर में 2.85 हेक्टेयर में फूल उगाए जा रहे हैं और तकरीबन 45000 टन फूल अकेले बेंगलुरु में उगाए जाते हैं बेंगलुरु में ही इस क्षेत्र की ज्यादा निर्यात आधारित इकाई केंद्रित हैं इसे और बढ़ाया देने के लिए अनेकों महत्वाकांक्षी योजना है ,मसलन हॉलैंड की तर्ज पर केंद्रीय नीलामी केंद्र विकसित करना जहां फूल उत्पादक कारोबारी और निर्यातक



© National Geographic Image Collection/Alamy

ज्यादा सुगमता से कारोबार कर सके, अभी हिंदुस्तानी फूल मोटे तौर पर हॉलैंड में ही पहुंचाते हैं और उसके बाद दुनिया के अन्य देशों में भेजे जाते हैं ,इस क्षेत्र की अन्य अहम चीजे भी हॉलैंड में ही तय होती है , काबिले गौर है कि हॉलैंड सबसे ज्यादा फूलों का उत्पादक देश है, इस क्षेत्र में कामयाबी के तमाम सारे गुर हिन्दुस्तानी कंपनियों ने हॉलैंड की पेशेवर कंपनियों से ही सीखे है ,भारत में फूलों के निर्यात को बढ़ाने के लिए यहां शीत भंडार सुविधाओं को बढ़ाने का भी प्रस्ताव है ,जिसके अभाव में कई बार फूल बेकार हो जाते हैं या गुणवत्ता पर फर्क पड़ जाने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनकी कोई कीमत नहीं रह जाती, बेंगलुरु के अलावा अन्य स्थानों पर फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए इसे निर्यात उधोग में तब्दील करने के काम में भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान और त्रिवेंद्रम के वनस्पति गार्डन व अनुसंधान द्वारा प्रयास किए जा रहे है,फार्मो से हॉलैंड पहुंचने और इसके बाद मांग वाले अन्य देशों को निर्यात में लगने वाले समय को ध्यान में रखते हुए फूलो की टिकाऊ प्रजातियों की काफी अहमियत है और इस दिशा में काफी अनुसंधान आदि काम किये जा रहे है जिससे भारत से निर्यात किए जाने वाले फूल अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी के उपभोक्ताओं तक पहुंचने और उपयोग में आने तक ताजा रह सके मध्य पूर्व के देशों के अतिरिक्त जापान और अमेरिका में भारतीय फूलों की मांग काफी बढ़ी है, शुरुआत में शक के नजरिए के बाद सरकार ने भी इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं को पहचाना , अब बेंगलुरु के बाद पूणे और हैदराबाद में भी फूलों की खेती के लिए और अधिक फॉर्म विकसित करने का प्रयास किया जा रहा हैं, बदले हुए परिदृश्य और संभावनाएं प्रमाणित हो जाने के बाद अब बैंकों और वित्तीय संस्थाओं ने भी इस क्षेत्र के प्रति अपना नजरिया बदला है जिसके फल स्वरुप अब बैंक छोटे किसानों को भी फूलों की खेती के लिए कर्ज देने से नहीं कतराते ,कम निवेश की जरूरत और अपेक्षाकृत जल्दी पैसा मिल जाने की वजह से ज्यादा से ज्यादा किसान और कंपनियां इस व कारोबार की ओर आकर्षित हो रही है, किसानों में इस क्षेत्र के प्रति उत्साह और उत्सुकता भी है,व्यवसायिक अंदाज में खेती करने वाले कुछ किसानों ने तो फूल उगाने के लिए हॉलैंड की कंपनियों से भी तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग हासिल किया है ,इसमें से कुछ साधन संपन्न किसान सीधे हॉलैंड की कंपनियों के लिए फूलों का काफी बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रहे हैं , क्योंकि उक्त कंपनियां फॉर्म से आगे अंतरराष्ट्रीय बाजार और उपभोक्ता तक फूल पहुंचाने की जिम्मेदारी स्वयं संभालती है, निजी कंपनियों के इस क्षेत्र की ओर बढ़ते रुझान की वजह से सीधी सादी यह है कि है कि कम निवेश के बाद इसमें प्रत्यक्ष लाभ जल्दी मिलने लगता है एक कंपनी ने 60 करोड रुपए का निवेश करके इस क्षेत्र में प्रवेश किया और 8 माह के भीतर ही पहली खेप के रूप में 5 करोड रुपए का निर्यात ऑर्डर हासिल कर लिया ,आमतौर पर कंपनियां कंपनियां दो से तीन साल में निवेश की गई सारी पूंजी निकाल लेती है ,भारतीय फूल निर्यातकों के लिए अच्छी बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में फूलों की मांग 12 महीने बनी रहती है, क्रिसमस और नए साल जैसे मौका पर तो विश्व बाजार में फूलों की मांग काफी बढ़ जाने से फूलों की किल्लत हो जाती है, और मुंह मांगे दाम मिलते हैं, भारतीय निर्यातक ऐसी मौके के लिए खास तैयारी किए रहते हैं, गर्मी में सुदूर पूर्व व मध्य पूर्व के देशों में भारतीय फूलों की मांग रहती है, तो सर्दियों में जापान और अमेरिका में भारतीय फूलों के लिए अच्छी खासी मांग रहती है क्योंकि तब हॉलैंड से होने वाला फूलों का निर्यात मौसम के चलते काफी कम हो जाता है, भारतीय निर्यातक हर साल सर्दी में इसका अच्छा लाभ उठाते हैं, अच्छी मांग , मुनाफे ,संभावनाओं और सहूलियतो के बीच कुछ परेशानी भी हैं हालांकि जिनका सामना इस क्षेत्र में लगी कंपनियों ,किसानों को करना पड़ता है, घरेलू हवाई अड्डों पर शीत भंडार ग्रह की पर्याप्त सुविधा नहीं होने से, फूलों के रास्ते में खराब हो जाने के जोखिम से भारतीय फूल निर्यातक सबसे ज्यादा परेशान है ,फूल ले जाने वाले विदेशी एयरलाइंस मोटे तौर पर देरी की वजह से फूल खराब हो जाने का जोखिम उठाना नहीं चाहती, विदेशी एयरलाइंस अपनी शर्तों पर ही फूल ले जाती है, ऐसी स्थिति में निर्यातक भी उससे ज्यादा हील हवाला नहीं कर सकते ,एक भी खेप खराब हो जाने पर निर्यातक को तगड़ी क्षति उठाना पड़ती है ,क्योंकि खराब हुए फूलों के एवज में उन्हें एक भी पैसा नहीं मिलता है, उधर इस क्षेत्र के लिए आवश्यक साजो सामान पर आयात शुल्क की दर भी काफी ऊंची है जिसे घटाने की मांग काफी लंबे समय से की जाती रही है ,इन परेशानियो के बावजूद भी भारत में फूलों की खेती और निर्यात का कारोबार निरंतर फल फूल रहा है, विश्व बाजार में भारतीय फूलों की मांग और उसके निर्यात को देखते हुए यह तय है कि भारतीय फूलों की धाक हमेशा दुनिया भर में बनी रहेगी।

### सूडोकु नवताल- 7355

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7354 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## हो कर भी न होना



**डॉ. प्रशान्त करण**

हमारे भारतीय दर्शन में न होकर भी होना आध्यात्मिक दृष्टिकोण उत्पन्न करता है। हम कहते हैं, कण-कण में भगवान। ईश्वर हो कर भी नहीं दीखते। कुछ विचारधारा के भारतीय ईश्वर का होना नहीं स्वीकारते। वे कहते हैं, ईश्वर होता नहीं। विडंबना यह कि ऐसे लोग मार्क्स और लेनिन को ईश्वर से कम भी नहीं मानते, उतना ही सम्मान देते हैं। ईश्वर, एक असीम ऊर्जा के स्रोत, केंद्रबिंदु का अस्तित्व हो कर नहीं होना, उनके लिए सुखदायी और फलदायी होता है। अधिकतर वैसे लोग अपनी संततियों का विवाह संस्कार स्थापित कर्मकांड से करवा लेते हैं, लेकिन भाषण में अपने को नास्तिक घोषित कर लेते हैं। हो कर भी नहीं होना, ईश्वरत्व को प्राप्त होना ही तो है।

ग्राम पंचायतों की बैठकों में आजकल यह चलन में है। बैठकों की सारी औपचारिकताएँ, सारे निर्णय दबंग मुखियापति लेता है और बाद में अभिलेखों में पत्नी मुखिया का अँगूठा पकड़कर बलपूर्वक ठप्पा लगवा देता है। महिला मुखिया हो कर भी नहीं हैं।

बड़े अधिकारी छोटी-मोटी बैठकों में स्वयं नहीं जाते। अपने चमचेनुमा कनिष्ठ अधिकारी को भेज देते हैं, फिर उनके द्वारा अपनी इच्छानुसार मनचाहे निर्णय करा लेते हैं। बड़े अधिकारी हो कर भी नहीं होते। ऐसे में कई बार भविष्य में बड़ा घोटाला उभरकर सामने आता है। घपले-घोटाले के उजागर होते ही बड़ा अधिकारी अपनी ईमानदारी का प्रमाण पत्र स्वयं बाँटता है और यहाँ तक कि सार्वजनिक रूप से अपने चेलों के साथ स्वयं को भी सफलतापूर्वक कट्टर ईमानदार घोषित कर डालता है। हो कर भी नहीं होना उसे समृद्धि दे जाता है।

कोई काम नहीं करते तो कह देते, होने ही नहीं दिया गया, और अपनी स्वरचित, कपोलकल्पित, काल्पनिक कहानियों को प्रचारित कर दोष दूसरों पर मढ़ देते। इसे बार-बार दुहराते रह कर हो कर भी नहीं होते।

इधर एक और नया चलन दिखने लगा है। सरकारी से लेकर निजी क्षेत्रों तक आउटसोर्सिंग का फैशन चल निकला है। ऐसे में रिश्वतखोरी को नया आयाम तो मिला ही, साथ ही नए घूसखोरी के कीर्तिमान स्थापित होने लगे। कर्मचारी से लेकर साहब तक अब स्वयं रिश्वत नहीं लेते। सबने यह कार्य आउटसोर्स कर दिया है। रामलाल बताते हैं कि एक बार एक चौराहे पर कुछ समय से यातायात बाधित था। जब उनका धैर्य जवाब देने लगा, तो वे अपने वाहन को वहीं लगे जाम में छोड़ आगे गए। देखा कि यातायात पुलिस दयनीय अवस्था में खड़ा अवरुद्ध मार्ग को यातायात सुचारु करने के प्रयास का दिखावा कर रहा है। उधर आगे दो जन, सामान्य दिखने वाले व्यक्ति, ऑटो, छोटे-बड़े ट्रकों और हर व्यावसायिक वाहनों से वसूली में लगे हैं। पूछने पर पान-बीड़ी गुमटी वाले ने बताया, "आज सोमवार है न, यातायात पुलिस का हफ्ता वसूली का विशेष अभियान चल रहा है। वसूलने वाले आउटसोर्स्ड दोनों हैं।" उसने दावा किया कि कहीं भी यातायात मार्ग अवरुद्ध हो, तो सम्माननीय नागरिकों को स्वयं समझना चाहिए कि निर्धारित स्थान पर एक से अधिक यातायात नियंत्रित करने वाले पुलिस लगे हैं। अरे भाई, जब अधिक लोग होंगे तो वसूली भी अधिक करनी पड़ती है। वसूली का हल्ला होता है, तो पुलिस कह देती है कि वह तो यातायात नियंत्रण में उलझी रहती है, उसे क्या पता क्या हो रहा है? स्थानीय थानेदार कह देता, "यातायात का मामला है जी, यह मेरे कार्य क्षेत्र का नहीं।" इस प्रकार हो कर भी नहीं होना फलित होता रहता है।

कुछ लोग व्यवस्था में रहते हुए ईमानदारी की बुरी लत से अथवा अवसर नहीं मिलने से ईमानदार रह गए। वे बेईमानी पर भाषण में भड़ास निकालते हैं, लेकिन जब उन्हें भाग्य से अवसर मिल जाता है, तो वे ही हो कर नहीं होते। फिर भ्रष्टाचार के सारे कीर्तिमान तोड़ देते हैं। बिरले ही ईमानदारी निभाते हुए लज्जित, उपेक्षित, प्रताड़ित होकर टिके रहते हैं। वे हो कर भी नहीं होते। उन्हें कोई नहीं पूछता। सभी कहते, "मूर्ख है।" हो कर नहीं होना पीड़ित भी करता है।




**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका ट्रांसफर मनपसंद जगह पर हो सकता है। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बनी हुई है। परिवार के लोगों में समझ बढ़ेगी। आज आपके घर पर रिश्तेदार आ सकते हैं। घर में अच्छा माहौल बना रहेगा। अगर मन में किसी प्रकार की बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जाएगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिला सकता है। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा। आज आपका मन पूजा पाठ में लगेगा, किसी धर्म स्थल पर भी जा सकते हैं।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए बदलाव लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आज आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आएगी।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं। आज आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में एक दूसरे पर विश्वास बनाये रखें, रिश्ता मजबूत बना रहेगा। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने दूसरे शहर जा सकते हैं। मीटिंग आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में नयापन लाने के लिए जीवनसाथी को कहीं घुमाने ले जाएंगे। आज आप किसी पूरानी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। आज आपके अन्दर कार्यों को लेकर कॉन्फिडेंस बना रहेगा।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप खुद पर विश्वास बनाये रखें, जिससे मुश्किल परिस्थिति का डटकर सामना कर सकें।

**तुला राशि-** आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से संबंधित आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। आज आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे। जिससे आपकी सेहत फिट और फाइन रहेगी। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा, आपकी एक गलत बात बनते हुए कार्यों में समस्या ला सकती है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?। मास कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे। आज आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

**मकर राशि-**आज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्र अपनी पढ़ाई में नए बदलाव करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को आज कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा।


**कुंभ राशि-** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कार्यों से आज आपको फायदा होगा।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छा होगा।

## बायोलोजिकल क्लॉक के संकेत से नियमित कर सकते हैं शारीरिक गतिविधियां

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

बदलती जीवनशैली और आधुनिकता की दौड़ में हम बायोलोजिकल क्लॉक के संकेतों को समझना ही भूल गए हैं। बायोलोजिकल क्लॉक यानी सर्केडियन रिदम को समझना इतना मुश्किल भी नहीं है अपितु यह कहा जाए कि बायोलोजिकल क्लॉक के संकेतों से हम वाकिफ होने के बावजूद उन्हें महत्व नहीं देते और इसी का कारण है कि हम तेजी से मोटापा, डायबिटीज, लिवर, डिप्रेशन, अनिद्रा और यहां तक कि आसानी से मानसिक बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। यह आम आदमी के लिए भले हैरत की बात हो पर जिस तरह हमारी दिनचर्या घड़ी के हिसाब से चलती है, उसी तरह से हमारे शरीर में प्रकृति द्वारा पहले से ही घड़ी बनाई होती है। बॉडी क्लॉक या सर्केडियन रिदम के संकेतों को हम समझने लगें तो स्वास्थ्य से संबंधित बहुत-सी समस्याओं से आसानी से समय रहते बच सकते हैं। प्रकृति बॉडी क्लॉक के माध्यम से हमें पल-पल संकेत देती रहती है। सोते-जागते उसके संकेत हमें मिलने के बावजूद हम उन्हें जाने-अनजाने समझने में भूल कर बैठते हैं। जिस तरह हमारी दिनचर्या घड़ी के हिसाब से चलती है ठीक उसी तरह से हमारी दिनचर्या को जाने अनजाने में बॉडी लॉक नियंत्रित करने में प्रमुख भूमिका निभाती है। सोना-जागना, खाना-पीना, यहां तक कि शरीर का तापमान और शारीरिक गतिविधियों को बॉडी क्लॉक प्रभावित करती है। बायोलोजिकल क्लॉक यानी बॉडी क्लॉक हमारी मनोदशा को भी प्रभावित करती है। दरअसल हमारे शरीर को बायोलोजिकल आवश्यकताओं की जानकारी होती है। कब सोना है, कब जागना है, कब खाना है, कितना खाना है आदि के संकेत स्पष्ट रूप से हमारी बॉडी देती है। होता यह है कि हम उस ओर ध्यान नहीं देते और इसी कारण अनेक बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। बायोलोजिकल क्लॉक के महत्व को इसी से समझा जा सकता है कि 2017 में अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों को उनके बॉडी क्लॉक के अध्ययन और निष्कर्ष पर नोबल पुरस्कार मिल चुका है। यदि हम परंपरागत दिनचर्या देखें तो बॉडी क्लॉक के बारे में पूरी तरह से समझा जा सकता है। हमारी परंपरागत अधिकांश गतिविधियां बॉडी क्लॉक के अनुसार होती है। सूर्योदय से पहले उठने से लेकर रात को सोने तक की सभी गतिविधियां बॉडी क्लॉक के अनुसार निर्धारित है। माना जाता है कि शरीर का सबसे कम तापमान प्रातः 4 से 4.30 के लगभग रहता है। इसी तरह से प्रातः वर्कआउट के स्थान पर योग पर जोर रहता था। सुबह के पूजा-पाठ में योग का अपना महत्व रहता था। प्राणायाम, ध्यान, मुद्राओं का प्रदर्शन आदि योग के ही हैं और सुबह के समय इसको प्राथमिकता दी जाती रही है। सुबह के समय कार्टिसोल का अधिक स्राव व अन्य कारणों से हार्ट अटैक की अधिक आशंका रहती है। इसी तरह बॉडी क्लॉक की मानें तो प्रातः 10 बजे के आसपास का समय सबसे अधिक एक्टिव होता है तो तीन बजे से पांच बजे के आसपास का समय विचार-विमर्श आदि के लिए उपयुक्त माना जाता रहा है। सायं 7 बजे के आसपास शरीर का तापमान अधिक होता है, ऐसे में शांत रहना चाहिए। शाम 6 से साढ़े 6 बजे ब्लडप्रेशर अधिक होता है, ऐसे में दिल के मरीजों को इस समय सतर्क रहना चाहिए। इसी तरह रात 9 बजे नींद का प्रभाव आरंभ हो जाता है। माना जाता है रात 2 बजे गहरी नींद का समय होता है। शाम 5 से साढ़े 5 बजे एक्सरसाइज




के लिए उपयुक्त समय माना जाता है। समझने की कोशिश करें तो यह गोधूली बेला है। इस समय में कुछ आगे-पीछे हो सकता है पर यह साफ है कि बॉडी क्लॉक बड़े सिस्टेमेटिक तरीके से काम करते हुए संकेत देती है जिसे समझना और उसके अनुसार दिनचर्या को नियमित करने से बहुत-सी शारीरिक व मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। हालांकि बॉडी क्लॉक की रिदम व्यक्ति में अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही दिनचर्या के अनुसार उसमें बदलाव होता रहता है। हमारे सोने, जागने और खाने-पीने के समय आदि को बॉडी क्लॉक सर्वाधिक प्रभावित करती है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है तो नींद नहीं आना, डिप्रेशन, याददाश्त खोना, टेंशन, मानसिक समस्याएं, यहां तक आज की सबसे गंभीर बीमारी टाइप 2 डायबिटीज और मोटापा, दिल की बीमारी और कैंसर तक को बॉडी क्लॉक के इशारों को नहीं समझने को माना जाता है। जिनकी दिनचर्या नियमित नहीं होती है उन्हें ही इन समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। शिफ्ट में काम करने वाले, किसी भी कारण से समय पर खाने-पीने या सोने-जागने आदि की चर्या नियमित नहीं होती, उन्हें यह बीमारियां अधिक प्रभावित करती है।


'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।

संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।

फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com

❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025



# महाशिवरात्रि पर पटना में 6 युवक गंगा में डूबे तीन का शव मिला, तीन की तलाश जारी




**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना में महाशिवरात्रि के दिन गंगा नदी में स्नान करने आए 6 युवक डूब गए. घटना के बाद परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है. घटना पटना के गांधी मैदान थाना अंतर्गत कलेक्ट्रेट घाट की है. फिलहाल एसडीआरएफ की टीम ने तीन युवकों को शव बाहर निकाल लिया है, बाकी युवकों की तलाश जारी है.

## पटना में छह युवक डूबे

बताया जा रहा है कि कृष्णा निवास लॉज के छह लड़के विशाल, सचिन, अभिषेक, राजीव, गोलू और आशीष सभी गंगा नदी में वॉलीबॉल खेल रहे थे. तभी बगल में नहा रहे तीन बच्चे उस खेल में शामिल हो गए. इसी बीच कृष्णा निवास लॉज के विशाल डूबने लगा. फिर एक दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी छह लोग डूब गए.

## तीन युवकों का शव बरामद

वहीं, जब एक नाव वाले ने देखा कि सभी युवक डूब रहे हैं तो नाव वाले ने बांस फेंककर आशीष और सचिन को बचा लिया. बताया जा रहा है कि बाकी छह युवक गंगा में समा गए. 3 घंटे के खोजबीन के बाद 2 डेड बॉडी को बाहर निकला गया, फिर देर शाम गोविंदा का भी डेड बॉडी बरामद किया गया. वहीं, तीन युवकों को खोजबीन में जारी है.

## तीन युवक लापता

स्थानीय रेहान के पिता ने बताया कि मेरा बेटा बिना किसी को सूचना दिए अपने तीन दोस्तों के साथ आया था, लेकिन करीब नौ बजे फोन आता है कि आपका बेटा गंगा में डूब गया है. मैं भागे भागे आया तो पता चला कि कुल छह लोग डूबे हैं, जिसमें ती का शव निकल गया है. बाकी तीन अभी भी गंगा में लापता हैं. डीएसपी टाउन, प्रकाश का कहना है कि कलेक्ट्रेट घाट पर पांच से छह बच्चे स्नान करने आए थे. जिसमें कई बच्चे गंगा नदी में डूब गए हैं. हालांकि लगातार एसडीआरएफ की टीम के द्वारा खोजबीन जारी है. वहीं मौके पर स्थानीय थाने की पुलिस भी मौजूद है और लगातार खोजबीन की जा रही है. हालांकि ती बच्चे का बॉडी बरामद भी किया गया है.

# नालंदा में महाशिवरात्रि जुलूस पर हमला

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार के नालंदा से बड़ी खबर है जहां महाशिवरात्रि के जुलूस पर आसमाजिक तत्वों ने हमला कर दिया जिसमें एक व्यक्ति घायल है तो कई अन्य चोटिल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों दस लोगों को हिरासत में ले लिया है जिनसे घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। हालात पर फिलहाल नियंत्रण कर लिया है। एहतियाती कदम उठाते बड़ी संख्या में पुलिस बल को इलाके में तैनात कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन के वरीय अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। शांति समिति के सदस्यों की मदद से शांति बहाली के प्रयास किए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना अस्थावां थाना इलाके के माफी गांव की घटना बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात की झांकी निकाली गई थी। अचानक दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला बोल दिया। घटना में एक युवक रंजीत पासवान जख्मी हो गया उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई उसके बाद लोग भाग चले। तनाव को देखते हुए इलाके में पुलिस कैंप कर रही है। प्रशासन ने आम जनों से अफवाह में नहीं पड़ने की अपील की है। घायल युवक की बहन गुड़िया देवी ने के अनुसार बिलासपुर गांव से दिन में जुलूस निकला था जो रात में माकी से होकर लौट रहा था। उसी दौरान मारपीट हो गई। उसे बताया गया कि भाई बेहोश हो गया तो हॉस्पिटल ले जाया गया है। दूससे पक्ष के लोगों पर उन्माद फैलाने की कोशिश का आरोप लगाया गया है। इस में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। शांति बहाली की कार्रवाई के दौरान दोनों पक्षों के दस लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। वर्तमान में स्थिति कंट्रोल में है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित उद्यान रत्न अवार्ड के लिए राजेश रंजन का चयन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भागवतपुर निवासी प्रगतिशील किसान व आत्मा के प्रखंड अध्यक्ष राजेश रंजन कुमार का अमित उद्यान रत्न अवार्ड-2025 के लिए चयन किया गया है। यह अवार्ड इन्हें स्व. अमित सिंह मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा दी जाएगी। बिहार के सभी जिलों से एक-एक सक्रिय किसानों का चयन कर यह अवार्ड दिया जाता है। उक्त पुरस्कार बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर में आयोजित 28-31 मई को दिया जायेगा। राजेश रंजन ने बताया कि इस अवार्ड का श्रेय सकरा के उद्यान रत्न सोनू निगम कुमार को दिया है। केवीके सरैया के प्रधान वैज्ञानिक रामकृष्ण रॉय, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. रजनीश सिंह, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डॉ. विकास कुमार उपनिदेशक आत्मा विनोद कुमार, बीएओ नरेंद्र कुमार, बीटीएम राजीव कुमार, संजीव कुमार, राजकिशोर प्रसाद, संतोष कुमार, अभिषेक कुमार, चंदन सिंह ने बधाई दी है।

### पूर्णिया विश्वविद्यालय में सिंडिकेट की बैठक असंवैधानिक : राजद

**पूर्णियाञ्ज, एजेंसी।** पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा विश्वविद्यालय के बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 लिए जो सिंडिकेट की बैठक की गई है,वह असंवैधानिक है। राष्ट्रीय जनता दल के जिला प्रवक्ता एवं पूर्णिया विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक डॉ0 आलोक राज ने विश्वविद्यालय प्रशासन को पहले सिंडिकेट की बैठक बुलाने की नियमावली का अध्ययन करना चाहिए कि सिंडिकेट की बैठक बुलाने की नियमावली क्या कहता है। जिस तरह पूर्णिया विश्वविद्यालय के द्वारा बजट के लिए सिंडिकेट की बैठक की गई है। इस तरह की बैठक के बाद अगर बजट को पारित कर दिया जाता है,तो वह बजट ही अवैध हो जाएगा। जिस बजट को राज्य सरकार नहीं मानेगी। पिछ्ली घटना से पदाधिकारी को सीख लेनी चाहिए। पूर्व में भी पूर्णिया विश्वविद्यालय के बजट को नियमाकूल नहीं होने पर वापस किया गया है। इसके बावजूद भी पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रशासन सीख नहीं ले रही है। विश्वविद्यालय में बैठे पदाधिकारी को संवैधानिक ज्ञान का अभाव है। इन्हें संवैधानिक और विश्वविद्यालय अधिनियम ज्ञान अर्जित करने की जरूरत है। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों को पहले यह समझना चाहिए कि बजट सीनेट में पारित करने से पहले नियम अनुकल दो बार सिंडिकेट में क्यों पारित कराया जाता है।

### जीजा ने साली का गला रेत सड़क पर फेंका, शरीर पर कई जगह वार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले के सिकंदरपुर थाना के अखाड़ाघाट रोड में एफसीआई गोदाम गली के पास बुधवार की शाम जीजा ने अपनी साली पर बीच सड़क पर चाकू से हमला किया। साली का गला रेतकर सड़क पर फेंक दिया। बचाव में जब साली ने चाकू पकड़ा तो उसके हाथ भी कट गए। सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ी साली को एक राहगीर ने स्थानीय लोगों की मदद सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक इलाज के बाद महिला को एसकेएसमीएच रेफर कर दिया है। सदर अस्पताल में महिला ने अपना नाम खुशी देवी (उम्र 30 वर्ष) बताया। वह सिकंदरपुर थाना के बालूघाट मोहल्ले की रहने वाली है। उसने आरोप लगाया कि उसके जीजा ने चाकू से गला रेत दिया और शरीर पर कई जगह चाकू से वार किए हैं। खुशी के गले पर करीब 10 इंच लंबा जख्म है। उसके दोनों हाथ में भी गहरा जख्म है। खून रिसाव से वह बार-बार बेहोश हो जा रही थी। इस कारण पुलिस उसका बयान नहीं ले पाई। सदर से उसे मेडिकल में रेफर कर दिया गया। सिकंदरपुर थानेदार रमन राज ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची तब तक घायल खुशी देवी को स्थानीय लोग अस्पताल भेज चुके थे। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक झगड़े में घटना होने की बात सामने आई है। खुशी को सड़क पर ही उसके जीजा के द्वारा चाकू मारने की बात सामने आई है। घायल महिला एसकेएमसीएच में भर्ती है। एसकेएमसीएच ओपी प्रभारी से बात हुई है। इलाज के बाद महिला का फर्द बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एफसीआई गोदाम गली में उसके जीजा का घर बताया जा रहा है। बताया गया कि जीजा का खुशी की बहन से झगड़ा हुआ था। झगड़े में खुशी ने अपनी बहन का साथ दिया था।

# कोढ़ा थाने में शिव विवाह की अनूठी परंपरा



**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार के कोढ़ा थाना में महाशिवरात्रि पर एक अनूठी परंपरा निभाई गई। थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार मंडल ने शिव रूप धारण किया और उनकी पत्नी कामनी ने पार्वती का रूप धारण किया। बुधवार की रात को मसान बाबा थान से बारात निकाली गई। बारात नगर भ्रमण के बाद शिव मंदिर पहुंची। विवाह में मुखिया प्रतिनिधि भोला चौरसिया ने वर-पिता और पूर्व जिला पार्षद धीरेंद्र मेहता ने वधू-पिता की भूमिका निभाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वरमाला के साथ विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, कोढ़ा थाना अध्यक्ष सुजीत कुमार और अपर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार मौजूद रहे। मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह, उप प्रमुख महेश प्रसाद मेहता और कई जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। स्थानीय महिलाओं ने मंगल गीत गाए और श्रद्धालुओं ने धार्मिक धुनों पर नृत्य किया। बारातियों के लिए भव्य भोज का आयोजन किया गया। कोढ़ा थाने में यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। हर साल महाशिवरात्रि पर तत्कालीन थाना अध्यक्ष शिव-पार्वती विवाह में भाग लेते हैं। उपस्थित लोगों ने नवदंपति के सुखद जीवन की कामना की।

# विधायक गोपाल मंडल सहित 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के बरारी थाने में जदयू विधायक गोपाल मंडल समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। हत्या की नीयत से मारपीट करने और घर कब्जा करने को लेकर केस दर्ज हुआ है। हाउसिंग बोर्ड बरारी में रहनेवाले शिक्षक सुनील कुमार कुशवाहा ने मामला दर्ज कराया है। सुनील कुमार कुशवाहा का कहना है कि 12 और 22 फरवरी को दो बार विधायक समेत उनके समर्थकों ने घर पर आकर जानलेवा हमला किया। शिक्षक ने कहा है कि मेरे सीने पर पिस्टल सटाकर विधायक ने जान से मारने की धमकी दी। हमारे घर के दो किराएदारों को भी धमकी देकर खाली करवा दिया। विधायक ने धमकी दी है कि पूरे परिवार के साथ घर खाली कर यहां से चले जाओ, वरना सबकी जान चली जाएगी। घर में गवाही देने वाला तक नहीं बचेगा। वहीं बरारी थानाध्यक्ष बिट्टू कुमार कमल ने केस दर्ज कर जांच अधिकारी तय कर दिया है।

**सुनील मेरा ही आदमी है, मारपीट करने क्यों जाएंगे :** इस मामले में विधायक गोपाल मंडल ने कहा है कि सुनील भी मेरा ही आदमी है।



हम उसके घर पर मारपीट करने क्यों जाएंगे। हमने अपने साढ़ू के बेटे को जमीन मालिक से वह प्लॉट दिलवाकर एग्रीमेंट करवाया है। इसलिए खाली करने सुनील को बोले थे, इतनी ही तो बात है। मारपीट और धमकी देने की बात झूठ है। भागलपुर के सन्हौला में तैनात शिक्षक सुनील ने अपने आवेदन में कहा है कि मैं परिवार के साथ पिछले 13 साल से यहां घर बनाकर रह रहा हूं। 12 फरवरी की सुबह 10 बजे विधायक गोपाल मंडल और आदित्य कुमार सहित सात अन्य लोग हथियार लेकर मेर घर आए। मुझे गाली दी।सीने पर पिस्टल सटाकर घर खाली करने कहा। मेरे किराएदारों को भी धमकी दी। हमने डर से कुछ नहीं कहा। किसी परिचित से विधायक को तक बात पहुंचाया कि हमसे क्या गलती हुई, जो ऐसा कर रहे हैं, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद फिर 22 फरवरी की सुबह 9 बजे फिर से विधायक मेरे घर आदित्य, उदयकांत सिंह, समरजीत कुमार उर्फ छोटू और धर्मेश कुमार सहित 5 लोगों के साथ हथियार से लैस होकर आए। उन्होंने कहा कि घर से बाहर निकलो। वो लोग कह रहे थे कि इसको बाहर लेकर चलो, वहीं मरवा देंगे। विधायक और उनके समर्थकों ने मेरे साथ मारपीट की और कहा कि स्स्क से लेकर स्स्क् ढ्ढत्न और अन्य अधिकारी के पास जाना है तो जाओ। मेरा कुछ नहीं होगा। डर से हमलोग परेशान हैं कि कभी भी परिवार के साथ कुछ हादसा हो सकता है। इस मामले में सिटी एसपीशुभांक मिश्रा ने कहा कि बरारी थाने में अगर केस हुआ है, तो जांच करवाएंगे। जांच पूरी होने के बाद जो कार्रवाई का नियम रहेगा, वह होगा। वैसे जांच अधिकारी से इस मामले में बात करेंगे।

# नालंदा में सरसों की फसल पर लाही कीट का प्रकोप



**नालंदा, एजेंसी।** मौसम परिवर्तन के कारण नालंदा जिलों के कई हिस्सों में सरसों की फसल पर लाही कीट का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि समय रहते नियंत्रण के उपाय नहीं अपनाए गए तो किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

## प्रभावित क्षेत्र और स्थिति की गंभीरता

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष लगभग 8,978 हेक्टेयर में सरसों की खेती की गई है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों में मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण लाही कीट का प्रकोप बढ़ा है। नुरसराय के किसान सरोज सिंह बताते हैं की पौधों में फूल झड़ने लगे हैं और डोडियां लग चुकी हैं, लेकिन लाही कीट के कारण फसल का विकास प्रभावित हो रहा है। चंडी के मनोज कुमार और अस्थावां के प्रेम रंजन भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं।

## कीट का प्रभाव और नुकसान

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जिला तकनीकी पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि लाही एक रस चूसक कीट है जो फसल और उसमें लगी डोडियों का रस चूस जाता है। इससे पौधे अस्वस्थ हो जाते हैं और दाने का विकास रुक जाता है। समय पर रोकथाम के उपाय नहीं किए गए तो फसल बर्बाद हो जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि लाही कीट के बढ़ते प्रसार के कारण मेहनत और पूंजी लगाकर सरसों की खेती करने वाले किसान चिंता में हैं।

## बागवानों को भी सावधान रहने की सलाह

कृषि विभाग ने आम के बागवानों को भी सावधान रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार, आम के पेड़ों में मंजर लगते ही दहिया कीट का प्रकोप भी बढ़ने लगेगा, जो मंजर के रस को चूसकर उन्हें नष्ट कर देता है। पिछले वर्ष इसी कीट के कारण आम की फसल तबाह हुई थी।

## विशेषज्ञों की सलाह

पौधा संरक्षण के सहायक निदेशक संतोष कुमार ने किसानों को सलाह दी है कि जिन खेतों में लाही कीट का प्रकोप दिख रहा है, उनमें इमिडाक्लोरोपिड एक एमएल प्रति तीन लीटर पानी और सल्फर तीन ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से फसलों का बचाव होगा। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपने खेतों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार के कीट या रोग के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करें। सही समय पर उचित कदम उठाकर फसल को बचाया जा सकता है और अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

# नवादा सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवादा, एजेंसी।** नवादा के वारसलीगंज प्रखंड में एक सड़क हादसा हुआ है। अपसढ़ गांव के पास बालू से लदे एक ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान धीरज कुमार (22) के रूप में हुई है। वह अपसढ़ गांव के उप सरपंच रामबरन सिंह का बेटा था। घटना के समय धीरज शाहपुर से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।हिसुआ, काशीचक और कौवाकोल मार्ग पर कल हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हुए। सभी घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। गंभीर मरीजों को मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।



# पुलिस के लिए सिरदर्द बना भोला यादव गिरफ्तार, ढूंढ रही थी 4 जिलों की पुलिस

**रोहतास/सासाराम, एजेंसी।** बिहार की रोहतास पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने 50 हजार के इनामी भोला यादव को गिरफ्तार कर लिया है. 4 जिलों की पुलिस 30 से अधिक मामलों में उसे ढूंढ रही थी. एसपी रौशन कुमार ने बताया कि आरोपी अपने गिरोह का सरगना है, जो बिहार के कई जिलों में अपराध को अंजाम देता था. उस पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था.

**कुख्यात भोला यादव गिरफ्तार:** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नासरीबंज बालू घाट डकैती कांड और एक अन्य लूट मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी. ब्रिक्रमगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था. टीम को मंगलवार रात को सूचना मिली कि भोला यादव अपने साथी मिथिलेश चौधरी के साथ नासरीगंज थाना क्षेत्र के ही किसी बालुघाट में फिर से किसी घटना को अंजाम देने के लिए ग्राम सबदला के पास पहुंचने वाला है.

**साथी के साथ गिरफ्तार:** सूचना मिलने के बाद गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए बिक्रमगंज-डेहरी मार्ग पर ग्राम पडुरी के पास गिरोह के सरगना भोला यादव और उसके साथी मिथिलेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया. हालांकि इस दौरान भोला यादव ने पुलिस से भिड़ने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने दोनों अपराधियों को धर दबोचा. दोनों के पास से एक अवैध पिस्टल, 20 जिंदा कारतूस और एक बाइक जब्त किया है.

**4 जिलों की पुलिस को थी तलाश:** एसपी ने बताया कि भोला यादव पर रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद और पटना जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं. रोहतास में नासरगंज थाना क्षेत्र में 4 मामले, इसके अलावा डेहरी थाना, दिनारा थाना, सासाराम नगर थाना, दावथ, सूर्यपरा, काराकाट और संझौली थाने में मामला दर्ज हैं. औरंगाबाद के नवीनगर थाना और दाउदनगर थाने में भी मामले दर्ज हैं. भोजपुर जिले के शाहपुर थाना, बिहटा थाना और सहार थाना में भी मामले दर्ज हैं, जबकि पटना जिले के नौबतपुर थाना में भी मामला दर्ज है. रोहतास एसपी रौशन कुमार का कहना है कि सूचना मिली थी कि भोला यादव और उसके साथी किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं. जिसके बाद ब्रिक्रमगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने धावा बोलकर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. भोला पर रोहतास समेत चार जिलों में मामले दर्ज हैं. उस पर 50 हजार का इनाम भी था. भोला यादव और उसके गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी में शामिल गठित टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा.

# दिलीप जायसवाल के इस्तीफे के बाद सुलझ गया विवाद



## 4 मार्च को होगी बीजेपी की महत्वपूर्ण बैठक

**पटना, एजेंसी।** लंबे समय से बीजेपी प्रदेश परिषद की बैठक टल रही थी. बैठक को लेकर अब स्थिति स्पष्ट हो गई है. केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य परिषद की बैठक को लेकर हरी झंडी दे दी है. मंत्रिमंडल से दिलीप जायसवाल के इस्तीफे के बाद विवाद थम गया है और प्रदेश अध्यक्ष के रूप में औपचारिक रूप से उनकी ताजपोशी हो सकेगी.

**दिलीप जायसवाल के इस्तीफे के बाद स्थिति स्पष्ट :** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया. उनके इस्तीफे के बाद अब प्रदेश अध्यक्ष के रूप में औपचारिक रूप से ताजपोशी का रास्ता साफ हो गया है. भारतीय जनता पार्टी की ओर से राज्य परिषद की बैठक को लेकर तारीख तय कर दी गई है. एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को लेकर बीजेपी की केंद्रीय इकाई की ओर से दिलीप जायसवाल पर मंत्रिमंडल से इस्तीफा के लिए दबाव था.

4 मार्च को होगी राज्य परिषद की बैठक

आपको बता दें कि 19 जनवरी को राज्य परिषद की बैठक होनी थी लेकिन बैठक लगातार टल रही थी. दिलीप जायसवाल बैठक के लिए केंद्र से समय मांग रहे थे. अब केंद्र की ओर से समय तय कर दी गई है और आगामी 4 मार्च को राज्य परिषद की बैठक होनी है. बापू सभागार में राज्य परिषद की बैठक बुलाई गई है. बैठक में दिलीप जायसवाल के चयन पर औपचारिक तौर पर मुहर लग जाएगी और वह पूर्णकालिक अध्यक्ष बन जाएंगे.

**मनोहर लाल खट्टर हो सकते हैं पर्यवेक्षक :** 19 जनवरी को होने वाली बैठक के लिए मनोहर लाल खट्टर पर्यवेक्षक बनाए गए थे. संभव है कि इस बार भी पर्यवेक्षक के तौर पर वे ही आएंगे. उनकी देखरेख में राज्य परिषद की बैठक होगी और दिलीप जायसवाल को औपचारिक रूप से पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया जाएगा. राजनीतिक विश्लेषक डॉ. संजय कुमार का मानना है कि बीजेपी के अंदर जो विवाद चल रहा था, अब वह खत्म हो गया है. दिलीप जायसवाल ने एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को मानते हुए मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है. ऐसे में केंद्र ने राज्य परिषद की बैठक को लेकर हरी झंडी दे दी है.

# रक्सौल में लाल कार से 45 किलो गांजा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी, एजेंसी।** रक्सौल पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। नेपाल से भारत लाए जा रहे 45 किलो से अधिक गांजे को जब्त किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर आइसीपी बाईपास रोड पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। नेपाल से आ रही एक लाल रंग की कार की तलाशी में डिक्की से चार बड़े बंडलों में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से तस्कर प्रदीप कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। जब्त किए गए गांजे की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है, जबकि पुलिस तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, आबकारी इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# भव्य आयोजन के लिए सभी को बधाई, सीएम योगी बोले- सबने मिलकर बेहतर काम किया

**प्रयागराज , एजेंसी।** हाशिवरात्रि पर 45 दिन चले महाकुंभ 2025 का समापन हो गया, फिर भी प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अफसरों, कर्मचारियों और संस्थाओं को सम्मानित किया। समारोह में मेले के दौरान बनने वाले चार विश्व कीर्तिमान के सर्टिफिकेट मिलने की भी उम्मीद है।

### हर विभाग ने अपने स्तर पर इस आयोजन में भरपूर सहयोग किया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 पर कहा कि हर विभाग ने अपने स्तर पर इस आयोजन में भरपूर सहयोग किया। आज महाकुंभ के बहाने प्रयागराज एक स्मार्ट सिटी के रूप में चमक रहा है। मैं प्रयागराजवासियों का भी अभिनंदन करूंगा कि उन्होंने पिछले दो महीनों के अंदर बिना किसी संकोच के इस आयोजन को अपने घर का आयोजन माना।

### सीएम योगी ने महाकुंभ के आयोजन का श्रेय पीएम मोदी को दिया

सीएम योगी ने एक्स पर कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी, यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि एकता, समता, समरसता का महायज्ञ महाकुम्भ-2025, प्रयागराज भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर आज संपन्न हो गया है। विगत 45 पुण्य दिवसों में पूज्य साधु-संतों समेत 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर कृतार्थ हुए हैं। सकल विश्व को सभी जन एक हैं का अमृत संदेश देने वाला यह मानवता का महोत्सव वसुधैव कुटुंबकम् के पुण्य भाव के साथ संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में पिरो रहा है। आपका मार्गदर्शन एवं शुभेच्छाएं हम सभी को सदैव नई ऊर्जा प्रदान करती हैं, हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी! हर हर-गंगे, भगवान बेनी माधव की जय! बता दें कि महाशिवरात्रि पर हुए शाही स्नान के बाद महाकुंभ के समापन की औपचारिक घोषणा हो गई है। हालांकि अभी मेला परिसर को पूरा खाली होने में एक सप्ताह से अधिक का समय लग सकता है। महाकुंभ के अंतिम स्नान पर लगभग डेढ़ करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई।



महाकुम्भ पर महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पूरे आयोजन को महासलामी दी है। बुधवार दोपहर वायुसेना के विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देख गर्व और उत्साह से तालियां बजानी शुरु कर दी। इस दौरान लोग जय श्री राम, हर हर गंगे, हर हर महादेव के साथ मोदी-योगी के भी जयकारे लगाने लगे। इसी के साथ वायुसेना के एयर शो के फोटो और वीडियो बनाकर श्रद्धालु सोशल मीडिया पर शेयर करने लगे। वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं का अंतिम स्नान पर्व पर संगम क्षेत्र के ऊपर भव्य एयर शो से अभिवादन किया गया।

### हर विभाग का आयोजन में सहयोग मिला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज आधुनिक सिटी बन गई है। सबने मिलकर बेहतर आयोजन किया है। हर विभाग का आयोजन में सहयोग मिला है। भव्य आयोजन के लिए सभी को बधाई। सभी अधिकारी बधाई के पात्र हैं।

### सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने आज पुरस्कार प्राप्त किया।

### प्रयागराज के अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केपी मौर्य और कैबिनेट के अन्य मंत्रियों ने प्रयागराज के अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

### मैं समझ सकता हूं कि शहर की आबादी 20-25 लाख है, और...

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि च्मैं प्रयागराज के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं - जिन्होंने पिछले दो महीनों से इस आयोजन (महाकुंभ) को अपने घर के आयोजन की तरह लिया। मैं समझ सकता हूं कि शहर की आबादी 20-25 लाख है, और इसलिए जब 5-8 करोड़ लोग एक साथ आए होंगे तो क्या स्थिति रही होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इधर बहन की डोली उठी, उधर भाई की मौत... स्कूटी फिसली और कुचलता हुआ निकल गया वाहन

**मेरठ , एजेंसी।** मेडिकल थाना क्षेत्र के गढ़ रोड पर गोकुलपुर में बुधवार को एक वाहन की चपेट में आने से मुरलीपुर निवासी 19 वर्षीय आकाश तोमर की मौत हो गई। आकाश बहन को शादी के बाद विदा कर वापस घर लौट रहा था। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने कई वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए रात दस बजे सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।

पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया तो ग्रामीणों से नोकझोंक हुई। परिजन देर रात तक मुआवजे की जिद पर अड़े रहे। इस दौरान आठ किलोमीटर तक दोनों तरफ लंबा जाम लगा गया। लोगों ने पैंठ हटाने की भी मांग रखी। पुलिस ने पौने दो घंटे बाद रात 12ः45 बजे ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया।

आकाश तोमर किराए पर गढ़ रोड स्थित फूलबाग कालोनी में अपने परिवार के साथ रहता था। दोपहर को चचेरी बहन खुशी की शादी मुरलीपुर गांव में थी। शाम को छह बजे खुशी की विदाई हो गई थी। जिसके बाद गांव से रिश्तेदार और परिजन अपने-अपने घर जाने लगे। आकाश तोमर स्कूटी से फूलबाग कालोनी स्थित घर जा रहा था। जैसे ही गोकुलपुर के पास पहुंचा तो उसकी स्कूटी स्लिप हो गई। वह बीच सड़क पर गिर गया। इस दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन से कुचलकर उसकी मौत हो गई।

लोग अस्पताल भी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद ग्रामीण एकत्र हो गए और जाम लगा दिया। चार वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। दोनों ओर से कई किमी लंबा जाम लग गया। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी और आठ थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। परिजन नहीं माने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। मुआवजा दिलाने की भी मांग रखी। पुलिस से काफी देर तक नोकझोंक होती रही। क्यूआरटी टीम को भी मौके पर बुलाया गया। इसके बाद देर रात जाम खोला गया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि परिजन जो तहरीर देंगे, उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी।

### खुद को माफिया विनोद का भाई बता मांगी थी रंगदारी, नहीं मिली संलप्तिता- अज्ञात पर केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** माफिया के भाई का नाम लेकर एक करोड़ रुपये रंगदारी मांगने वाले अज्ञात बदमाशों पर शाहपुर थाने में मंगलवार रात केस दर्ज कर लिया गया। शाहपुर के शताब्दीपुरम कॉलोनी निवासी प्रापर्टी डीलर सोमनाथ शुक्ल उर्फ अंकु शुक्ल के घर पर रंगदारी मांगने वाले दो बदमाशों ने सोमवार की रात बाहर खड़ी कार पर गोली चला दी थी।

मामले में माफिया के भाई से भी पूछताछ हुई है। उसकी संलिप्तता नहीं मिलने पर अज्ञात मोबाइल नंबर व सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे दो बाइक सवार पर केस दर्ज करके पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। प्रॉपर्टी डीलर सोमनाथ शुक्ल ने बताया था कि 18 व 23 फरवरी को मोबाइल फोन पर एक अंजान नंबर से कॉल आई थी।

कॉल करने वाले ने खुद को माफिया विनोद उपाध्याय का भाई बताया और धमकी दी कि होटल बना रहे हो, मुझे भी एक करोड़ रुपये चाहिए। अगर बात नहीं मानी तो अंजाम बुरा होगा। इस धमकी को हल्के में लिया और इसे मजाक समझकर नजरअंदाज कर दिया।

लेकिन सोमवार रात में 11ः32 बजे बाइक से पहुंचे दो युवकों ने दरवाजे पर खड़ी उनकी कार पर गोली चला दी। आवाज सुनकर नीचे आए बेटे ने घटना की जानकारी फोन कर दी।

### मुनाफे का लालच देकर 51 लाख रुपये की जालसाजी- मांगने पर जान से मारने की धमकी- केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के जंगल मातादीन निवासी कामरान अहमद खान को मनी एक्सचेंज में मुनाफा कमाने का लालच देकर जालसाजों ने 51 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार को शाहपुर पुलिस गोरखनाथ इलाके के पुराना गोरखपुर निवासी दानिश आलम, असलम हुसैन और कमालुद्दीन के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

## कानपुर में सड़क पार करते मासूम को मां से पहले मिली मौत : 6 घंटे जाम

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** तेज रफ्तार ने सड़क सड़क पर खड़ी मां से मिलने से पहले मासूम को मौत से मिलवा दिया। जिसके शिकंजे से धरती के भगवान भी उसे बचा नहीं सके। घटना के विरोध में आक्रोशित परिजनों और गांव वालों में लगभग 6 घंटे तक रोड भी जाम किया ,जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल से समझाकर खुलवाया।

तेज रफ्तार से एक और मौत की यह घटना

बिधनू थाना क्षेत्र में हाजीपुर मोड़ के पास

हुई। जहां 3 वर्षीय मासूम आयुष अपनी मां से मिलने के लिए सड़क पार कर रहा था।

उस समय अपनी नानी शिवरानी और बड़े भाई प्रशांत के साथ खेतों से लौट आयुष अपने बड़े भाई का हाथ पकड़कर चल रहा था जबकि मां सोनी सड़क के दूसरी तरफ खड़ी थी।

मां को देखते ही आयुष ने भाई का हाथ छोड़ दिया और उनकी तरफ भागा। इसी दौरान जहानाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। सोनी ने बस चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका। ग्रामीणों के पीछा करने पर चालक बाजपुर मोड़ के पास बस छोड़कर फरार हो गया।

परिजन तुरंत आयुष को निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने शव को जहानाबाद मार्ग पर रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पीड ब्रेकर लगाने और 15 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। प्रदर्शन 6 घंटे तक चला। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस में लोगों को समझा बुझाकर बड़ी मुश्किल से सड़क जाम खुलवाया। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटना की छानवीन के साथ फरार ड्राइवर की भी तलाश की जा रही है।

## भाजपा हाईकमान ने तय किया योगी मंत्रिमंडल विस्तार का फॉर्मूला, 75 आयु सीमा का रखा जाएगा ध्यान

**लखनऊ , एजेंसी।** योगी मंत्रिमंडल की बहुप्रतीक्षित विस्तार जल्द ही होने जा रहा है। महाकुंभ और विधासभा का सत्र पूरा होते ही इस दिशा में काम तेज होगा। सूत्रों के अनुसार यूपी में मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर पार्टी हाईकमान ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, दो-तीन मंत्रियों की जहां छुट्टी होगी, वहीं तीन-चार नए चेहरे शामिल होंगे।



लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे नेताओं को होली का तोहफा देने की तैयारी है। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव होगा। जिनके विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं या मंत्रियों की परफॉर्मेंस ठीक नहीं है, उन्हें हटाया जाएगा। अहम विभाग के साथ पश्चिम के भी दो चेहरे मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। वहीं, विस्तार में 75 वर्ष की आयु सीमा का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश स्तर से इस संबंध में फीडबैक लिया जा चुका है। अगले 8-10 दिनों में विस्तार होने की पूरी संभावना है।

### जल्द ही जारी होगी भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची

प्रदेश में भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची जल्द ही जारी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बीते दिनों कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से ही प्रक्रिया कुछ धीमी हो गई थी। अब सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। बीते दिनों जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में हो रही देरी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि सूची जारी होने में जो भी बिंदू सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है। समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं और आगे भी इसका ख्याल रखा जाएगा।

## एसटीएफ ने महिला तस्कर को किया गिरफ्तार, झारखंड से अफीम मंगाकर बरेली में करती थी बिक्री



**बरेली , एजेंसी।** एसटीएफ बरेली इकाई व थाना सुभाषनगर पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह की महिला तस्कर रिजवाना बेगम को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास दो किलो 900 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक उसने झारखंड से अफीम मंगाकर मुनाफे में बेचने की बात कबूल की।

एसटीएफ बरेली इकाई के एसआई राशिद अली के मुताबिक उन्हें मुखबिर से पता लगा कि एक महिला अपने बैग में अफीम लेकर सुभाषनगर पुलिया के पास रेलवे के खंडहर क्वार्टरों के पास से निकलेगी। बुधवार शाम उन्होंने टीम के साथ दबिश देकर महिला को दो किलो 900 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसे सुभाषनगर थाने लाया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि वह भमोरा थाने के देवीपुर गांव निवासी अय्यूब खां की पत्नी रिजवाना बेगम है। उसने बताया कि यह अफीम झारखंड के चतरा में रहने वाले अखिलेश से लेकर आई है। वह बरेली रोडवेज स्टैंड पर उसे अफीम देकर चला गया। इसे वह स्थानीय ग्राहकों को बेचती है। साथ ही पंजाब में करनाल निवासी जसवंत नाम के व्यक्ति को मोटी रकम लेकर बिक्री करती है। बताया कि वह कई साल से अफीम मंगाकर महंगे दाम पर बेचने का काम कर रही है, पहली बार पकड़ी गई है।

### कारोबारी के बेटे ने कबूली वारदात, बोला- पापा संपत्ति से बेदखल कर देते इसलिए घर में की चोरी

**कानपुर , एजेंसी।** मुझे पता चला था कि पापा मुझे संपत्ति से बेदखल कर देंगे। इससे मुझे बहुत गुस्सा आया। इसलिए पिता को सबक सिखाने के इरादे से घर से चोरी करने का प्लान बनाया। पनकी में अपने ही घर से एक करोड़ के जेवर व नकदी चोरी करने वाले कारोबारी के बेटे ने यह बात कबूली है। पुलिस ने बुधवार को किशोर को उसके दोस्तों के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से माल भी बरामद हुआ है। पनकी निवासी कारोबारी की फजलगंज में कपड़ों पर डाई लगाने क फैक्टरी है। उनके मुताबिक बेटा 10वीं का छात्र है। छह महीने पहले मोहल्ले के भानु, हिमांशु, आर्यन, आयुष्माणी के संपर्क में आया। गलत संगत और गलत हरकतों की वजह से कारोबारी ने उसे संपत्ति से बेदखल करने की चेतावनी दे दी। साथ ही उसे डांट दिया। नाराज नाबालिग ने दोस्तों के साथ मिलकर घर से करीब 21 लाख रुपये की नकदी और करीब 80 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने सभी को पनकी नहर के पास गिरफ्तार किया है। इनके पास करीब 60 प्रतिशत माल बरामद हो गया है।

**बेटे को डराने के लिए ऐसा बोला:** कारोबारी के मुताबिक बेटे की ऐसी हरकतों के चलते उसे डराने के लिए संपत्ति से बेदखल करने की बात कही थी। इसके लिए अपने वकील मित्र की सलाह ली थी। वकील ने सलाह दी थी कि बेटे से इस तरह बोलो तो शायद सुधर जाए, लेकिन वह नहीं सुधरा। बताया कि बेटे ने पहले भी लैपटॉप और मोबाइल फोन बेच दिए थे। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र के साथ चार साथियों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे करीब 60 प्रतिशत माल बरामद हो गया है। यह लोग एक होटल में छिपकर रह रहे थे। आरोपियों से पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा।

## इनर रिंग रोड पर किसान की लाश, मुंह से बहता खून, पास मिली कीटनाशक दवा और गिलास...जांच में जुटी पुलिस

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र के गांव सलेमाबाद स्थित इनर रिंग रोड के किनारे बृहस्पतिवार सुबह एक किसान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। किसान के शव के पास कीटनाशक दवा और गिलास भी पड़ा हुआ था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसान ने कीटनाशक दवा पीकर जीवन लीला समाप्त की है।

सूचना पाकर थाना प्रभारी पवन सैनी, चौकी प्रभारी अमित धामा पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। किसान की जेब से एक डायरी और आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक नगला ककरारी के रहने वाले 64 वर्षीय मुन्नालाल पुत्र चरण सिंह अपने घर से बुधवार शाम 7ः00 बजे घर से बाजार जाने की कहकर निकले थे। इसके बाद वे घर वापस नहीं लौटे।

किसान के बेटे मनोज ने बताया कि उनकी किसी से दुश्मनी भी नहीं है। खेती पर बैंक का कर्ज था, उसे दो महीने पहले जमा भी कर दिया था। किसान ने आत्महत्या क्यों की इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो पा रही है। मृतक मुन्ना लाल की चार लड़के हैं।

## भड़काऊ कपड़े... अश्लील इशारे, गैंग से रहें सावधान, रात में राह चलते लोगों को बनाता है निशाना

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के सेटेलाइट चौराहे से जंक्शन तक रात भर किन्नर गिरोह का आतंक रहता है। जबरन नेग लेने से शुरू हुई दबंगई अब देह व्यापार से होती हुई वसूली पर उतर आई है। मंगलवार रात सेटेलाइट चौराहे से राजनगर मोड़ पर किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने राह चलते युवकों को पीटकर उनसे रुपये छीने। घटनाक्रम के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। शिकायत न मिलने की बात कह पुलिस मामले को टाल रही है।

सेटेलाइट बस अड्डे से पीलीभीत रोड और ईसाइयों की पुलिया होते हुए जंक्शन रोड पर किन्नरों का जमाबड़ा रहता है। स्कूटी पर भड़काऊ कपड़े पहने किन्नर रात दो बजे तक इधर से उधर घूमकर ग्राहक तलाशते हैं। इस दौरान वह अश्लील इशारों के साथ ही लोगों को ऑफर देते हैं। लक्जरी कारों में बैठे लोगों के साथ ही बाइक पर घूमते युवक इनका शिकार होते हैं।

चर्चा है कि अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का झांसा देकर यह लोगों को एकांत




में ले जाते हैं और उनसे जबरन वसूली करते हैं। मंगलवार रात करीब 12 से एक बजे तक किन्नरों के एक गुट ने राजनगर कॉलोनी मोड़ पर पेट्रोल पंप के पास जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने राह चलते लड़कों को रोका और उनसे नेग के नाम पर वसूली की। जो उन्हें रुपये देकर निकल गए, उन्हें छोड़ दिया गया। रुपये न देने वालों से किन्नरों से मारपीट की। ई रिक्शा से जा रहे जगतपुर निवासी शारिक व उनका दोस्त भी किन्नरों के चंगुल में फंस गए। उन्हें पकड़कर पिटाई कर दी गई। वसूली के बाद भी किन्नर उन्हें पीटते रहे, अन्य वाहन चालकों ने इन्हें चंगुल से छुड़ाया।

**पीड़ित बोला- पीटकर पांच सौ रुपये छीने:** किन्नरों के चंगुल से छूटे शारिक ने बताया कि वह समझ ही नहीं पाया और उसकी पिटाई कर दी गई। उसने मना किया कि उसके पास रुपये नहीं हैं तो किन्नरों के साथियों ने उसकी जेबों की तलाशी ली। पांच सौ रुपये निकाले तो उसे छीन लिया। इससे वह इतना घबरा गया कि मौके से जान बचाकर भागा। कहा कि वह पुलिस से इनकी शिकायत करेंगे और कार्रवाई कराएंगे।

**पुलिस बोली- नहीं मिली तहरीर:** बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि रात में किन्नरों के उत्पात की सूचना मिलने पर सेटेलाइट चौकी से पुलिस मौके पर गई थी। तब तक आरोपी फरार हो गए थे। अब जो वीडियो वायरल हो रहा है उससे पीड़ित की पहचान नहीं हो पा रही है। अगर पीड़ित शिकायत करेगा तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस अपनी ओर से भी अभियान चलाकर इस तरह वसूली करने वालों पर कार्रवाई करेगी।



### ढाबे में दूषित पानी ने आटा गूंथ रहा था कर्मचारी, एसआई ने दर्ज कराया मुकदमा

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में सचेंडी नेशनल हाईवे-दो, भौंती में स्थित सागर ढाबा के मालिक व ढाबे में काम करने वाले कर्मचारी पर एसआई अजीत कुमार सिंह के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा लिखा गया है। बता दें कि 26 फरवरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति सागर ढाबा में काम के दौरान गंदा पानी मिलाकर आटा गूंथ रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सचेंडी थाना में तैनात दरोगा ने ढाबा मालिक राम बहादुर सिंह उर्फ छुन्नू- मुन्नू और एक अज्ञात कर्मचारी के खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो वायरल हुआ है, मुकदमा लिख जांच की जा रही है। खाद्य पदार्थ में अपमिश्रण करके भोजन खिलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी, कश्मीर में लैंडस्लाइड




**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के आज सुबह बर्फबारी-बारिश का अलर्ट। उत्तर भारत के राज्यों में मौसम ने करवट बदली है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में बीते 2 दिन से भारी बर्फबारी हो रही है। अटल टनल रोहतांग में वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। टूरिस्ट सॉफ्ट मनाली और शिमला में भी बारिश-बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड में भी कुछ इलाकों में बारिश हो रही है। वहीं मौसम विभाग ने देश के 15 राज्यों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, केरल में बारिश हो रही है। वहीं जम्मू- कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल उत्तराखंड में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, कश्मीर के पहगउमढ़ द्राबशाला में भारी लैंडस्लाइड हुआ है, जिसके चलते किश्तवाड़-डोडा नेशनल हाइवे बंद हो गया है। कई पर्यटक फंस गए हैं। मलबा हटाने के लिए कई लोगों और मशीनों को भेजा गया है। लोगों से कहा गया है कि ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट का अपडेट मिलने के बाद ही यात्रा करें। कश्मीर घाटी में गुरुवार को ताजा बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक मार्च के पहले हफ्ते में मध्यप्रदेश के पश्चिम-उत्तरी हिस्से में हल्की बारिश होने के आसार है। राजस्थान के 6 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। गुरुवार से लेकर 1 मार्च तक कई शहरों में मौसम बदलेगा और हल्की बारिश होने की संभावना है।

**15 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट, MP में तापमान बढ़ेगा, राजस्थान में तीन दिन आंधी-बारिश की आशंका**

### प्रेमिका और परिवार के 5 लोगों की हत्या, मां गंभीर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम के वेंजारामूडू में सोमवार शाम 23 साल के युवक ने 5 लोगों की हत्या कर दी। आरोपी ने अपनी प्रेमिका, भाई, दादी, चाचा और चाची की चाकू-हथौड़ा से बेरहमी से हत्या की। इसके बाद आरोपी ने मां पर हमला कर उन्हें भी मारने की कोशिश की। युवक ने पूरी प्लानिंग के साथ तीन अलग-अलग जगह पर घटना को अंजाम दिया। फिर वेंजारामूडू पुलिस थाने जाकर सरेंडर किया और अपराध कबूला। थाने में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी मां, प्रेमिका समेत 6 लोगों की हत्या की है। आरोपी का नाम अफ्फान है। पुलिस ने अब तक 5 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जिसमें आरोपी का भाई अहसन, दादी सलमा बीवी, चाचा लतीफ, चाची शाहिदा और उसकी प्रेमिका फरशाना शामिल हैं। आरोपी के खिलाफ 2 पुलिस स्टेशन में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। कर्ज में डूबा था आरोपी, परिवार ने नहीं की मदद पुलिस ने बताया कि युवक भारी कर्ज में डूबा हुआ था और परिवार वालों ने उसे चुकाने के लिए मना कर दिया था। इसी वजह से युवक ने घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गल्फ में बिजनेस करता था, लेकिन वहां उसे भारी नुकसान हुआ। इस कारण उसने बहुत ज्यादा कर्ज ले लिया था, लेकिन परिवार ने उसकी कोई मदद नहीं की, इसलिए उसने सबकी हत्या कर दी। हालांकि, पुलिस को आरोपी की बताई हुई बातों पर शक है। अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अफ्फान के मोबाइल फोन और कॉल डिटेल्स की जांच हो रही है। मां की हालत गंभीर, आरोपी ने भी खुदकुशी की कोशिश की आरोपी अफ्फान ने अपनी मां शेमी (47 साल) पर भी हमला किया। वह कैंसर की मरीज है। उनकी हालत गंभीर है, फिलहाल तिरुवनंतपुरम के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के ICU में भर्ती हैं। वहीं, अफ्फान को भी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। उसने पुलिस को बताया था कि उसने चूहे मारने वाली दवा खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।



**◆ आरोपी ने हथौड़े-चाकू से मारा, जहर खाकर थाने में सरेंडर, केरल की घटना**


### चंडीगढ़ में किसानों की एकता मीटिंग शुरू



**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर एक साल से चल रहा किसान आंदोलन-2.0 के आज (27 फरवरी को) और तेज होने की संभावना है। शंभू और खनौरी बॉर्डर के नेताओं की चंडीगढ़ में संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के साथ एकता बैठक शुरू हो गई है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 94वें दिन में प्रवेश कर गया है। लेकिन अभी उनकी तबीयत ठीक नहीं है। उन्हें 103.6 डिग्री तेज बुखार है। उनके सिर पर लगातार पानी की पट्टियां रखी जा रही हैं। दूसरी ओर उनकी यूरिन रिपोर्ट यूरिक एसिड रिपोर्ट भी ठीक नहीं आई है। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि रात को लगभग 12 बजे जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत ज्यादा बिगड़ी थी। उन्हें तेज बुखार और ज्यादा ठंड लगने की वजह से कंपकंपी शुरू हो गई थी। मौके पर मौजूद डॉक्टरों की टीम के अथक प्रयासों की वजह से 2 घंटे में स्थिति सामान्य हो पाई है। किसान नेताओं ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मोर्चे पर पहुंचने की अपील की है, ताकि इस संघर्ष को सफल बनाया जा सके।

**तीन बॉर्डर पर होगी महिला किसान महापंचायतः** डल्लेवाल की तबीयत खराब होने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने खनौरी में बैठक की। साथ ही इस संघर्ष को आगे कैसे बढ़ाया जाए, इस पर रणनीति बनाई गई है। वहीं, चंडीगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के साथ आज होने वाली बैठक से पहले दोनों पक्षों की बैठक होने जा रही है। हालांकि, केंद्र सरकार के साथ 7वें दौर की बैठक 19 मार्च को चंडीगढ़ में होनी है। डल्लेवाल की तबीयत को ध्यान में रखते हुए और संघर्ष को मजबूती देने के लिए किसानों ने फैसला लिया है कि 8 मार्च को शंभू, खनौरी और रतनपुर बॉर्डर पर महिला किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जब से आमरण अनशन पर चल रहे हैं वह कुछ खा नहीं रहे हैं। वह पानी के सहारे ही चल रहे हैं। उनके लिए हरियाणा के किसानों द्वारा अपने खेतों से पानी लाया जा रहा है। जिसे पीकर मोर्चे पर डटे हुए हैं। दूसरी तरफ मेडिकल सहायता लेने में दिक्कत आ रही है। क्योंकि उनकी नसें ब्लॉक हो रही हैं। हाथों में सूजन आ रहा है। इस चीज से किसान नेता भी डर रहे हैं।

### वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर JPC की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही JPC ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। JPC की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में NDA सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था।

# अमेरिका की प्राइवेट कंपनी का मून मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**❒ स्पेसएक्स के रॉकेट का इस्तेमाल किया, मस्क की कंपनी का इस साल तीसरा मून मिशन**

अमेरिका का प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का दूसरा मून लैंडर बुधवार देर रात (भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 5:45 बजे) इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च किया गया। 6 मार्च को ये चांद के साउथ पोलर रीजन में लैंड करेगा। रॉकेट को नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। मिशन में चांद की सतह पर उतरने वाले इस लैंडर का नाम एथेना है। इस लैंडर में एक ड्रोन भी मौजूद है।

IM कंपनी दूसरी बार चांद पर सफलातपूर्वक उतरने की कोशिश कर रही है। इससे पहले पिछले साल भी कंपनी ने एक लैंडर चांद की सतह पर भेजा था। हालांकि तेजी से टकराने के बाद लैंडर का पैर टूट गया था, जिससे लैंडर पलट गया था।

**मस्क की कंपनी का इस साल तीसरा मून मिशनः** मस्क की स्पेसएक्स कंपनी का इस साल ये तीसरा मून मिशन है। इससे पहले 15 जनवरी, 2025 को, फाल्कन 9 रॉकेट से ही अमेरिका की प्राइवेट कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस के ब्लू घोस्ट और जापान के आईस्पेस रेजिलिएंस के मून लैंडर्स को लॉन्च किया था। ब्लू घोस्ट 2 मार्च, 2025 को चंद्रमा पर लैंड करेगा। वहीं जापान का लैंडर अलग रास्ते से जा रहा है, इसलिए मई में चांद पर पहुंचेगा। यानी, अब कुल तीन लैंडर हो गए हैं जो चंद्रमा पर उतरने वाले हैं।

**लैंडर चंद्रमा पर कब लैंड करेगा?** इंट्यूएटिव मशीन्स के छह पैरों वाले लैंडर का नाम एथेना है और लगभग जिराफ जितना लंबा है। यह 6 मार्च को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से लगभग 100 मील (160 किमी) दूर एक सपाट चोटी वाले पहाड़ मॉन्स माउटन पर उतरने का प्रयास करेगा।

**इस मिशन का मकसद क्या है?** IM-2 का एक मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह के एक मीटर नीचे तक जांच करने के लिए NASA के ट्राइडेंट ड्रिल और MSolo मास स्पेक्ट्रोमीटर की तैनाती है। इससे चंद्रमा पर पानी और CO जैसी चीजों को डिटेक्ट किया जा सकता है। एथेना की लैंडिंग के बाद रोवर्स और माइक्रो नोवा हॉपर (ग्रेस) को तैनात किया जाएगा। ग्रेस हॉपर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह लैंडर से दो किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा उड़कर पूरी कर सकता है।

**इंट्यूएटिव मशीन्स का पहला मिशन कब लॉन्च हुआ था?** इंट्यूएटिव मशीन्स का ये दूसरा मून मिशन है। पहला मिशन ओडीसियस 15 फरवरी 2024 को लॉन्च किया गया था। ये 22 फरवरी को लैंड हुआ था। साइडवेज पोजीशन में लैंडिंग के कारण ये ज्यादा दिन तक डेटा नहीं भेज पाया था।

# संभल जामा मस्जिद पर हाईकोर्ट ने कल तक रिपोर्ट मांगी

**कहा- रमजान शुरू हो रहा, इसलिए रंगाई-पुताई की जरूरत, 3 सदस्यीय कमेटी बनाई**



**एजेंसी, प्रयागराज**

यह तस्वीर संभल जामा मस्जिद की है। इसे हिंदू पक्ष हरिहर मंदिर बताता है। संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई होगी या नहीं? इलाहाबाद हाईकोर्ट कल यानी शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। गुरुवार को मस्जिद पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 3 सदस्यीय कमेटी गठित की । इसमें मस्जिद के मुतल्लवी और एएसआई को भी शामिल किया है। कोर्ट ने कमेटी को निर्देश दिया कि 24 घंटे के अंदर यानी कल तक कमेटी मस्जिद का निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट दें। इसके बाद कोर्ट रंगाई-पुताई पर अंतिम फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट ने कहा- क्योंकि रमजान का महीना शुरू होने वाला है। इसलिए, मस्जिद में रंगाई-पुताई की जरूरत है। हालांकि, मस्जिद में ढांचे को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना रंगाई-पुताई कैसे होगी? ये कमेटी की रिपोर्ट के बाद कोर्ट तय करेगी। शुक्रवार को 10 बजे जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच पर इस मामले पर फिर सुनवाई होगी। दरअसल, 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कहा था- हम लोग हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। इससे पहले, रंगाई-पुताई को लेकर मुस्लिम पक्ष डीएम-ASI को लेटर भी लिखा था। हालांकि, डीएम ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था। कहा था- यह मस्जिद ASI के अधीन है। ऐसे में हर तरह के निर्णय ASI ही लेगी। हिंदू पक्ष रंगाई-पुताई का विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि रंगाई-पुताई से मंदिर के साक्ष्य मिटाए जा सकते हैं। इसलिए परमिशन न दी जाए। 19 नवंबर को हुआ था जामा मस्जिद का सर्वे जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि ये पहले हरिहर मंदिर था।

# उज्जैन के आश्रम पहुंचा आसाराम, शिष्य बोले- मेडिकल ट्रीटमेंट ले रहा

**जांच के बाद ही प्रवेश, कैमरा-फोन पर बैन**

**एजेंसी, उज्जैन**




कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आसाराम इंदौर पहुंचा था। यहां से उज्जैन के आश्रम आया है। 22 फरवरी को इंदौर के आश्रम से गायब हुआ आसाराम उज्जैन पहुंच गया है। यहां मंगलनाथ स्थित आश्रम में ठहरा है। बड़ी संख्या में अनुयायी उससे मिलने आ रहे हैं। सांदीपनि आश्रम के पास बना आसाराम का ये आश्रम कई दिनों से वीरान पड़ा था। लेकिन अब इसे फूलों और रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया है। यहां लोगों को जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। मोबाइल, कैमरा या अन्य गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। सभी को आश्रम के बाहर ही मोबाइल जमा करना पड़ रहा है। गार्ड बाहर से भी आश्रम की तस्वीरें नहीं लेने दे रहे हैं। आश्रम से जुड़े लोगों का कहना है कि आसाराम किसी भी अनुयायी से नहीं मिल रहा है। वह केवल अपना मेडिकल ट्रीटमेंट ले रहा है। हालांकि, शिष्य रोज आश्रम पहुंच रहे हैं लेकिन आसाराम कमरे से बाहर नहीं निकल रहा है। वह कब और कैसे यहां पहुंचा इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है।

# पुणे रेप का आरोपी गन्ने के खेतों में छिपा

**एजेंसी, पुणे**



**❒ ड्रोन-खोजी कुत्ते लगाए गए, दावा- सब्जी के ट्रक से गांव भागा, कपड़े-जूते बदले**

पुणे के सरकारी स्वारगेट बस डिपो में खड़ी बस में 25 फरवरी को 26 साल की महिला के साथ रेप हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 13 टीमें बनाई हैं। उस पर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। इधर, पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद आरोपी दत्तात्रेय रामदास गडे अपने गांव में छिपा हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक पुणे से वह सब्जी ले जा रहे ट्रक में छिपकर अपने गांव भाग गया। घर पहुंचकर उसने अपने कपड़े और जूते बदले। इसके बाद वह घर से भी निकल गया। सूत्रों के मुताबिक वह गांव में ही गन्ने के खेतों में छिपा हो सकता है। पुलिस ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से उसकी तलाश कर रही है। गन्ने की फसल 10 फीट ऊंची और उसके झाड़ घने हैं, इसलिए पुलिस खेतों के अंदर खुद जाकर सर्च कर पाने की स्थिति में नहीं है। असिस्टेंट ट्रांसपोर्ट सुपरिंटेंडेंट, डिपो मैनेजर के खिलाफ जांच के आदेश उधर, घटना के बाद महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर प्रताप सरनाइक ने असिस्टेंट ट्रांसपोर्ट सुपरिटेंडेंट और बस डिपो मैनेजर के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर इन्हें सस्पेंड किया जाएगा। उन्होंने बस डिपो पर तैनात पुराने सुरक्षाकर्मियों को हटाने का भी निर्देश दिया। पुणे सिटी पुलिस ने कहा कि क्राइम ब्रांच यूनिट की 8 टीमें और स्वारगेट पुलिस स्टेशन की 5 टीमें आरोपी की तलाश कर रही हैं। टीमों को जिले से बाहर भी भेजा गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकनकर ने कहा- घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस ने शिकायत पर फौरन कार्रवाई की है। आरोपी दो-तीन दिनों में पकड़ा जाएगा।

**आरोपी बोला-** दीदी कहां जा रही हो पुणे की डिप्टी कमिश्नर स्मार्तना पाटिल के मुताबिक 26 साल की महिला घरों में काम करती है। वह अपने गांव जाने के लिए 25 फरवरी सुबह 5 बजे के आसपास बस का इंतजार कर रही थी। आरोपी ने उसे दीदी कहकर पूछा कि कहां जा रही हो? पीड़ित ने बताया कि मुझे अपने गांव जाना है। इसके बाद उसने उसे कहा कि आपकी बस दूसरी जगह खड़ी है। चलो मैं छोड़ देता हूं।

# अमेरिका में एक्सीडेंट के बाद कोमा में भारतीय छात्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**◆ सिर में गंभीर चोट, हाथ-पैर टूटे, पिता ने जयशंकर से तुरंत वीजा की गुहार लगाई**

महाराष्ट्र के सतारा जिले की रहने वाली 35 वर्षीय नीलम शिंदे 14 फरवरी को अमेरिका में एक सड़क हादसे का शिकार हो गई। कैलिफोर्निया में एक कार ने नीलम को टक्कर मार दी, जिसके बाद वह कोमा में चली गई। फिलहाल वह ICU में भर्ती है। इस हादसे के आरोपी वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नीलम के पिता तानाजी शिंदे ने बताया कि उन्हें इस दुर्घटना की जानकारी 16 फरवरी को मिली, जिसके बाद से वह अमेरिका जाने के लिए वीजा हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि नीलम की हालत नाजुक है और परिवार को जल्द से जल्द वहां पहुंचने की जरूरत है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत सरकार के दखल के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने वीजा की औपचारिकताओं को जल्द पूरा करने का भरोसा दिया है। उन्हें शुक्रवार सुबह 9 बजे इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। नीलम के चाचा संजय ने बताया कि नीलम के हाथ-पैर टूट गए हैं और सिर में गंभीर चोट आई हैं। हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने ब्रेन की सर्जरी के लिए परिवार से अनुमति मांगी है। नीलम की देखभाल के लिए परिवार का वहां मौजूद रहना जरूरी है। मदद के आगे आईं NCP सांसद सुप्रिया सुले शिंदे परिवार का कहना है कि वे वीजा आवेदन के लिए स्लॉट बुक करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अगली उपलब्ध तारीख अगले साल की बताई जा रही है। नीलम पिछले चार साल से अमेरिका में रह रही थीं और अपनी पढ़ाई के फाइनल ईयर में थीं। उनके परिवार को उम्मीद है कि सरकार जल्द उनकी मदद करेगी ताकि वे अमेरिका जाकर अपनी बेटी के पास पहुंच सकें। NCP (शरद पवार) सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया पर विदेश मंत्री एस जयशंकर से शिंदे के पिता को वीजा दिलाने में मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक चिंताजनक मुद्दा है और हम सभी को मिलकर इसे सुलझाने में मदद करनी चाहिए। सुले ने कहा कि वे पीड़ित परिवार से बातचीत कर उन्हें यकीन दिलाया है कि इस परेशानी को जल्द सुलझा लिया जाएगा। सुले ने कहा कि बीजेपी नेता जयशंकर से उनके राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन जब भी विदेश में किसी भारतीय छात्र के मदद की बात आती है जयशंकर सहानुभूति दिखाते हैं और बहुत मददगार साबित होते हैं। सुले ने कहा कि विदेश मंत्रालय के साथ उनका अनुभव अच्छा रहा है और वे हमेशा मदद के लिए तैयार रहते हैं।

# भोपाल का जहरीला कचरा पीथमपुर में ही जलेगा

**सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार, पहला ट्रायल आज फैक्ट्री के पास 24 थानों का फोर्स तैनात**



**एजेंसी, पीथमपुर**

इंदौर देहात और धार के 24 थानों से 500 से अधिक पुलिसकर्मी पीथरपुर में तैनात हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कचरा जलाने से रोक पर इनकार कर दिया है। भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के रासायनिक कचरे को पीथमपुर में जलाने से रोकने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में आज (27 फरवरी) इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा की याचिकाकर्ताओं के सभी पक्षों को हाईकोर्ट ने सुन लिया है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट इस मामले में कोई सुनवाई नहीं करेगा। कोर्ट के इस रुख के बाद पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरे के निष्पादन का ट्रायल आज से शुरू होगा। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में मौजूद है। फैक्ट्री में कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 मार्च और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा। इधर, कचरा जलाने के ट्रायल को लेकर प्रशासन सतर्क है। 3 जनवरी को हुए विरोध को देखते हुए प्रशासन कोई कोताही नहीं बरतना चाहता है। लिहाजा, इंदौर देहात और धार जिले के 24 थानों से 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी पीथमपुर में रामकी एनवायरो फैक्ट्री के पास तैनात किए गए हैं।

# दिल्ली में महाशिवरात्रि पर नॉन-वेज खाने पर विवाद

**❒ आरोप- ABVP छात्रों ने फीमेल स्टूडेंट को पीटा, विद्यार्थी परिषद ने कहा- व्रत तोड़ने की कोशिश हुई**



**एजेंसी, नई दिल्ली**

महाशिवरात्रि के मौके पर बुधवार को दिल्ली में साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (एसएयू) में छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हो गई। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने एक-दूसरे पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। SFI ने कहा कि, ABVP के कुछ छात्रों ने एक फीमेल स्टूडेंट को पीटा है। सोशल मीडिया X पर पिटाई का वीडियो भी शेयर किया। उधर विद्यार्थी परिषद ने आरोप लगाया कि, SFI के छात्र उनका व्रत तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। ABVP बोली- व्रत का खाना खाते समय नॉनवेज परोसा गया ABVP की तरफ से इसे पूरे मामले पर बयान आया। विद्यार्थी परिषद ने सोशल मीडिया पर लिखा- महाशिवरात्रि के अवसर पर साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में छात्रों ने व्रत रखा था। धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए इन छात्रों ने मेस प्रशासन को पहले ही बता दिया था कि इस खास दिन पर उनके लिए सात्विक भोजन की व्यवस्था की जाए।

# तेलंगाना टनल हादसा, डरे मजदूर काम छोड़ रहे

**एजेंसी, तेलंगाना**



**SP बोले- 8 लोग आज मिलेंगे कह नहीं सकता, 5वें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इसमें 8 मजदूर फंस गए। इन्हें सुरक्षित निकालने के लिए आज पांचवें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। ताजा अपडेट के अनुसार, रेस्क्यू टीमों ने फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए अब टनल बोरिंग मशीन (TBM) के हिस्से और अन्य बाधाओं काटकर रास्ते से हटाना शुरू कर दिया है। वहीं, हादसे के बाद टनल में काम कर रहे कुछ मजदूर डर के मारे काम छोड़कर जा रहे हैं। इधर, नागरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक (SP) वैभव गायकवाड़ ने कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि फंसे हुए लोग आज मिल जाएंगे या नहीं। टनल के अंदर क्षतिग्रस्त कन्वेयर बेल्ट के आज ठीक होने की उम्मीद है। इसके बाद मलबे को बाहर निकालने में मदद मिलेगी। टनल बोरिंग मशीन (TBM) को काटा जा रहा रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे एक अधिकारी ने बताया कि गैस कटिंग मशीनें अंदर ले जाए गए हैं। रात में भी टनल बोरिंग मशीन (TBM) और अन्य रुकावटों को रास्ते से काटकर हटाया गया। तेलंगाना के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बुधवार को बताया कि टनल में फंसी TBM को गैस कटर से काटकर हटाया जाएगा। इसके बाद आर्मी, नेवी , रैट माइनर्स और NDRF की टीम फिर से आठ लोगों को बचाने का के लिए गंभीर प्रयास करेगी। हालांकि उनकी सुरक्षा को लेकर भी समझौता नहीं किया जाएगा। डरे हुए मजदूरों ने काम छोड़ना शुरू किया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे के बाद टनल में काम कर रहे कुछ मजदूर डर के कारण काम छोड़कर चले गए हैं। सीनियर सरकारी अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) प्रोजेक्ट में 800 लोग काम कर रहे हैं। इनमें से 300 लोकल और बाकी झारखंड, ओडिशा और उत्तर प्रदेश से हैं। अधिकारी ने यह भी कहा कि शुरुआत में मजदूरों में डर जरूर है। हालांकि कंपनी ने उनके लिए आवासीय कैंप बनाए हैं। कुछ लोग वापस जाना चाह सकते हैं, लेकिन हमारे पास इस बात की कोई रिपोर्ट नहीं है कि सभी मजदूर एक साथ छोड़कर जा रहे हैं। रेस्क्यू में NDRF-SDRF और आर्मी के जवान रेस्क्यू के लिए NDRF के 145 और SDRF के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है। उसे भी रेस्क्यू में लगाया गया है। हादसा 22 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 14 किमी अंदर टनल की छत का करीब 3 मीटर हिस्सा ढहा है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025



# जोस बटलर की कप्तानी पर संकटः इंग्लैंड की चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद उठे सवाल

**एजेंसी, लाहौर**

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान जोस बटलर की नेतृत्व भूमिका पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अफगानिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद, जिससे इंग्लैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गया, उनकी कप्तानी पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में इंग्लैंड के पास मौके थे, लेकिन वे उनका लाभ उठाने में असफल रहे। इससे पहले ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 351 रन बनाने के बावजूद रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने में असमर्थता ने भी उनकी स्थिति कमजोर कर दी थी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बटलर ने स्वीकार किया कि उन्हें अपनी कप्तानी और भविष्य को लेकर पुनर्विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "जाहिर तौर पर परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे हैं।

मुझे इस पर विचार करना होगा कि मैं समस्या का हिस्सा हूं या समाधान का।" 2019 वनडे और 2022 टी20 विश्व कप जीतने के बाद इंग्लैंड का प्रदर्शन गिरावट पर है। 2023 वनडे विश्व कप में टीम सातवें स्थान पर रही, जबकि 2024 टी20 विश्व कप में भारत से सेमीफाइनल में हार झेलनी पड़ी। हाल ही में इंग्लैंड को भारत के खिलाफ टी20ई (4-1) और वनडे (3-0) सीरीज में हार मिली, जिससे टीम की फॉर्म को लेकर




चिंता बढ़ गई। बटलर की व्यक्तिगत फॉर्म भी सवालों के घेरे में है। 2023 विश्व कप के बाद से उन्होंने आठ वनडे पारियों में 30.57 की औसत से मात्र 214 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 58 रहा। टी20 में भी उनका प्रदर्शन औसत दर्जे का रहा है। "मैं अपनी पारी को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहा हूं, जो कि निराशाजनक है," बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी को लेकर कहा। बटलर ने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेंगे और इस पर विचार करने के लिए समय लेंगे। "मैं अभी कोई भावनात्मक निर्णय नहीं लेना चाहता। हमें टीम को वहां वापस लाने की जरूरत है जहां उसे होना चाहिए – टूर्नामेंट जीतने की दौड़ में।" बटलर की कप्तानी पर अब इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को फैसला लेना होगा। क्या इंग्लैंड टी20 और वनडे में नया कप्तान तलाशेगा, या बटलर को आगे मौका मिलेगा? यह सवाल इंग्लिश क्रिकेट में अगले कुछ हफ्तों तक चर्चा का विषय बना रहेगा।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेंगे ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान

**एजेंसी, लाहौर**

स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम शुक्रवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए हालांकि ये इतना आसान नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान टीम ने जिस प्रकार से इंग्लैंड को हराया है उससे पता चलता है कि अब वह दूसरे दर्जे की टीम नहीं रही। अफगान टीम ने पहले भी आईसीसी टूर्नामेंटों में कई बड़ी टीमों को हराया है। जिसको देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम उसे हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी। अफगानिस्तान का लक्ष्य भी इस मैच में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाना रहेगा। उसने इंग्लैंड के खिलाफ 300 से अधिक रन बनाकर मैच जीता है। उसने पिछले साल हुए टी20 विश्व कप में भी सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। ऐसे में ये मैच रोमांचक होना तय है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो पर उसे अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की कमी खलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले मैच में इंग्लैंड को हराया था। दो बार की पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के बाद चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब फिर से जीतना चाहेगी। टीम ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते पर साल 2013 और 2017 में वह फाइनल में नहीं पहुंची जिसके बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन बंद कर दिया गया। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विरोधी गेंदबाजी आक्रमण को बिखेरने में सक्षम हैं। नियमित खिलाड़ियों की अनुपस्थिति ने कंगारु टीम को कमजोर किया है लेकिन इसने युवा खिलाड़ियों को प्रभावित करने, टीम में अपनी जगह पक्की करने का अवसर है जिसका वह लाभ उठाना चाहेंगे। उसके पास अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं गेंदबाजी की कमान बेन ड्वार्शुइस, स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस और एडम जंपा के पास रहेगी। ये जानते हैं कि आगे बढ़ने इस मैच में जीत जरुरी है। ड्वार्शुइस और जॉनसन हालांकि पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। ऐसे में इनका लक्ष्य इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। जम्पा के रूप में टीम के पास एक अनुभवी स्पिनर है जो पाक के हालातों का लाभ उठा सकता है। वहीं दूसरी और उसकी बल्लेबाजी की कमान इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेलने वाले इब्राहिम जादरान करेंगे। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया का हराया था और इस बार इसेस दोहराना चाहेगा।

## सऊदी अरब और ऑस्ट्रेलिया एएफसी अंडर-20 एशियाई कप फाइनल में

**एजेंसी, शेनझेन**

सऊदी अरब ने बुधवार को पेनल्टी शूटआउट में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के फाइनल में जगह बना ली। अब खिताबी मुकाबले में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में जापान को 2-0 से मात दी। सऊदी अरब और दक्षिण कोरिया के बीच मुकाबला निर्धारित 120 मिनट तक गोलरहित बराबरी पर रहा। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में सऊदी अरब के गोलकीपर हामेद यूसुफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पेनल्टी बचाईं और अपनी टीम की जीत के हीरो बने। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने जापान को 2-0 से हराया। मैच में मूसा टोरे ने 49वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि जयलन पियरमैन ने 67वें मिनट में दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। अब फाइनल मुकाबले में सऊदी अरब और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने-सामने होंगी।



## बेंच स्ट्रेंथ की कमी के कारण के कारण नीचे जा रहा पाक क्रिकेट : गावस्कर

### भारत की दूसरे दर्जे की टीम भी पाकिस्तान पर भारी पड़ेगी : गावस्कर

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि पाकिस्तान की टीम इस समय भारत की दूसरे दर्जे की टीम भी हरा नहीं सकती है। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि भारत की बी टीम भी पाक टीम को संघर्ष पर मजबूर कर सकती है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि पाक टीम का फार्म अभी काफी खराब चल रहा है। पाक टीम अपनी ही धरती पर हो रहे चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच पायी है। उसे अपने दोनो ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड जबकि दूसरे मैच में भारतीय टीम ने हराया। साल 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भी पाक क्रिकेट



लगातार नीचे आता रहा है। टीम पिछले दो एकदिवसीय विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि बेंच स्ट्रेंथ की कमी के कारण हो रहा है। पाक में हमेशा से ही प्राकृतिक प्रतिभा रही है। प्राकृतिक इस तरह कि भले ही वे तकनीकी रूप से सही नहीं थे पर उनके पास बल्ले और गेंद की सहज समझ थी। गावस्कर ने कहा, इंजमाम-उल-हक को देखें। अगर आप उनके रुख को देखें, तो आप किसी युवा बल्लेबाज को ऐसा करने की सलाह नहीं देंगे पर उनका स्वभाव बहुत अच्छा था। इस तरह के स्वभाव के साथ उन्होंने किसी भी तकनीकी कमी को पूरा किया। गावस्कर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) और घरेलू व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट के बावजूद गुणवत्ता वाले खिलाड़ी तैयार करने के लिए असफल रहा है। उन्होंने कहा, भारत में व्हाइट-बॉल क्रिकेट में इतने सारे युवा सितारे आईपीएल की वजह से निकले हैं। वहां से खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी और अंततः भारत के लिए खेलने गए हैं। यह कुछ ऐसा है जिसका पाकिस्तान क्रिकेट को आंकलन करना चाहिए। उन्हें यह पता लगाना होगा कि नके पास अब वह बेंच स्ट्रेंथ क्यों नहीं है जो पहले हुआ करती थी। इसके बाद ही वह अपनी टीम का स्तर सुधार सकते हैं।

## मुंबई इंडियंस की धमाकेदार जीत, यूपी वॉरियर्स को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी, बेंगलुरु**

वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार तीसरी जीत दर्ज की। बुधवार को खेले गए मुकाबले में हेली मैथ्यूज (59 रन, 1 विकेट) और नैटली सिवर-ब्रंट (75 नाबाद, 3 विकेट) के ऑलराउंड खेल की बदौलत मुंबई ने यूपी वॉरियर्स को 8 विकेट से मात दी। यूपी वॉरियर्स ने ग्रेस हैरिस (45) और दिनेश वृंदा (33) की शानदार साझेदारी के दम पर 142 रन का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में मुंबई इंडियंस ने 18 गेंद शेष रहते केवल 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। पहले ही ओवर में किरण नवगिरे (1) पवेलियन लौट गईं। हालांकि, ग्रेस हैरिस और दिनेश वृंदा ने 79 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी। एमेलिया कर ने 10वें ओवर में हैरिस (45) को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अगले ही ओवर में संस्कृति गुप्ता ने वृंदा (33) और स्टार बल्लेबाज तालिया मैक्ग्रा (शून्य) को आउट कर मुंबई को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान दीप्ति शर्मा (4) को हेली मैथ्यूज ने आउट किया। यूपी की रनगति पर ब्रेक लग चुका था। श्वेता सहरावत (13) और शिनेल हेनरी (7) भी जल्द ही सिवर-ब्रंट का शिकार बनीं। अंत में उमा छेत्री (13 नाबाद) ने कुछ रन जोड़ने की कोशिश की, लेकिन यूपी 9 विकेट पर 142 रन तक ही पहुंच सकी। मुंबई के लिए नैटली सिवर-ब्रंट सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जिन्होंने 3 विकेट झटके।



## फखर जमान ने संन्यास की अफवाहों को किया खारिज, कहा- जल्द करेंगे वापसी

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा जा रहा था कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह चोट से उबरने के बाद जल्द ही मैदान पर वापसी करेंगे। फखर जमान, जिन्होंने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में शतक लगाकर पाकिस्तान को ऐतिहासिक खिताबी जीत दिलाई थी, न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची में खेले गए पहले मैच में चोटिल हो गए थे। मैच के पहले ही ओवर में एक गेंद का पीछा करते हुए उन्हें मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। इसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए, हालांकि बाद में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने




उतरे और 41 गेंदों में 24 रन बनाए। चोट के कारण वह अपनी लय में नहीं दिखे और पाकिस्तान को 60 रन से हार का सामना करना पड़ा।

इसके बाद ऐसी अटकलें लगने लगीं कि अप्रैल में 35 साल के होने जा रहे फखर का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है। हालांकि, उन्होंने खुद इन अफवाहों को नकारते हुए कहा कि वह अब भी पाकिस्तान के लिए खेलना चाहते हैं। पीसीबी डिजिटल से बात करते हुए फखर ने कहा, "मैंने रिटायरमेंट की खबरों के बारे में सुना है। यहां तक कि मेरे दोस्तों ने भी इस पर मैसेज किया, लेकिन इसमें कोई सच्चाई नहीं है। एकदिवसीय प्रारूप मेरा पसंदीदा है, और मैं टी20, वनडे और यहां तक कि टेस्ट क्रिकेट भी खेलना चाहता हूं। जहां तक मेरी वापसी की बात है, डॉक्टर ने कहा है कि मैं एक महीने में फिर से क्रिकेट खेलना शुरू कर सकता हूं।" हालांकि, टूर्नामेंट से पहले फखर जमान को पाकिस्तान के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। इसके अलावा, पिछले साल उन्होंने बाबर आजम को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के फैसले की आलोचना करते हुए एक ट्वीट किया था, जिसके कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। बाद में, जब पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए "कनेक्शन कैंप" आयोजित किया, तो फखर ने एक वरिष्ठ अधिकारी की तीखी आलोचना की थी।

## प्रीमियर लीगः लिवरपूल ने न्यूकैसल यूनाइटेड को हरा कर खिताब की ओर बढ़ाया एक और मजबूत कदम

**एजेंसी, लंदन**

लिवरपूल ने बुधवार रात न्यूकैसल यूनाइटेड को 2-0 से हराकर प्रीमियर लीग खिताब की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इस जीत के साथ लिवरपूल ने तालिका में 13 अंकों की बढ़त बना ली, क्योंकि आर्सेनल नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला। लिवरपूल के लिए डोमिनिक स्ज़ोबोस्ज़लाई ने 11वें मिनट में एक विक्षेपित शॉट के जरिए गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। न्यूकैसल, जो चोटिल अलेक्जेंडर इसाक के बिना खेल रही थी, आक्रमण में संघर्ष करता दिखा। 63वें मिनट में मोहम्मद सलाह के साथ पास का आदान-प्रदान करने के बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने दूसरा गोल कर लिवरपूल




की जीत सुनिश्चित कर दी। नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 0-0 के ड्रॉ से आर्सेनल को दो और अंक गंवाने पड़े। कोच मिकेल अर्टेटा को इस बात की चिंता होगी कि उनकी टीम लगातार दूसरे मैच में स्कोर करने में विफल रही। आर्सेनल ने 13 शॉट लिए, लेकिन केवल एक ही लक्ष्य पर था। मैनचेस्टर सिटी शीर्ष चार में वापस लौटी फिट-एरलिंग हालैंड के एकमात्र गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने टोटेनहम को 1-0 से हराकर शीर्ष चार में वापसी की। मुकाबला कड़ा था, जिसमें दोनों टीमों ने मौके बनाए और गंवाए। मैनचेस्टर यूनाइटेड की संघर्षपूर्ण जीत मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इप्सविच टाउन को 3-2 से हराया, लेकिन उनका प्रदर्शन अब भी सवालों के घेरे में है। यूनाइटेड के तीनों गोल सेट पीस से आए।

इप्सविच के लिए जेडन फिलोजेन ने शुरुआत में बढ़त बनाई, लेकिन ब्रूनो फर्नांडीस की फ्री किक पर सैम मोर्सी के डिफ्लेक्टेड गोल ने स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मैथिज्स डी लिग्ट ने एक ढीली गेंद पर गोल कर यूनाइटेड को बढ़त दिलाई। पैट्रिक डोर्गू को रेड कार्ड मिलने से यूनाइटेड 10 खिलाड़ियों के साथ रह गया, और हाफटाइम से पहले फिलोजेन ने बराबरी कर दी। लेकिन दूसरे हाफ में हैरी मगुइरे के ट्रेडमार्क हेडर से यूनाइटेड ने 3-2 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबले ब्रेंटफोर्ड और एवर्टन का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, जिसमें योएन विसा और जेक ओ'ब्रायन ने गोल किए।

## वाराणसी : मार्शल आर्ट के तीन युवा खिलाड़ियों को मिला ब्लैक बेल्ट

**एजेंसी, वाराणसी**

सारनाथ दानियालपुर स्थित विश्वकर्मा मार्शल आर्ट में प्रशिक्षण लेने वाले तीन युवा खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट मिला है। तीनों खिलाड़ियों साहिल मौर्या, सिद्धार्थ मौर्या व आशीष कुमार ने निरंतर अभ्यास और गुरुओं से प्रशिक्षण लेने के बाद ब्लैक बेल्ट की परीक्षा में भाग लिया। लगभग 5 घंटे तक चली परीक्षा में तीनों ने परीक्षा उतीर्ण कर ब्लैक बेल्ट खिताब अपने नाम कर लिया। गुरुवार को विश्वकर्मा मार्शल आर्ट परिसर में तीनों खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को संस्था के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गोविंद विश्वकर्मा ने बधाई देकर सम्मानित किया।



तीनों खिलाड़ियों को वर्ल्ड इंटरनेशनल कॉम्बैट मार्शल आर्ट्स के संस्थापक वर्ल्ड ग्रैंड मास्टर जगदीश सिंह खत्री ने खिताब दिया। ब्लैक बेल्ट पाने वाले युवाओं को धीरज यादव ने प्रोत्साहन स्वरूप नॉन चाकू और माउथ गार्ड प्रदान किया। इस दौरान एकेडमी के सभी सीनियर और जूनियर खिलाड़ी, धर्मेंद्र यादव, पत्रकार विवेक विश्वकर्मा आदि भी मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025






# स्ट्रेस दूर करने के खाएं ये सुपर फूड्स

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण लोग बहुत सी चिंताओं से घिरे हुए हैं। वहीं ओवर थिंकिंग यानि जरूरत से ज्यादा सोचना तो एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इसके कारण व्यक्ति तनाव में जल्दी ही आ रहे हैं। इससे बचने के लिए एक्सपर्ट्स द्वारा योग, मेडिटेशन व सकारात्मक सोचने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा डेली डाइट में कुछ बदलाव करके भी आप इस परेशानी से बच सकती है। चलिए आपको इस आर्टिकल में स्ट्रेस दूर करने के कुछ खास सुपर फूड्स के बारे में बताते हैं.

## दही

दही पाचन तंत्र मजबूत करने के साथ इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। इसमें मौजूद गुड़ बैक्टीरिया कोर्टिसोल के स्तर को कम करने और संतुलित करने में मददगार होते हैं। ऐसे में तनाव कम होकर मन शांत होता है।

## ओटमील

पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर ओटमील दिमाग के लिए फायदेमंद होता है। इसके सेवन से दिमाग में सेरोटोनिन रिलीज होने में मदद मिलती है। सेरोटोनिन एक फील-गुड कैमिकल है जो मूड बेहतर करने में मदद करता है। ऐसे में चिंता व तनाव कम होने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह पाचन तंत्र मजबूत करके बेहतर शारीरिक विकास करने में मदद करता है।

## ग्रीन टी

ग्रीन टी में थीनिन नामक एक एमिनो एसिड होता है। यह वजन घटाने के साथ स्ट्रेस कम करने में मदद करती है। इसके सेवन से दिमाग की कोशिकाएं बेहतर तरीके से काम करती है। ऐसे में इसे ब्रेन बूस्टर फूड कहा जाता है।

## डार्क चॉकलेट

डार्क चॉकलेट स्वाद के साथ सेहत बरकरार रखने में भी मदद करती है। इसके सेवन से मूड बेहतर ओ स्ट्रेस कम होने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद पॉलीफेनोल कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा डार्क चॉकलेट में शुगर की मात्रा बहुत कम होने डायबिटीज व वजन कंट्रोल रहता है। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण चेहरे पर ग्लो लाने में भी मदद करते हैं।

## काजू

काजू विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन, पोटैशियम व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होता है। इसके अलावा यह जिंक का एक अच्छा स्त्रोत है जो चिंता और डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में मददगार साबित होता है। इसके इसके सेवन से बेहतर शारीरिक व मानसिक विकास होने में मदद मिलती है।



# दिमाग को जवान रखने में बेहद फायदेमंद है मेडिटेरेनियन डाइट

**आज के समय में हम अक्सर अपने खाने पीने की चीजों को लेकर थोड़ा सोचने लगे हैं। नॉन वेज लवर अक्सर यह दलील देते दिखाई देते हैं कि उनके भोजन में अधिक पोषक तत्व हैं जिसकी वजह से वह लंबे समय तक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। लेकिन हाल ही में अमेरिकन हेल्थ एसोसिएशन ने एक रिसर्च जारी की है जो हार्वर्ड टी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विशेषज्ञों द्वारा की गई है। यह रिसर्च बताती है कि दिन में 2 फलों की सर्विंग और 3 सब्जियों की सर्विंग आपको लंबे समय तक सेहतमंद रखती है। यानी नॉन वेज नहीं बल्कि वेज फूड ज्यादा फायदेमंद होता है। पर क्या सभी सब्जियां और फल फायदेमंद होते हैं।**

इस अध्ययन केलेखक कहते हैं कि बताई गई 5 सर्विंग की मात्रा का सेवन करना आपको कई पुरानी और भयंकर बीमारियों से बचाने का कार्य करता है। लेकिन इसका मतलब कतई यह नहीं है कि आप किसी भी तरह के फल और सब्जी का सेवन कर सकते हैं। सभी फल और सब्जी उतने गुणकारी नहीं होते। आइए, जानते हैं कि कैसे हुई यह रिसर्च और कौन से फल और सब्जी आपके लिए फायदेमंद हैं। मेडिटेरेनियन डाइट दिमाग को जवान रखने में बेहद फायदेमंद है। एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने मेडिटेरेनियन डाइट के उन सकारात्मक असर का खुलासा किया है, जो दिमाग पर पड़ते हैं। साथ ही उनका यह भी कहना है कि उसके साथ वेस्टर्न फूड को शामिल करने से बचना चाहिए क्योंकि उसके बाद यह नकारात्मक असर डाल सकता है।

## क्या है मेडिटेरेनियन डाइट?

प्लांट बेस्ड डाइट को मेडिटेरेनियन डाइट कहा जाता है। इसमें हर तरह की सब्जियां, फल और अनाज शामिल होते है। नट्स और सीड्स से इस डाइट को बेहतर बनाया जाता है। इसको फॉलो करने वाले लोग अपना खाना सिर्फ ऑलिव ऑयल में ही पकाते हैं।

## मेडिटेरेनियन डाइट का फायदा

शिकागो के रश यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के वैज्ञानिकों ने मेडिटेरेनियन डाइट का हैरतअंगेज फायदा बताया है। वैज्ञानिक बताते हैं कि मेडिटेरेनियन डाइट लेने वाले लोगों का दिमाग अन्य के मुकाबले अधिक जवान रहता है । लेकिन यह असर तभी हो सकता है, जब सिर्फ इसी डाइट का इस्तेमाल किया जाए। इस डाइट में नाश्ते में एवोकाडो, अंडे, ताजे फल, फ्लैक्स सीड्स आदि लेने चाहिए।

## पश्चिमी डाइट मिलाने से हो सकता उल्टा नतीजा

इस रिसर्च में 1993-2023 तक 65 साल से ज्यादा उम्र के 5 हजार लोगों पर शोध किया गया था म्इस दौरान खास फूड्स और दिमागी सेहत पर उसके प्रभाव का उन्होंने आंकलन किया। इस संकलित डाटा के नतीजे से पता चला कि जो लोग मेडिटेरेनियन डाइट के पाबंद रहे, उनके दिमाग अन्य के मुकाबले 6 साल तक ज्यादा जवान रहे। वहीं जिन लोगों ने पश्चिमी डाइट में पिज्जा, बर्गर जैसे ज्यादा फूड्स खाए, उनके दिमाग पर नेगेटिव प्रभाव पड़ा।

## ये कॉम्बो हो सकता है नुकसानदेह

आहार विशेषज्ञ और शोधकर्ता डॉक्टर पूजा अग्रवाल ने कहा, 'मेडिटेरेनियन डाइट का बड़ा हिस्सा सब्जियों, फलों, मछली और अनाज पर आधारित होता है। यह इंसान की सेहत के साथ ही दिमाग को भी सकारात्मक तरीके से प्रभावित करता है। लेकिन जब उसके साथ तला खाना, मिठाई, रिफाइन्ड अनाज, लाल मांस और प्रोसेस्ड मांस शामिल किया गया तो हमने देखा कि डाइट का मेडिटेरेनियन हिस्सा खाने के फायदे कम हो गए। उन्होंने इस रिसर्च के नतीजे के बाद सलाह दी कि मेडिटेरेनियन डाइट का फायदा उठाने के लिए प्रोसेस्ड फूड्स और अन्य गैर सेहतमंद फूड्स, जैसे तले हुए भोजन और मिठाई के सेवन को सीमित करना होगा।

## फल और सब्जी जो है फायदेमंद

- हरी पत्तेदार सब्जियां, पालक, और सलाद पत्ता
- ऐसी सब्जियां जिनमें बीटा कैरोटीन मौजूद है।
- सिटरस फल और बैरीज।

## नट्स होते हैं कंप्लीट पैकेज

हालांकि, ऐसे बहुत से आलोचक हैं जो इस रिसर्च की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हैं। लेकिन हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में पोषण विभाग के अध्यक्षों में से एक वाल्ट विलेट नट्स को अधिक फायदेमंद इनके अंदर पाए जाने वाले पोषक तत्वों की वजह से मानते हैं।

ज्ञात हो कि नट्स में एंटीऑक्सीडेंट, अनसैचुरेटेड फैट, फाइबर, प्रोटीन, मिनरल्स, और फाइटोस्टेरॉल जैसे पोषक तत्व शामिल हैं। नट्स के इन्हीं पोषक तत्वों के आधार पर इन्हें एक कंप्लीट पैकेज भी कहा जाता है। यही कारण है कि यह एक स्वस्थ जीवन जीने का आधार माने जाते हैं।

इसके अलावा एक रिसर्च में पीनट्स और पेड़ पर लगने वाले नट्स को भी उतना ही गुणकारी माना गया है। जितना की अखरोट आदि को। ऐसे में आप अगर चाहें तो ट्री नट्स का सेवन भी कर सकते हैं। इसमें आप हेजल नट्स, मैकाडामिया नट्स, पाइन नट्स, पिस्ता आदि को शामिल कर सकते हैं।

## नट्स के साथ यह भी जरूरी

हालांकि, प्रोफेसर विलेट नट्स के अधिक सेवन करने को लेकर भी लोगों को चेता रहे हैं। ऐसा ना हो कि आप इसके गुण जानकर अधिक मात्रा में इनका सेवन करना शुरू कर दें। इसलिए विलेट कहते हैं कि इसके साथ साथ आप दूसरे हेल्दी फूड पर विचार कर सकते हैं, जैसे योगर्ट, चिकन, पनीर , फलिया आदि। ध्यान रहे कि आपको एक हेल्दी प्रोटीन डाइट पर फोकस करना है।





# ब्रेन या नर्व डिसॉर्डर का संकेत है लगातार आंख फड़कना

अक्सर आंख फड़कती है तो लोग इसे शुभ या अशुभ संकेत के साथ जोड़ देते हैं जबकि यह किसी बीमारी का संकेत भी हो सकता है। जी हां, अगर लगातार आंख फड़क रही है तो वह किसी बीमारी की ओर इशारा हो सकती है। ऐसे में उसे हल्के में लेना आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। चलिए आपको बताते हैं कि आंखों का फड़कना किन बीमारियों का संकेत है.

दरअसल, पलकों की मांसपेशियों में ऐंठन आने की वजह से इंसान की आंख फड़कने लगती है, जो नीचे - ऊपर दोनों पलकों में हो सकता है। मेडिकल में ऐसा 3 अलग-अलग कंडीशन में होता है- मायोकेमिया, ब्लेफेरोस्पाज्म और हेमीफेशियल स्पाज्म।

- मायोकेमिया के कारण आंख फड़कना लाइफस्टाइल से जुड़ा हुआ है, जिसमें नीचे वाली पलक पर असर पड़ता है। हालांकि इसे सही लाइफस्टाइल से इसे कंट्रोल किया जा सकता है।
- ब्लेफेरोस्पाज्म एक ऐसी गंभीर स्थिति है, जिसमें इंसान की आंख पर कुछ सेकंड, मिनट या घंटों तक फड़कती रहती है। इसमें ऐंठन इतनी ज्यादा होती है कि आंख खुलती तक नहीं। इसमें लोग चाहकर भी आंख को कंट्रोल नहीं कर पाते।
- हेमीफेशियल स्पाज्म बेहद गंभीर मेडिकल कंडीशन हैं, जो अनुवांशिक कारणों से हो सकती है। इसमें आपको डॉक्टर की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है।

डॉक्टर्स के मुताबिक, डिस्टोनिया, बैन पल्सी, मल्टीपल सेलोरोसिस, सर्विकल डिस्टोनिया और पार्किन्सन जैसे ब्रेन या नर्व्स डिसऑर्डर के कारण भी लगातार आंख फड़क सकती है। हालांकि लाइफस्टाइलमें सुधार करके आप इससे छुटकारा पा सकते हैं। इसके अलावा इन कारणों से भी आंख फड़कने की समस्या हो सकती है.

## अधिक तनाव लेना

दिनभर काम खत्म होने के बाद भी टेंशन में डूबे रहते हैं तो आपको भी आंख फड़कने की समस्या हो सकती है। स्ट्रेस से दूर रहने के लिए योग करें और हैल्दी डाइट लें।

## आंखों पर स्ट्रेस पड़ना

पूरा दिन कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल या टीवी की स्क्रीन से चिपके रहने की वजह से आंखों पर दवाब पड़ता है, जिसके कारण आपको यह समस्या हो सकती है। आंखों को आराम देना बहुत जरूरी है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पलकें झपकाएं, आंखों पर बार-बार पानी के छिंटे मारे व आईज एक्सरसाइज करें।

## नींद की कमी


शरीर को पर्याप्त आराम नहीं मिल पा रहा तो इसके कारण भी आंख फड़कने की परेशानी हो सकती है। एक्सपर्ट के मुताबिक, हर व्यक्ति को रोज कम से कम 7-9 घंटे की नींद चाहिए होती है।

## कैफीन का अधिक सेवन

चाय-कॉफी में कैफीन की मात्रा बहुत अधिक होती है, जिससे शरीर को थकावट महसूस होती है। साथ ही इससे नींद में भी खलल पड़ता है। ऐसे में इसकी मात्रा कम करना ही आपके लिए बेहतर होगा।

## अल्कोहल

अल्कोहल से ना सिर्फ आंख फड़कने की दिक्कत बढ़ेगी बल्कि धुंधलेपन भी हो सकता है। साथ ही इससे शरीर के दूसरे अंगों पर भी असर पड़ता है।






# वजन कंट्रोल करने के लिए बेहद असरदार है गुड़-नींबू का आयुर्वेदिक नुस्खा

मोटापा सिर्फ पर्सनैलिटी ही नहीं बिगाड़ता बल्कि यह कई बीमारियों की जड़ भी है। शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी कम करने के लिए लोग घंटों जिम में पसीना बहाते हैं लेकिन किसी से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। ऐसे में आज हम आपको एक आयुर्वेदिक ड्रिंक बताएंगे जिससे ना सिर्फ वजन कम होगा बल्कि आप कई बीमारियों से भी बचे रहेंगे। वजन कंट्रोल करने में लिए गुड़-नींबू का आयुर्वेदिक नुस्खा बेहद असरदार है और आज हम आपको इससे ड्रिंक बनाने की रेसिपी बताएंगे।

## ऐसे बनाएं नींबू और गुड़ की ड्रिंक्स

- सबसे पहले नींबू को काटकर उसके बीज अलग कर लें।
- इसके बाद 1 गिलास पानी में 1 चम्मच नींबू का रस व थोड़ा-सा गुड़ डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसे तक तक मिलाते रहे, जब तक गुड़ घुल ना जाएं।
- अब इस ड्रिंक को छानकर पीएं। आप चाहे तो इसमें पुदीने के पत्तें भी डाल सकते हैं।

## कब करें इस हेल्दी ड्रिंक का सेवन

सुबह खाली पेट इस ड्रिंक का सेवन चर्बी जलाने में मदद करेगा। पुदीना डालने से स्वाद व सेहत भी बरकरार रहेगी। साथ ध्यान रखें कि गुड़ की मात्रा सीमित रखें क्योंकि इसका अधिक इस्तेमाल ड्रिंक का स्वाद बिगाड़ देगा।

## कैसे काम करती है ये ड्रिंक?

- मिनरल्स, पोटेशियम, फाइबर, कार्ब्स और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर गुड़ मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है। साथ ही इससे पाचन तंत्र भी बढ़िया तरीका से काम करता है, जिससे शरीर में जमा हुआ फैट बाहर निकल आता है।
- वहीं, नींबू के एंटीऑक्सीडेंट, जिंक और सेलेनियम जैसे तत्व बॉडी को डिटॉक्स करते हैं और इम्यूनिटी व एनर्जी बढ़ाते हैं, जिससे वजन घटाने में काफी मदद मिलती है। इसके अलावा नींबू शरीर को हाइड्रेटेड रखता है और कोशिकाओं को डैमेज होने से बचाता है।

दरअसल, नींबू और गुड़ की ड्रिंक पीने से शरीर में विटामिन सी की कमी नहीं होती। साथ इससे शरीर को जिंक और एंटी-ऑक्सीडेंट्स मिलते हैं, जो मेटाबॉलिज्म के सा पाचन तंत्र को दुरूस्त करता है। ऐसे में रोजाना इसका सेवन वेट लूज में मदद करता है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025





## हेराफेरी 3 से भी कटा कार्तिक का पत्ता, प्रियदर्शन पहली बार करेंगे किसी सीक्वल का निर्देशन

हिंदी सिनेमा की कॉमेडी फिल्मों में 'हेराफेरी' का अलग ही फैन बेस है। इसमें परेश रावल के निभाए किरदार बाबूराव गणपतराव आप्टे पर जितने मीम्स बने हैं, उतने शायद ही हिंदी सिनेमा के किसी दूसरे किरदार पर बने हों। अगले महीने इस फिल्म की रिलीज के 25 साल पूरे होने जा रहे हैं और इस दिन फिल्म 'हेराफेरी 3' को लेकर भी एक बड़ा एलान होने जा रहा है। इस फेंचाइजी की साल 2006 में रिलीज सीक्वल 'फिर हेराफेरी' को नीरज वोरा ने निर्देशित किया था। अब प्रियदर्शन इसकी तीसरी कड़ी निर्देशित करने जा रहे हैं और ये पहली बार होगा जब प्रियदर्शन अपनी ही किसी फिल्म की कोई सीक्वल निर्देशित करेंगे। फिल्म में एक अहम किरदार कार्तिक आर्यन का भी था, और फिल्म में बाबूराव का किरदार करने वाले परेश रावल ने बाकायदा इसकी सोशल मीडिया पर पुष्टि भी की थी, लेकिन अब कार्तिक आर्यन इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। परेश के मुताबिक, फिल्म 'हेराफेरी 3' जब निर्देशक फरहाद सामजी के साथ बन रही थी तो उसमें कार्तिक आर्यन को एक नए किरदार के रूप मे लाया जाना था। किस्सा कुछ यूं बना था कि कुछ लोग उसे राजू समझकर पकड़ लाते हैं। फिर फरहाद सामजी की फिल्म से छुट्टी हुई और प्रियदर्शन आ गए तो फिल्म की कहानी भी बदल गई। फिल्म 'हेराफेरी 3' पहले नीरज वोरा ही निर्देशित कर रहे थे तब फिल्म में अक्षय, परेश रावल और सुनील शेट्टी तीनों थे। लेकिन, जब अक्षय और परेश ने ये फिल्म करने से मना किया तो नीरज वोरा फिल्म में जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और नाना पाटेकर को ले आए थे, लेकिन नीरज के आकस्मिक निधन के बाद से फिल्म लटकी रही।

निर्देशक इंद्र कुमार व अनीस बज्मी के नाम भी फिल्म से जुड़े पर इस साल जाकर ये तय हुआ है कि फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ही करेंगे और फिल्म अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ ही बनेगी। फिल्म 'हेराफेरी' 25 साल पहले रिलीज हुई थी और इसकी सिल्वर जुबली अगले महीने होली के ठीक बाद मनाने की तैयारी है, उसी दिन फिल्म 'हेराफेरी 3' को लेकर एक बड़ा एलान भी होने वाला है।





# सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल जीत चुकी हैं उर्वशी रौतेला, मॉडलिंग ने खोला अभिनय का रास्ता

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपने अभिनय से ज्यादा अपने ग्लैमर और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। उर्वशी अपना 31वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री अपने बेहतरीन स्टाइल से समय-समय पर फैशन गोल्स भी देती रहती हैं। उनकी हर एक तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई रहती है। हाल ही में अभिनेत्री डाकू महाराज में नजर आई थीं, जिसमें अपने डांस नंबर से अभिनेत्री ने लोगों को दीवाना बना दिया। उर्वशी रौतेला अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में तो बनी ही रहती हैं, लेकिन इसके साथ ही वह अपने फैशन सेंस और पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा बटोरती हैं। अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनसे जुड़ी खास बातें।

### बॉलीवुड से साउथ तक छाई उर्वशी

25 फरवरी, 1994 को उत्तराखंड में जन्मीं उर्वशी रौतेला अपने परिवार से पहली शख्सियत हैं, जिन्होंने अभिनय की दुनिया और मॉडलिंग के ग्लैमर वर्ल्ड में किस्मत आजमाई। अपनी खूबसूरती और काबिलियत के बल पर देश से लेकर  विदेशों तक में अपनी पहचान बनाने वाली उर्वशी रौतेला का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उर्वशी के पिता मानव सिंह बिजनेसमैन हैं। उनकी मां मीरा संस्कृति से कुमाऊंनी और एक सफल उद्यमी हैं। वह एक लग्जरी ब्यूटी सैलून की मालिक हैं।

### नेशनल लेवल की बास्केटबॉल प्लेयर रह चुकी हैं उर्वशी

उर्वशी रौतेला अपनी खूबसूरती और कमाल की फिटनेस के लिए तो जानी जाती हैं, लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि असल जिंदगी में वह राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। अभिनेत्री ने बास्केटबॉल के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपने राज्य उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है।

### पांच डांस फॉर्म में माहिर हैं उर्वशी रौतेला

उर्वशी रौतेला अभिनय के साथ ही बेहतरीन डांसर भी हैं। उनके कातिलाना डांस मूव्स के पीछे की वजह यह है कि वह एक ट्रेंड डांसर हैं। उर्वशी पांच तरह के डांस फॉर्म्स भरतनाट्यम, कथक, जैज, हिप-हॉप और बेली डांस में माहिर हैं। इसके बाद उर्वशी ने अभिनय में भी अपनी किस्मत आजमाई और उन्होंने अपनी काबिलियत के दम पर बॉलीवुड में अच्छा-खासा मुकाम हासिल किया है। साथ ही अब वह साउथ इंडस्ट्री में भी पैर जमा रही हैं।

### सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल अपने नाम कर चुकी हैं उर्वशी

उर्वशी रौतेला की खूबसूरती के तो सभी कायल हैं। बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने से पहले उर्वशी दो बड़े खिताब को अपने नाम कर चुकी हैं। वह पहली महिला हैं, जिन्होंने 2012 और 2015 में दो मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज जीता। इसके अलावा साल 2018 में भी उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सरकार और पर्यटन द्वारा ब्रह्मांड में सबसे कम उम्र की सबसे खूबसूरत महिला के रूप में सम्मानित किया गया था। उर्वशी रौतेला सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल अपने नाम करने वाली महिला में शुमार हैं।

## पुष्पा 2 के बाद एक नई फिल्म शुरू कर रहे अल्लू



साउथ सुपरस्टार अल्लू कलाकारों की कास्टिंग शुरू कर अर्जुन पुष्पा दे दी है। उन्होंने फिल्म में अहम रूल की सफलता के बाद अब अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। हैदराबाद में फिल्म का प्री-प्रोडक्शन जोरों पर है और फिल्म को लेकर एक नया और दिलचस्प अपडेट सामने आया है। निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने फिल्म के लिए भूमिकाओं के लिए कई एक्टर्स से संपर्क किया है। हालांकि, अभी तक इन कलाकारों के नाम या उनके किरदारों का खुलासा नहीं किया गया है। इसकी आधिकारिक पुष्टि निर्देशक की ओर से आनी बाकी है। पुष्पा 2 की तरह, यह भी एक पैन इंडिया फिल्म होगी। निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने फिल्म के लिए कलाकारों की कास्टिंग शुरू कर दी है।

## कभी जान्हवी ने उड़ाया था हिमेश रेशमिया का मजाक, सिंगर ने अब किया रिएक्ट



हिमेश रेशमिया की किस्मत के सितारे इन दिनों बुलंदी पर हैं। फिल्म बैडएस रवि कुमार की सफलता को एंजॉय कर रहे हिमेश ने ऐसा भी वक्त देखा है, जब उन्हें खूब ट्रोल किया गया। उनकी आलोचनाएं हुईं और मजाक उड़ाया गया। खुद के बारे में कही गई बातों पर हाल ही में हिमेश ने प्रतिक्रिया दी और बताया कि वे इनसे कैसे निपटते हैं? कुछ वक्त पहले अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सारा अली खान के साथ कॉफी विद करण में शिरकत की थी। इस दौरान जान्हवी ने कहा था कि उन्हें हिमेश के फीड पर जाना और बैकग्राउंड में तंदूरी नाइट्स के साथ उन्हें वर्कआउट करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने उनकी नकल भी की थी। जान्हवी ने हंसते हुए कहा था, यह दुनिया की सबसे अच्छी चीज है। मुझे यह पसंद है।

### बहुत पहले छोड़ देता काम करना

हिमेश रेशमिया ने कहा, अगर मुझ पर लोगों की बातों का असर पड़ा होता तो मैं बहुत पहले ही यहां काम करना बंद कर देता। अगर मुझे खुद पर जरा भी शक होता, तो मैं यहां नहीं होता। आपको वही करना चाहिए जो आप कर सकते हैं। भगवान से प्रार्थना करें और अपने रास्ते में आने वाले प्यार को स्वीकार करें। उन्होंने आगे कहा, अक्षय कुमार हमेशा कहते हैं कि हमारे पास ये सभी फॉर्मूले हैं, किसी और की बात सुनो और फिर उसमें सुधार करो।  अगर उनके पास एक निश्चित नजरिया है, तो उस पर काम करों और साबित करो।

### नजरिए का फर्क है

हिमेश ने आगे कहा, आज मैंने बैडएस रवि कुमार के साथ अपनी मेहनत का फल देखा है। मुझे जो 6 दिखता है, आपको 9 दिखता है, यह नजरिए का फर्क है। किसी की आलोचना का बुरा नहीं मानना चाहिए। जब आशिक बनाया आया, तो बहुत ट्रोलिंग हुई, लेकिन वही लोग क्लबों में नाच रहे थे।




## सिनेमाघरों में मलयालम थ्रिलर 'फुटेज' की हिंदी रीमेक रिलीज होगी



फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप मलयालम थ्रिलर फुटेज का हिंदी वर्जन पेश करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में मंजू वारियर मुख्य भूमिका में हैं। कश्यप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर प्रशंसकों को जानकारी दी। अनुराग कश्यप ने कहा, मैंने 'फुटेज' का मलयालम संस्करण देखा और यह मेरे दिमाग में बस गया। यह फिल्म पिछले साल केरल में रिलीज हुई थी और इसे काफी सराहना मिली थी। अब इसे पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सैजू श्रीधरन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। श्रीधरन को महेशिंते प्रतिकारम और कुंबलंगी नाइट्स जैसी सफल फिल्मों के लिए जाना जाता है।

अनुराग कश्यप ने कहा, मलयालम सिनेमा के युवा फिल्म निर्माताओं को नए अंदाज और तकनीक से कहानियां कहते हुए देखना रोमांचक है। वे रूढ़ियों को तोड़ रहे हैं और नई चीजों को करने की कोशिश कर रहे हैं। इस फिल्म में मंजू वारियर के अलावा विशाक नायर और गायत्री अशोक भी नजर आएंगी। कहानी एक यूट्यूब व्लॉगिंग कपल की है, जो कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपने एक हेल्पर की खोज के लिए निकलते हैं। उनकी खोज उन्हें एक अलग द्वीप और एक रोमांचक सफर पर ले जाती है। मंजू वारियर ने कहा, फाउंड-फुटेज फॉर्मेट ने इस फिल्म को खास बना दिया। पूरी कहानी पात्रों को वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए बताई गई, जिससे यह बेहद रोमांचक अनुभव बन गया। फिल्म के हिंदी संस्करण को फिलप फिल्म्स, सिनेपॉलिस के साथ साझेदारी में रिलीज करेगी। अनुराग कश्यप हाल ही में टाइगर्स पॉन्ड फिल्म से भी जुड़े, जो इस साल बर्लिनले फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली पहली कन्नड़ फिल्म बनी। निर्देशक सैजू श्रीधरन ने कहा, हम बहुत खुश हैं कि अनुराग कश्यप और सिनेपॉलिस हमारी फिल्म को हिंदी दर्शकों तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। गायत्री अशोक ने कहा कि अनुराग कश्यप के समर्थन से यह फिल्म तकनीकी और सौंदर्य की दृष्टि से शानदार साबित होगी, जबकि विशाक नायर ने इसे पूरी टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# गो गोवा गॉन के सीक्वल का निर्देशन करेंगे कुणाल खेमू

**बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कई चीजों पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने फिल्म के निर्देशन को लेकर भी अपनी इच्छा जाहिर की। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह फिल्म गो गोआ गॉन का सीक्वल जरूर निर्देशित करना चाहेंगे।**

इस फिल्म में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे। कुणाल खेमू ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। हम हैं राही प्यार के और राजा हिंदुस्तानी जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम करने के बाद वह बतौर लीड एक्टर कलयुग में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने गो गोआ गॉन, ढोल, गोलमाल 3 और गोलमाल अगेन जैसी कॉमेडी फिल्मों से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई।

### गो गोवा गॉन के सीक्वल का करना चाहते हैं निर्देशन

पिछले साल कुणाल ने डायरेक्टर के रूप में अपनी शुरुआत मडगांव एक्सप्रेस नाम की फिल्म से की थी। इस फिल्म में प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु मुख्य भूमिका में थे। बातचीत के दौरान कुणाल ने कहा, मैंने गो गोआ गॉन में सैफ अली खान के साथ काम किया था और मुझे वह अनुभव बहुत पसंद आया था। अगर मुझे मौका मिला तो मैं इसका सीक्वल जरूर बनाऊंगा। साथ ही, मैं अपनी सास शर्मिला टैगोर के साथ भी फिल्म में काम करना चाहूंगा।

### फिल्म के दूसरे भाग को लेकर कही ये बात

गो गोआ गॉन के सीक्वल के बारे में बात करते हुए कुणाल ने कहा, सीक्वल बनाना बहुत डरावना होता है, क्योंकि पहले लोग बिना किसी उम्मीद के आते हैं, लेकिन जब उन्हें फिल्म पसंद आती है तो वे सीक्वल के लिए उम्मीदें लेकर आते हैं। इसलिए हम पहले से ही यह सोचते हैं कि दर्शक क्या सोचेंगे। हालांकि, यह भी बहुत रोमांचक भी होता है, क्योंकि अब हमें दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना होता है। गो गोआ गॉन 2 की घोषणा साल 2018 में की गई थी, लेकिन कुछ वजहों से यह फिल्म अब तक नहीं बन सकी है।

## नेहा मलिक ने फैंस को दिया सरप्राइज लॉन्च कर रही हैं पर्सनल एप

अभिनेत्री और मॉडल नेहा मलिक अपना पर्सनल एप लॉन्च करने जा रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। नेहा ने लिखा है, मेरे उन सभी फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज, जो मुझसे सीधे कनेक्ट होना चाहते हैं। नेहा ने लिखा है, मैं अपना पर्सनल एप लॉन्च कर रही हूं। इसके अलावा नेहा ने ईशा गुप्ता के साथ भी तस्वीरें शेयर की हैं और बताया है कि नए वीडियो में दोनों साथ नजर आएंगी। फैंस दोनों को साथ देखने के लिए उत्साहित हैं, फिलहाल ईशा, हनी सिंह के गाने मैनियक में नजर आ रही हैं।

